CMYK

अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 25°C
तापमान

सेंसेक्स निफ्टी
78,553.20
23,851.65

सोना चांदी
97,746
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 248 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान को पीओके खाली करना पड़ेगा: भारत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### सौरव कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# राष्ट्रपति को कोई निर्देश नहीं दे सकता

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर किया सवाल



**न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है, परामर्श सहमति नहीं है केवल परामर्श है**

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर सवाल करते हुए गुरुवार को कहा कि कोई शक्ति किसी भी आधार पर राज्यसभा के छठे बैच के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं बनाई जा सकती कि कोई राष्ट्रपति को निर्देश दे सके। न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है। परामर्श सहमति नहीं है, परामर्श केवल परामर्श है। उप राष्ट्रपति का यह वक्तव्य उच्चतम न्यायालय के हाल के उस निर्णय के संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जिसमें उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि राष्ट्रपति को विचार के लिए भेजे विधेयकों पर अधिकतम तीन महीने के भीतर फैसला करना होगा। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है। राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं। यह शपथ केवल राष्ट्रपति और उनके द्वारा नियुक्त राज्यपाल लेते हैं। हर कोई, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, मंत्री, सांसद, न्यायाधीश, ये सभी संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करने के लिए और संविधान का संरक्षण करने के लिए, वह भारत के राष्ट्रपति, सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर की शपथ है। उन्होंने कहा कि हाल के न्यायालय के एक निर्णय द्वारा राष्ट्रपति को एक निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश एक संकट की ओर बढ़ रहा है। इसके लिए सभी को अत्यंत संवेदनशील होना होगा। यह किसी के समीक्षा दायर करने या न करने का सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने इस दिन के लिए शपथ नहीं ली। राष्ट्रपति को एक समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा जा रहा है।

## महाराष्ट्र थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने वाला पहला राज्य बना

**मुंबई।** महाराष्ट्र थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। अब यहां एक से 5वीं क्लास तक के बच्चों के लिए हिंदी पढ़ना जरूरी कर दिया गया है। ये फैसला राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लागू होगा। एनईपी 2020 के नए करिकुलम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में इन क्लासेज के लिए तीन भाषा की पॉलिसी लागू की गई है। राज्य के स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने ये घोषणा की। एजुकेशन डिपार्टमेंट ने कहा कि स्कूल एजुकेशन को लेकर एनईपी 2020 के सुझावों को कई चरणों में लागू करने की योजना है। इसी के साथ जो स्कूल मराठी और अंग्रेजी से अलग कोई मीडियम फालो कर रहे हैं वो पहले से ही थ्री लैंग्वेज पॉलिसी फॉलो कर रहे हैं।

# रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की लगातार तीसरे दिन तीन घंटे पूछताछ

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा धन शोधन निवारक अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ का सामना करने के लिए गुरुवार को यहां लगातार तीसरे दिन ईडी के अधिकारियों के समक्ष हाजिर हुए।

उन्होंने तीन घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद ईडी के कार्यालय से निकलने पर मीडिया से बातचीत में कहा कि ईडी उनसे पुराने सवाल ही पूछे जा रही है और उन्हें बार-बार वही जवाब देना पड़ रहा है। श्री वाड्रा के विरुद्ध यह मामला 2008 में हरियाणा में एक भूमि सौदे से जुड़े कथित घोटाले से जुड़ा है। ईडी इस मामले में कथित तौर पर अपराध की काली कमाई को वैध करने के पहलू की जांच कर रही है। ईडी के अधिकारियों ने पिछले दो दिनों में वाड्रा से कुल मिला कर 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। ईडी के सूत्रों ने बताया कि वाड्रा से उपरोक्त मामलों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान लिए जा रहे हैं।

## अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे और इस दौरान वह ब्राउन यूनिवर्सिटी में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि श्री गांधी 21 और 22 अप्रैल को रोड आइलैंड के ब्राउन यूनिवर्सिटी जाएंगे, जहां वह शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। रोड आइलैंड का दौरा करने से पहले वह एनआरआई समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी मिलेंगे।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा जल्द होगी शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने को लेकर जारी तकनीकी बातचीत पूरी हो गई है और जल्द ही सरकार यात्रा की शर्तों और अन्य विवरण सार्वजनिक करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत सरकार कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर जल्दी ही एक नोटिस जारी करेगी। दोनों देशों के बीच यात्रा के तौर तरीकों और शर्तों आदि को लेकर जारी तकनीकी बातचीत में सहमति बन गई है। यह पूछे जाने पर कि लद्दाख में डेमचोक के रास्ते से कैलाश मानसरोवर यात्रा संचालित करने पर बातचीत हो रही है, प्रवक्ता ने इससे इन्कार किया और कहा कि जल्दी ही नोटिस आने वाला है और मार्ग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## नक्सलियों के उन्मूलन में CISF की बड़ी भूमिका रहेगी: शाह

**नीमच।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि देश में 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के पूरी तरह खात्मे का संकल्प केंद्र सरकार ने लिया है और इसमें सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। श्री शाह ने मध्य प्रदेश के नीमच जिला मुख्यालय पर 86वें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल दिवस परेड 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। श्री शाह ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों की गौरव गाथा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि इस बल की कोबरा बटालियन के जवानों की बदौलत देश में नक्सली सिमटकर अब सिर्फ चार जिलों में रह गए हैं। उन्होंने कहा कि ये नक्सली कभी पशुपति से तिरुपति तक का हौंसला रखते थे, जो चार जिलों में सिमटकर रह गए हैं।

# वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, स्थिति यथावत रहेगी

## कहा: मौजूदा कानून में पांच मई तक कोई बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए कहा कि मौजूदा वक्फ में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होने चाहिए। न्यायालय मामले की अगली सुनवाई पांच मई को करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि स्थिति बदले। पांच साल (इस्लाम का अभ्यास) जैसे प्रावधान हैं, जिन पर हम रोक नहीं लगा रहे हैं। पीठ के समक्ष श्री मेहता ने निवेदन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सात दिन के भीतर जवाब दाखिल करेगी और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगली तारीख तक उपयोगकर्ताओं द्वारा वक्फ का स्वरूप नहीं बदलेगा, हालांकि उन्होंने तर्क दिया कि अदालत को वक्फ संशोधन अधिनियम, 1995 पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाकर कठोर रुख नहीं अपनाना चाहिए। अदालत ने श्री मेहता का बयान दर्ज किया और जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ताओं को पांच दिन के भीतर जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच मई, 2025 की तारीख मुकर्रर की। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि केवल पांच रिट याचिकाओं पर विचार किया जाएगा और शेष को निपटाया हुआ माना जाएगा, क्योंकि 100 या 120 याचिकाओं पर विचार करना असंभव है। अदालत ने आदेश दिया कि 1995 के वक्फ अधिनियम और 2013 में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को सूची में अलग से दिखाया जाएगा। अदालत ने केंद्र के लिए कनु अग्रवाल को नोडल वकील नियुक्त किया। शुरुआत में श्री मेहता ने कहा कि वह बुधवार को अदालत द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत को केवल कुछ धाराएं पढ़कर कानून पर रोक नहीं लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई संशोधन हुए, समितियां बनीं और लाखों लोगों ने प्रतिनिधित्व किया। गांव छीने जा रहे हैं और निजी संपत्तियां वक्फ के तौर पर छीनी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर अदालत पक्षों की बात सुन ले, तो कुछ नहीं बदलेगा। याचिका दाखिल करने वालों में ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह खान और समाजवादी पार्टी सांसद ज़िया उर रहमान शामिल हैं। इनके अलावा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, वाईएसआरसी पार्टी, समस्त केरल जमीयत उलेमा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसोसिएशन फ़ॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स समेत कई संगठनों और लोगों की ओर से भी याचिकाएं दायर की गई हैं।



**केवल पांच रिट याचिकाओं पर विचार होगा**

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक तरह का स्टे



**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत है, हमें उम्मीद है की अदालत के फैसले का रुख सही होगा। श्री मदनी ने कहा कि आज नहीं तो एक हफ्ते बाद ही सही। सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक तरह का स्टे है और आगे की सुनवाई में भी यही रुख बने रहने की उम्मीद है।

### सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं: इमरान

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि अंतरिम राहत के लिए मैं सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं। कोर्ट ने लगभग वे सभी मुद्दे उठाए, जो हमने संसद में उठाए थे। आज के फैसले से पता चलता है कि यह कानून संविधान के खिलाफ बनाया गया है। यह संविधान की जीत है, किसी पक्ष की नहीं। आने वाले दिनों में कोर्ट और राहत देगा।



### वक्फ बोर्ड वैसे ही बना रहेगा: खान

**नई दिल्ली।** 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट, जजों और अधिवक्ताओं का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने धर्म से ऊपर उठकर देश की रक्षा करने में हमारी मदद की। हम फैसले से संतुष्ट हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा कि वक्फ-बाय-यूजर के तहत संपत्तियां वक्फ के पास ही रहेंगी और वक्फ बोर्ड के सदस्यों से भी हस्तक्षेप नहीं होगा। केंद्र सरकार सात दिन में जवाब देगी, डीएम कोर्ट से ऊपर कैसे हो सकता है।



# प. बंगाल के शिक्षकों को सुप्रीम राहत

**बेदाग शिक्षक ही नई भर्ती तक पढ़ा सकेंगे**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के उन शिक्षकों को गुरुवार को सशर्त एक बड़ी राहत दी, जिनकी नियुक्ति वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के आधार पर रद्द कर दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह राहत दी। पीठ ने यह राहत राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को कक्षा नौ से 12 तक के लिए सहायक शिक्षक के पदों की नई भर्ती के लिए 31 मई, 2025 तक नए विज्ञापन प्रकाशित करने और 31 दिसम्बर, 2025 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की शर्त पर दी है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षक राज्य में संबंधित पदों पर नई भर्ती पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। अदालत ने हालांकि, यह भी स्पष्ट किया कि यह राहत सिर्फ उन्हीं शिक्षकों को मिलेगी, जिनकी नियुक्ति में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई थी। शीर्ष अदालत ने गत तीन अप्रैल को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के उन पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को 'दूषित' और 'सुधार से परे दागदार' घोषित करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के फैसले पर मुहर लगाई थी। अदालत ने सात मई, 2024 को 22 अप्रैल, 2024 के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,000 से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश का ममता बनर्जी ने किया स्वागत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय के स्कूली छात्रों के हितों के मद्देनजर उस फैसले पर राहत जताई, जिसमें कहा गया है कि जो सहायक शिक्षक 'दागी' नहीं हैं, लेकिन न्यायालय के पिछले आदेश के बाद अपनी नौकरी गंवा बैठे हैं, वे पढ़ाना जारी रख सकते हैं। सुश्री बनर्जी ने गुरुवार को यहां राज्य सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमें राहत मिली है कि शीर्ष न्यायालय ने हमें 31 दिसम्बर तक का समय दिया है। हम शिक्षकों के वेतन को लेकर बहुत चिंतित थे, लेकिन इस मौजूदा स्थिति में उन्हें वेतन मिलता रहेगा। हमने वैकल्पिक तरीके के बारे में भी बात की थी। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि हम सुनिश्चित करेंगे कि जिन लोगों की नौकरी चली गई है, उन्हें कोई परेशानी न हो। हमें कुछ समय मिल गया है। यह मामला 2026 तक नहीं खिंचेगा। मुझे उम्मीद है कि इस साल के भीतर इसका समाधान हो जाएगा।

## तमिलनाडु के मंत्री का महिलाओं व हिंदू तिलक पर अश्लील कमेंट

**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के वन मंत्री के पोनमुडी से शैव, वैष्णव और सामान्य रूप से महिलाओं के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अश्लील कमेंट करने पर सवाल किया। कोर्ट ने यह जानना चाहा कि तमिलनाडु पुलिस ने उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की है। हाईकोर्ट पोनमुडी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में बरी किए जाने के खिलाफ 2023 में ली गई रिव्यू पिटीशन की सुनवाई कर रहा था। इसी दौरान जज ने महाधिवक्ता पीएस रमन को बुलाया और पोनमुडी की अश्लील और निंदनीय टिप्पणी पर नाराजगी जताई।

# तेलंगाना सरकार ने हीटवेव को आपदा घोषित किया

**मृतकों के परिवार को चार लाख मिलेंगे, जैसलमेर में पारा 46 डिग्री, राजस्थान के 17 जिलों में हीटवेव**

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। मौसम विभाग ने गुरुवार को जयपुर, जोधपुर सहित 17 जिलों में हीटवेव की चेतावनी दी है। इनमें से 4 जिलों के लिए रेड अलर्ट है। इससे पहले बुधवार को जैसलमेर में दिन का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था, जो 6 साल में अप्रैल का सर्वाधिक तापमान रहा।

मध्य प्रदेश में भी बारिश के बाद गर्मी का असर बढ़ गया है। बुधवार को प्रदेश के 9 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया था। सबसे गर्म रतलाम रहा। जहां तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया। तेलंगाना के 28 जिलों में कम से कम 15 दिनों तक लू की आशंका है। इसे देखते हुए सरकार ने लू को आपदा घोषित कर दिया है। सरकार ने लू लगने से मरने वालों के परिजन को 4 लाख रुपये की सहायता का भी ऐलान किया है। तेलंगाना ऐसा करने वाला संभवत: देश का पहला राज्य है। गर्मी के बीच, मौसम विभाग ने यूपी, बिहार समेत देश के 24 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान जताया है। झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और बिहार में भारी बारिश की आशंका है। वहीं, छत्तीसगढ़ में ओले और बिहार, पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। जम्मू में बुधवार शाम मौसम अचानक बिगड़ गया।

# मुर्शिदाबाद व बांग्लादेश पर चुप्पी साधकर विपक्ष हुआ बेनकाब: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि बंगाल के मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हुई बर्बरता पर विपक्ष ने मौन साध कर खुद को बेनकाब कर दिया है। योगी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश की घटनाओं पर विपक्ष की चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है।

पिछली सरकारों पर प्रदेश में भ्रष्टाचार, जातिवाद और माफियावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने योजनाओं में घोटाले कर लंदन में होटल बनाए, वही लोग प्रदेश को लूटने और जातियों में बांटने के लिए जिम्मेदार हैं। जिन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद, माफियावाद और परिवारवाद से अपना साम्राज्य खड़ा किया, वहीं लोग अब मुर्शिदाबाद जैसे मामलों पर मौन हैं। बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने यूपी को दंगा और माफिया मुक्त बनाया है। पहले हर जिले में माफिया पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करते थे, ठेके लेते थे, दंगे करवाते थे और महिलाओं व व्यापारियों को परेशान करते थे। लोग त्योहारों पर सशंकित रहते थे। अब यूपी में त्योहार शांतिपूर्ण और भव्यता के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो हाल आज मुर्शिदाबाद का है वही कभी यूपी में मुजफ्फरनगर, बरेली, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरों का हुआ करता था।

# 100 प्रभावशाली लोगों में मोहम्मद यूनुस

## टाइम मैगजीन में किसी भारतीय को नहीं मिली जगह

वाशिंगटन, वार्ता

**टाइम मैगजीन** ने 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस को जगह मिली है। हालांकि इस बार लिस्ट में किसी भी भारतीय को शामिल नहीं किया गया है। प्रभावशाली लीडर्स में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी एलन मस्क को भी जगह मिली है।

इस बार ट्रम्प प्रशासन के छह सदस्य लिस्ट में शामिल हैं। ट्रम्प को इससे पहले टाइम मैगजीन ने 2016 और 2024 के लिए पर्सन ऑफ द ईयर चुना था। 2025 की लिस्ट में मशहूर सिंगर ईडी शिरीन, अमेरिकी एक्टर और सिंगर स्कारलेट जोहानसन, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को भी शामिल किया गया है। मैगजीन ने इस तस्वीर को लिस्ट का कवर बनाया है। इस साल मैगजीन ने कुल 6 कैटेगरी में 32 देशों के लोगों को शामिल किया गया है। लिस्ट में शामिल 22 साल के फ्रांसीसी तैराक लियोन मर्चेंड सबसे युवा है, जबकि 84 साल के मोहम्मद यूनुस सबसे बुजुर्ग शख्स हैं। टाइम 100 लिस्ट 2004 से नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। इस लिस्ट को कई कैटेगरी में बांटा जाता है। जैसे लीडर्स, आइकन्स, टाइटन्स, इनोवेटर्स, और आर्टिस्ट्स। हर साल टाइम के एडिटर और एक्सपर्ट्स नामों का चयन करते हैं। इससे पहले 2024 में टाइम की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में 8 भारतीय मूल के लोग शामिल थे, जिनमें आलिया भट्ट, साक्षी मलिक, सत्या नडेला, अजय बंगा, देव पटेल, जिगर शाह, अस्मा खान, और प्रियंवदा नटराजन का नाम था। मोदी इस सूची में सबसे अधिक बार शामिल होने वाले भारतीय हैं। पीएम मोदी टाइम 100 लिस्ट में 5 बार (2014, 2015, 2017, 2020 और 2021) शामिल हो चुके हैं। सबसे ज्यादा बार टाइम की टाइम 100 सूची में शामिल होने वाले शख्स शी जिनपिंग हैं। चीन के राष्ट्रपति को अब तक 13 बार इस लिस्ट में शामिल किया जा चुका है। बराक ओबामा और ओफ्रा विन्फ्रे इस लिस्ट में 11-11 बार शामिल हो चुकी हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी मस्क को भी जगह मिली**



S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF FACULTY
M.Com. B.Com.
M.Sc. (Home Sc.) Food & Nutrition
B.Sc. Home Science
B.Sc. Micro Biology
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

## रैंकिंग में किसी भी अवस्था में गिरावट नहीं आनी चाहिए : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक के केंद्र बिंदु सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की स्थिति की प्रीजेंटेशन के माध्यम से गहन समीक्षा की गई।




उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड सीधे योजनाओं की निगरानी का डिजिटल टूल है। डैशबोर्ड पर हर जिले की योजनाएं रियल टाइम ट्रैक होती हैं, जिससे रैंकिंग तय होती है। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपनी-अपनी रैंकिंग में सुधार लायें तथा इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस प्राप्त हुआ है, विभागीय अधिकारी कार्य को प्रगति बनाए रखें तथा कम प्रगति वाले विभाग निर्धारित बिंदुओं पर फोकस कर विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति में अपेक्षित तेजी लाकर रैंकिंग को मानक के अनुरूप लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि विभागीय कार्यों के संच. ालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैंकिंग दर्शाने वाले विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैंकिंग में किसी भी अवस्था में गिरावट नहीं आनी चाहिए, सभी अधिकारी रैंकिंग बढ़ाने का प्रयास जारी रखें तथा इस अहम कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई कदापि न बरतें। समीक्षा के दौरान कृषि सम्मान निधि, शहरी विधुत सप्लाई, पीएम एवं सीएम आवास योजना, पंचायत राज, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य विभागों की रैंकिंग कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया की पूरी गंभीरता और तेजी के साथ विभागीय कार्यों में प्रगति लाते हुए रैंकिंग बढ़ाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# आकांक्षात्मक ब्लॉक को विकसित करने के लिए शासन बेहद गंभीर : जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि आकांक्षात्मक विकास खण्डों का अनुश्रवण करने के लिए नीति आयोग एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित विषयागत क्षेत्रों चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, आधारभूत अवसंरचना के अंतर्गत इण्डीकेटर्स निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने चयनित विकास खण्डों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ निर्धारित मानव को के अनुरूप पहुंचने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिये कि आकांक्षात्मक विकास खण्डों में स्वास्थ्य, कुपोषण, जल संसाधन, शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, कृषि, आधारभूत अवसंरचना सहित कई ऐसे मानक हैं, जिन पर व्यापक स्तर पर काम किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शासन की नीति के अनुरूप आकांक्षात्मक विकास खण्ड में विकास कार्य को पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि उक्त कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता का विषय है अत: सभी संबंधित विभागीय अधिकारी बोक्सा जनजाति वर्ग के लोगों को शासकीय जन कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉक को विकसित करने के लिए शासन बेहद गंभीर है और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें, लापरवाही संज्ञानित होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए उक्त चयनित विकास खण्डों को आकांक्षात्मक जनपदों के भांति विकसित किया जाना है तथा विभागीय अधिकारी आकांक्षात्मक विकास खण्ड से सम्बंधित प्रत्येक संकेतांक/इण्डिकेटर्स की प्रगति राज्य के औसत प्राप्तांक के अनुसार करना सुनिश्चित करें तथा इसका नियमित रूप से प्रभावी अनुश्रवण करते हुए शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करने का प्रयास करें, ताकि जनपद का समग्र रूप से विकास हो सके। यदि चयनित विकास खण्ड निर्धारित इंडिकेटर के मुताबिक विकसित हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रगति राज्य औसत से कम अथवा गुणात्मक प्रगति नहीं होती है तो इसे गम्भीरता से लिया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की वे पूर्ण मनोयोग के साथ समस्त इण्डीकेटर्स में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# बीटेक सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के प्रतिष्ठित कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर मे डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष **2024-25** मे बी टेक सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हुआ जिसमें चारु गुप्ता ने ( कम्पुटर साइन्स) में **82.6%** अंक पाकर प्रथम स्थान, तपस्या भारद्वाज ने (इलेक्ट्रॉनिक्स) मे **82.6 %** अंक पाकर प्रथम स्थान व मंजीत सैनी ने (सिविल) में **81.5%** अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार अन्य ब्रांच मे मैकानिकल मे हर्ष शर्मा ने (**80. 23%**), बायोटेक मे अदिति शर्मा ने (**75.2%**) व इलैक्ट्रिकल ब्रांच मे अभय प्रताप सिंह ने (**73.2%**) अंक पाकर अपनी अपनी ब्रांच मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की।

प्रबन्ध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) व रेडियो संदेश सचिव श्रीमति स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की ।

संस्था निदेशक प्रो.(डा.)अमित कुमार बंसल ने उत्क्रष्ठ परीक्षाफल हेतू डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा व डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल एवं सभी विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, प्रो. सौरभ बालियान गौरव गुप्ता, अजय कुमार, शुभम कुमार, व शिक्षकगणों सुधीर लाम्बा, निधि बिशनोई, अभिषेक चौधरी, ललित राठी, मोहित शर्मा, संगीता शर्मा, रुद्राणी चौहान, विनीत कुमार आदि को भी बधाई दी ।

# वार्षिक उत्सव मंथन 2025 का शुभारंभ

## 700 से अधिक बच्चे कर रहे प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिजनौर के परिसर में वार्षिक उत्सव (मंथन) 2025 का शुभारम्भ 17 अप्रैल को किया गया। वार्षिक उत्सव (मंथन) 2025 का शुभारंभ संस्थान के उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, मैनिजिंग डाइरेक्टर सन्नी देशवाल, संस्थान के निदेशक डा. संजीव कुमार, फार्मेसी के निदेशक डा. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, चीफ प्रोक्टर विनीत कुमार, खेलकूद प्रतियोगिता के कोर्डिनेटर फिरोज खान, गौरव कुमार व सभी विभागाध्यक्ष डा. आशुतोष कंसल, विमल कुमार, मोहिन्द्र सिंह, के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन क्रीडा प्रतियोगिताओं में 50 से अधिक विभिन्न स्कूलों व संस्थानों के 700 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम मंथन समारोह में 400 मीटर की दौड का आयोजन किया गया। इस दौड में 21 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें शनि कुमार, विवेक कालेज बिजनौर से प्रथम स्थान व देव ग्रेट इण्डियन एकेडमी झालू से दूसरे स्थान पर रहे।

लॉग जम्प में 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें सत्यम शर्मा, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर से प्रथम स्थान व सागर वर्धमान कॉलेज बिजनौर से दूसरे स्थान पर रहे।

खो खो (महिला) में 4 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान आरबीडी बिजनौर व दूसरे स्थान पर सेन्टमेरी, हल्दौर की टीम रही।

क्रिकेट मैच का शुभारम्भ किया गया, जिसमें 13 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया है। पहला मैच जीआईए झालू टीम एवं आरवीआईटी टीम के बीच कराया गया।। जिसमें




आरवीआईटी टीम विजयी रही। दूसरा मैच इम्पैरियल इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल टीम एवं डीपीएस स्कूल बिजनौर के बीच हुआ, जिसमें इम्पैरियल इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल टीम विजयी रही। तीसरा मैच वीकेआईटी बिजनौर एवं वीरा कॉलेज बिजनौर टीम के बीच हुआ, जिसमें वीरा कॉलेज बिजनौर की टीम विजय रही। चौथा मैच श्री साई पब्लिक स्कूल चांगीपुर टीम एवं नजीबाबाद लॉयन टीम के बीच हुआ जिसमें नजीबाबाद लॉयन टीम विजय रही।

कबड्डी का पहला मैच वीकेआईटी बिजनौर एवं केशव टीम के बीच हुआ, जिसमें वीकेआईटी बिजनौर टीम विजयी रही। दूसरा मैच चिकारा टीम एवं कृष्णा कॉलेज बिजनौर टीम के बीच के हुआ, जिसमें कृश्णा कॉलेज बिजनौर टीम विजयी रही। कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया।

बास्केट बॉल में 9 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पहला मैच नजीबाबाद रॉयल एवं व्हाईट वॉल्कर टीम के बीच हुआ जिसमें नजीबाबाद रॉयल टीम विजयी रही। दूसरा सेन्टमेरी नूरपुर ग्रुप ए एवं डीपीएसक्लब बिजनौर टीम के बीच हुआ जिसमें सेन्टमेरी ग्रुप ए टीम विजयी रही । तीसरा डीडीपीएस बिजनौर एवं वॉकर्स क्लब टीम के बीच हुआ, जिसमें डीडीपीएस बिजनौर टीम विजयी रही। सेमीफाइनल मैच नजीबाबाद रॉयल एवं सेन्टमेरी नूरपुर ग्रुप ए के बीच हुआ, जिसमें नजीबाबाद रॉयल टीम विजयी रही। दूसरा सेमी फाईनल सेन्टमेरी नूरपुर ग्रुप बी एवं डीडीपीएस के बीच हुआ जिसमें डीडीपीएस विजय रही।

वालीबॉल के मैच में 6 टीमों ने प्रतिभाग लिया, जिसमें पहला मैच वीकेआईटी बिजनौर एवं गांधीनगर मुजफ्फरनगर टीम के बीच हुआ, जिसमें गांधीनगर मुजफ्फरनगर टीम विजयी रही। दूसरा आरवीआईटी कॉलेज एवं नूरपुर क्लब टीम के बीच हुआ, जिसमें आरवीआईटी कॉलेज टीम विजयी रही। तीसरा गांधीनगर मुजफ्फरनगर एवं मदनलाल स्टेडियम टीम के बीच हुआ।

टेबल टैनिस में 24 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। चैस मे 57 टीमों ने प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। खो खो द्धपुरुषत्र में 5 टीमों ने प्रतिभाग किया । बैडमिंटन सिंगल मे 22 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन डबल में 24 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

18 अप्रैल 2025 को तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा और 19 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ मंथन 2025 का समापन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक अमन भट्ट अपने प्रदर्शन से कार्यक्रम के समापन की शाम को रोमांचक बनाएँगे।

# भाकियू ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ बिगुल फूंका

## समस्याओं का समाधान न होने पर करेंगे तहसीलों का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक पंचायत में आज किरतपुर मंडी में हजारों किसानों और महिलाओं ने एकजुट होकर अन्याय और अत्याचार के खिलाफ बिगुल फूंका।

पंचायत की अध्यक्षता कर रहे चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि यदि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो **5** मई को जनपद बिजनौर की सभी तहसीलों का घेराव किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अधिकारी बातचीत से समाधान चाहते हैं तो हम तैयार हैं, पर यदि अनदेखी जारी रही तो सड़क पर उतर कर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। पंचायत में कहा गया कि असगरपुर में शराब की दुकान नहीं खोलने दी जाएगी और ग्राम प्रधान पति हिमांशु राजपूत के उत्पीड़न की कड़ी निंदा भी की गई। जबलपुर गुदड़, नजीबाबाद में विकास कार्यों में बाधक बने नेताओं को जनता की



ताकत से पीछे हटाया जाएगा। कल्हेड़ी-किरतपुर-स्वाहेड़ी मेडिकल कॉलेज की सर्विस रोड का शीघ्र निर्माण कराया जाए। जहरीले पशु आहार की बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने आगे कहा कि शुगर मिलों, विशेषकर बजाज शुगर मिल, द्वारा किसानों के बकाया भुगतान में हो रही देरी और महंगे कृषि उपकरणों की जबरन बिक्री का विरोध किया जाएगा। पयरिला कीट के हमले से परेशान गन्ना किसानों की मदद के लिए कृषि विभाग तुरंत सक्रिय हो। शिक्षा क्षेत्र में निजी विद्यालयों की मनमानी फीस पर लगाम लगाने की मांग भी की गई तहसीलों में फैले भ्रष्टाचार और प्रमाणपत्र आदि में रिश्वतखोरी पर रोक लगाये जाने की मांग की गई।

स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, जिला अस्पतालों और ग्रामीण चिकित्सालयों में डॉक्टरों की भारी कमी, मूलभूत सुविधाओं का अभाव। पंचायत में अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज होकर चौधरी दिगंबर सिंह ने रेलवे ट्रैक जाम करने की चेतावनी दी, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसके बाद नजीबा. बाद के तहसीलदार और पुलिस क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से ज्ञापन लिया।

किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाकर समस्याओं का समाधान नहीं करते हैं, तो **5** मई को जनपद की सभी तहसीलों पर जोरदार प्रदर्शन होगा, और आवश्यकता पड़ी तो जिला कलेक्ट्रेट व प्रभारी मंत्री का घेराव भी किया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही, अतुल कुमार, नितेंद्र प्रधान, दिगंबर सिंह, अरविंद राजपूत, राकेश प्रधान, सुरेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, सरदार इकबाल सिंह, चौधरी बलराम सिंह, ठाकुर गजेंद्र सिंह, सुखजिंदर सिंह गोल्डी, सैंपल सिंह, उत्तम कुमार, प्रशांत कुमार (जिला अध्यक्ष), सरदार दर्शन सिंह फौजी, रविंद्र राठी, दुष्यंत कुमार राणा, अजय कुमार, तेजवीर सिंह, अंकित कुमार,नवल, ब्रजेश, मुकुल जी, यशवंत जी,उदयवीर सिंह, महबूब प्रधान, मोहम्मद अजमाईन प्रधान, सतपाल सिंह, मनोज राजपूत, नंदिनी राजपूत, हितेष, विनोद चौहान,भोपाल सिंह राठी सहित सैकड़ों पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

# दयानंद किड्स प्ले स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रोटरी क्लब गंगा के पदाधिकारियों द्वारा नगर में स्थित दयानंद जूनियर हाई स्कूल एवं दयानंद किड्स प्ले स्कूल के सभा कक्ष में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

तदोपरांत उपस्थित प्रधानाचार्य, समिति एवं क्लब के पदाधिकारियों ने शिक्षाविद डॉ. राधाकृष्णन के चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आर्य समाज के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म **5** सितंबर **1888** को तमिलनाडु राज्य के एक गांव में ब्राह्मण कुल में हुआ था। उनके पिता राजस्व विभाग के कर्मचारी थे। उन्होंने राधाकृष्णन को उच्च शिक्षा दिलाई। जो आगे चलकर भारत के उपराष्ट्रपति व राष्ट्रपति बने। भारत की आजादी के बाद देश को आधुनिक शिक्षा की दिशा में आगे ले जाने का महत्वपूर्ण काम उन्होंने किया। पूरे भारतवर्ष में उनके जन्म दिवस **5** सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वर्गीय श्री राधाकृष्णन को शिक्षा क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान देने के फल स्वरुप वर्ष **1954** में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। वह सन **1962** से **1967** तक भारत के दूसरे राष्ट्रपति रहे। वह लगभग **40** वर्ष विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे। उन्होंने अमेरिका, इंग्लैंड, जापान, आंध्र प्रदेश एवं काशी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर व कुलपति के रूप में रहते शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया। उनकी संतानों में पांच बेटी और एक बेटा थे। बेटे सर्वपल्ली गोपाल भारत के महान इतिहास कारक रहे।

क्लब के अध्यक्ष हितेश कुमार शर्मा ने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन जीवन भर एक दार्शनिक, शिक्षाविद, विचारक और राजनीतिज्ञ के रूप में राष्ट्र की सेवा में लगे रहे। ब्रिटिश शासन काल में उनको 'सर' की उपाधि से सम्मानित किया गया था। सन **1961** में जर्मनी पीस प्राइज ऑफ द जर्मन एवं इंग्लैंड सरकार द्वारा ऑर्डर ऑफ मेरिट सम्मान से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को सम्मानित किया गया था। आज ही की तिथि **17** अप्रैल **1975** को **86** वर्ष की आयु में वह दुनिया को अलविदा कह गए। जिनकी स्मृति में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

अन्य वक्ताओं में रोटेरियन नवीन अग्रवाल, स्कूल प्रबंधक मनजीत चौधरी, स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती पारुल वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित रोटेरियन हितेश कुमार शर्मा, नवीन अग्रवाल, गजे सिंह, खगेश कुमार शर्मा, राजीव गुप्ता, सूफिया बानो, डॉ. इंदु मिश्रा, श्रीमती आदेश भटनागर, तृप्ति शर्मा आदि ने स्कूल के बच्चों की सुविधा पर ध्यान देते हुए गर्मी में राहत के लिए बिजली के तीन पंखे स्कूल को भेंट किए। विद्यालय की ओर से प्रबंधक मनजीत सिंह, प्रधानाचार्य पारुल वर्मा, अजय वर्मा, रीना, पूजा, सपना, आलोक भारद्वाज एवं मोहम्मद जान ने रोटरी क्लब गंगा का आभार व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा बना देश में रक्षा विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा 2018 में स्थापित और विकसित उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) राज्य को रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण के प्रमुख केंद्र में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। छह नोड्स कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में रणनीतिक रूप से फैला यह गलियारा रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के लक्ष्य को पूरा करता है।

यूपीडा की 19 मार्च की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार यूपीडीआईसी को अब तक 28 हजार 761.88 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई करीब 2001 हेक्टेयर भूमि में से 923.24 हेक्टेयर उद्योगों को आवंटित की गई है। वर्तमान में, 57 कंपनियों को रक्षा गलियारे के छह नोड्स में भूमि आवंटित की गई है। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि कई प्रमुख कंपनियों ने वाणिज्यिक उत्पादन भी शुरू कर दिया है, जिनमें प्रमुख अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी एकीकृत गोला-बारूद सुविधा स्थापित करने के लिए कानपुर में 1,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अमितेक इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (330 करोड़) और वेरी. विन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड (65 करोड़) अब अलीगढ़ में चालू हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सैटेलाइट सिस्टम और छोटे हथियारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इसके अलावा कानपुर में आधुनिक मैटेरियल एंड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (35 करोड़) और ए-आर पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड (48 करोड़) रक्षा वस्त्र और बैलिस्टिक-ग्रेड पॉलिमर सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर की सफलता का श्रेय औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई प्रमुख पहलों को जाता है। 24 जनवरी को लॉन्च की गई यूपी एएंडडी यूनिट रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 का उद्देश्य रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में रोजगार सृजन में तेजी लाना है। इसके अतिरिक्त 400 करोड़ रूपए की लागत वाली रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (डीटीआईएस) कानपुर और लखनऊ में उन्नत परीक्षण सुविधाओं का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

# वाराणसी गैंगरेप की जांच करेगी एसआईटी: पीसी

**वाराणसी, वार्ता**

पुलिस कमिश्नर ने गैंगरेप मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस कमिशनर ने बताया कि आरोपियों के परिजनों के बाद ये फैसला लिया गया है। पुलिस कमिश्नर को परिजनों ने कुछ वीडियो और इंस्टाग्राम चैट भी उपलब्ध कराए हैं। आरोपियों के परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो और इंस्टाग्राम चैट के आधार पर यह फैसला लिया गया है। जांच के दायरे में पीड़िता के इंस्टाग्राम पोस्ट, घटना के समय उसकी गतिविधियां और एफआईआर में नामजद आरोपियों की संख्या में अंतर जैसे कई संदिग्ध पहलू शामिल हैं। एसआईटी एक महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में कुछ ऐसे बिंदु हैं, जिनकी जांच जरूरी है। डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में एसआईटी टीम एक महीने के अंदर रिपोर्ट पेश करेगी। इस मामले का पीएम मोदी के संज्ञान लेने के बाद वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट सक्रिय हो गया है। वाराणसी के कई इलाकों में अवैध बार, कफै और रेस्टोरेंट पर लगातार छापेमारी की



## एफआईआर में 23 दरिंदों के नाम, पीड़िता ने कोर्ट में बताए सिर्फ 9, 14 गायब

जा रही है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कई फोटोग्रफ पोस्ट किए हैं। सीसीटीवी फुटेज से भी ये बात बिल्कुल साफ है कि इस अवधि में युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती तो पुलिस से मदद ले सकती थी। उनका कहना है कि इस मामले में कई बातें संदिग्ध हैं, लिहाजा इस मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती, तो पुलिस की मदद ले सकती थी। लेकिन, उसने ऐसा नहीं किय। इसी अवधि में युवती ने इंस्टाग्राम पर अपने फोटो पोस्ट किए, कैसे? एफआईआर में 12 नामजद और 11 अज्ञात कुल 23 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज था, लेकिन युवती ने कोर्ट में सिर्फ 9 लोगों के ही नाम क्यों लिए? ये जांच का विषय है।

## छात्रा ने कॉलेज के गेट पर की आत्महत्या की कोशिश

**कानपुर।** जनपद के चौबेपुर में एक नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने फीस विवाद और परीक्षा देने से रोके जाने के कारण आत्महत्या करने की कोशिश की। कॉलेज ने निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगे थे और छात्रा का परीक्षा फॉर्म नहीं भरा गया। तीन दिन पहले हुए विवाद के बावजूद उसे परीक्षा देने से रोका गया, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने छात्रा को बचा लिया और मामले की जांच कर रही है। यह चौंकाने वाली घटना गुरुवार सुबह सामने आई, जब छात्रा कॉलेज गेट पर पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंच गई। छात्रा मूल रूप से डुडवा जमौली गांव की निवासी है। छात्रा का आरोप है कि प्रबंधन ने निर्धारित शुल्क से 2000 रुपये अधिक की मांग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चांदपुर में पुलिस पर पथराव

## संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज, पांच गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने सुजातपुर खादर में पुलिस टीम पर पथराव करने के आरोपी हरदीप, रोबिन, शिव कुमार, अर्जुन व अनिल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। युवती के प्रेम-प्रसंग को लेकर ग्राम में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।



प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर थाने में 15 अप्रैल को वादी ने तहरीद दी थी कि 13 अप्रैल को अभियुक्त हर्षवधन आदि उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 87 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। 15 अप्रैल को ही चांदपुर पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था। पुलिस ने युवती के धारा 183 बीएनएस में न्यायालय में बयान दर्ज कराए थे। न्यायालय ने बालिग होने की वजह से युवती को उसकी इच्छा के अनुसार हर्षवर्धन के साथ जाने की अनुमति दी थी। पुलिस ने युवती की इच्छा के अनुसार उसे हर्षवर्धन के पिता दुष्यत व उसके चाचा के सुपुर्द कर दिया था। इस बीच इसी प्रकरण को लेकर ग्राम में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। बीती रात लगभग नौ बजे चांदपुर पुलिस को सूचना मिली की लड़की पक्ष के लोग बड़ी संख्या में एकत्र होकर लड़का पक्ष से झगड़ा करने की फिराक में है।

सूचना मिलते ही चांदपुर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान लड़की पक्ष की लगभग 30-35 महिलाओं व पुरुषों ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अतिरिक्त पुलिस बल चांदपुर से मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। ग्राम में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 216/2025 धारा 190, 191 (2), 191 (3), 352, 109 (ए), 324 (4), 125, 121 (1) बीएनएस व धारा 7 आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम में कुलदीप सहित 23 नामजद एवं 10-15 अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने आज हरदीप सिंह पुत्र राजवीर सिंह, रोबिन पुत्र कलम चंद, शिव कुमार पुत्र रामशरण, अर्जुन पुत्र बल्लू एवं अनिल पुत्र प्रीतम सिंह निवासीगण ग्राम सुजातपुर खादर का चालान कर दिया है।

## ग्रेट इंडियन एकेडमी में क्लास डेकोरेशन प्रति.



**बिजनौर।** ग्रेट इंडियन एकेडमी झालू में बोर्ड एवं क्लास डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्यालय के चारों हाउस न्यूटन, एडिशनटेस्ल, आइंस्टीन हाउस के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया। चारों हाउस रुरल इंडिया, वर्ल्ड आफ बुक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एनिमल किंगडम भीम पर डेकोरेट किए गए। विद्यालय के चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड को बहुत ही सुंदर-सुंदर तरीके से सजाया। निर्णायक मंडल के अनुसार क्लास डेकोरेशन में प्रथम स्थान पर कक्षा तीन, द्वितीय स्थान पर कक्षा पांच (बी), छ: व सात तथा तृतीय स्थान पर कक्षा दो रही। वहीं दूसरी ओर इंटर हाउस बोर्ड डेकोरेशन में प्रथम स्थान पर आइंस्टीन हाउस, द्वितीय स्थान पर टेस्ला हाउस तथा तृतीय स्थान पर एडिशन हाउस रहा। निर्णायक मंडल में विद्यालय मैनेजर मिस्टर गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मिस्टर मुकुल शर्मा ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा उन्हें ऐसे ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संपूर्ण प्रतियोगिताएं विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा तथा एकेडमी हेड मिस्टर आयुष अग्रवाल की देखरेख में कक्षा अध्यापिकाओं / अध्यापकों तथा हाउस मास्टर के सहयोग से पूर्ण हुई।

## एक नजर

### स्योहारा में पुलिस का फ्लैग मार्च



**बिजनौर।** शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आम जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्योहारा में पैदल मार्च किया।

### अफजलगढ़ में छन्नू गिरफ्तार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने ग्राम मधपुरी निवासी छन्नू पुत्र चरण सिंह को भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### चांदपुर में रविन्द्र, कुलदीप व सुभाष अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने ग्राम ठेठ निवासी रविन्द्र पुत्र सूरज व सुभाष पुत्र कृपाल एवं ग्राम कुमहरिया निवासी कुलदीप कुमार पुत्र कश्मीर सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

### शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी



**नहटौर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, बिजनौर ब्लॉक आकू इकाई का त्रिवार्षिक अधिवेशन एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन कंपोजिट विद्यालय रुखड़ियों में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद से वरिष्ठ शिक्षक नेता महेंद्र सिंह, नरेश कुमार, सुभाष सिंह, नगमा खातून एवं अर्चना सिंह चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधीर यादव ने की तथा संचालन जिला महामंत्री राहुल कुमार राठी द्वारा किया गया। त्रैवार्षिक अधिवेशन में ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मुनीश कुमार, ब्लॉक मंत्री वीरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, अशोक कुमार, भूपेंद्र शर्मा, शमशाद आलम, पुष्पा रानी व उषा देवी महिला संयुक्त मंत्री, चंद्रपाल सिंह संयुक्त मंत्री, जितेंद्र मोहन प्रचार मंत्री, राकेश कुमार संयुक्त मंत्री, योगेश कुमार संयुक्त मंत्री, मनोज कुमार ऑडिटर के पद पर चुने गए। इस गोष्ठी में नाथे सिंह, सुखवीर सिंह, अमित मलिक, थम्मन सिंह, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, चंद्रशेखर, शेर सिंह, ओमप्रकाश, उषा देवी, नैना शर्मा, शेफाली, सूरजमल आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### बिसरे को प्रिजर्व कर आगरा भेजा

**नहटौर।** गांव फरीदाबाद के युवक सुमित और काले की मौत के बाद पोस्टमार्टम होने पर उसकी मौत का स्पष्ट कारण पता नहीं चलने पर असल वजह जानने के लिए बिसरे को प्रिजर्व कर लिया गया है। गौरतलब है कि गांव फरीदाबाद निवासी सुमित उर्फ काले बुधवार को अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। वहां से वह अपनी पत्नी के साथ घर लौट आया और घर से बाइक लेकर कहीं चला गया था। बुधवार की सांय को गांव इशहाकपुर के पास नहर की पटरी पर उसका शव मिला। उसकी बाइक भी पास में ही पड़ी मिली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जबकि मृतक की पत्नी प्रियंका ने दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। थाना अध्यक्ष धीरज नागर के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। इसके बाद उसके बिसरे को प्रिजर्व कर लिया गया है। बिसरा परीक्षण के लिए आगरा भेजा जाएगा। उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### कब्रिस्तान में खड़े पेड़ काटे

**कोतवाली देहात।** ग्राम नूर अलीपुर भगवंत में कब्रिस्तान में काफी पेड़ खड़े हैं। बुधवार को कब्रिस्तान के गेट के पास खड़े तीन यूकेलिप्टस के पेड़ भू माफियाओं ने काट लिए। इसकी सूचना ग्रामीणों ने एसडीएम नगीना को दी। एसडीएम नगीना के निर्देश पर कानूनगो नरेंद्र कुमार तथा हल्का लेखपाल अनुज तोमर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ग्राम नूर अलीपुर भगवंत पहुंची और कटे हुए पेड़ों को अपने कब्जे में ले लिया। टीम ने कटे हुए पेड़ों को ग्राम प्रधान नसीम अहमद की सुपुर्दगी में सौंप दिया। इस संबंध में तहसीलदार नगीना ने बताया कि सूचना पर पहुंचकर पेड़ों को राजस्व विभाग की टीम ने बरामद कर लिया है। पेड़ ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दिए गए हैं।

# नगीना विधायक मनोज पारस को जान से मारने की धमकी

## गौसपुर का सोनू कुमार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना के सपा विधायक मनोज पारस को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना पुलिस को दी गई तहरीर में मौहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी धर्मेन्द्र पारस ने कहा कि उनके बड़े भाई विधायक मनोज पारस के मोबाइल पर 15 अप्रैल को दोपहर करीब ढाई बजे सोनू नामक व्यक्ति द्वारा फोन कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके साथ गाली-गलौच की गई। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। तहरीर में आरोप लगाया गया कि पूर्व में भी वह कई बार फोन पर उन्हें व उनके भाई को धमकी दे चुका है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस की जांच में आरोपी सोनू विधायक की कार पर पूर्व में चालक रहा था।

बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 58/25 धारा 351 (3) व 352 बीएनएस एवं धारा 3 (2)(5) क एससी/एसटी एक्ट में अभियुक्त सोनू कुमार पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गौसपुर टोपरी, थाना हल्दौर को गिरफ्तार कर लिया।

# किरतपुर पालिका बोर्ड की बैठक में 36 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर पालिका बोर्ड की मीटिंग पालिका के मीटिंग हाल में गुरुवार की दोपहर बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जिसमें विशेष प्रस्ताव बजट वर्ष 2025 पर विचार किया गया।



बताया गया कि वार्षिक 2025-26 का बजट 410255880 का है जो 4,10 3000 लाभ का बजट है। वर्ष 2025 का बजट 369225000 का था। सभी सभासद ने करतल ध्वनि से बजट को मंजूरी दी।

बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने की व संचालन बड़े बाबू हसन मुस्तुका ने किया। बैठक में ई. ओ. श्रीमती मेघा गुत्ता मौजूद रही। एजेंडे में शामिल जल मूल्य की दरों पर वृद्धि का प्रस्ताव सर्व सम्मति से अगली मीटिंग के लिए टाल दिया गया, जबकि वर्ष 2025-26 के ठेकों की नीलामी को पास कर दिया गया। इसके अलावा शीतल पेयजल के जिन वाटर कूलरों की मरम्मत व नये वाटर कूलरों की स्थापना, इंडिया मार्का हैण्ड पम्पों के रिबोर कार्य कराए जाने की स्वीकृति, ठेकेदोरों का नवीनीकरण पंजीकरण कराये जाने, सफाई सामग्री, उपकरणों, अन्यों व पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए सामग्री एवं क्योरीनयुक्त पेयजल पूर्ति के लिए खरीदारी, क्लोरीन के लिए वित्त वर्ष क्रय किए जाने के लिए दरे स्वीकृत करने के संबंध में सड़क व पाइप लाइने के प्रोक्लनों की स्वीकृति के अलावा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास कर दिए गए। बैठक में सभी सभासद मौजूद रहे।

# लाशों की तलाश में मौके पर डटी सैकड़ों की भीड़

## चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी ने बंद कराया नहर का पानी, कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** धामपुर के दो परिवारों की खुशियां गम में उस वक्त बदल गई, जब दो अलग-अलग परिवारों के लड़के नहर में डूब गए। वह शादी में शामिल होकर वापस घर जा रहे थे। रास्ते में नहर का पानी देखकर उसमें नहाने की लालसा ने उनकी जान ले ली। नगर पंचायत के चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी ने नहर का पानी बंद कराकर उनकी लाशों को तलाश कराने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कुछ पता नहीं चला था।









प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर से एक बारात गंज रोड पर रॉयल फार्म हाऊस में आई थी। जिसमें धामपुर के ही मौहल्ला नई सराय निवासी आदिल मलिक (28 वर्ष) पुत्र जमील एवं जीशान मलिक (25 वर्ष) पुत्र रईस अहमद भी शामिल थे। बिजनौर में गंज रोड स्थित रोडवेज की वर्कशॉप के सामने रॉयल फार्म हाउस में बारात में शामिल होकर शाम लगभग पांच बजे यह अपने तीन दोस्तों के साथ कार से वापस घर जा रहे थे। यह जब झालू नहर पर पहुंचे, तो पानी देखकर उनके मन में नहर में नहाने के लालसा होने लगी, जो उन्हें रेलवे स्टेशन के निकट झालू नहर पुल पर ले गई और उसमें नहाने के लिए तीन दोस्त उतर गए। पानी के तेज बहाव में तीनों दोस्त फस गए। एक दोस्त किसी तरह से बाहर निकल गया। लेकिन आदिल मालिक व जीशान मलिक पानी के तेज बहाव के साथ पुल के नीचे चले गए और भंवरी में फंस गए। अन्य दोस्तों ने बचाने के लिए पास में से एक बाली लाकर बाहर निकालने की उन्हें पूरी कोशिश की, लेकिन उनका बैलेंस नहीं बन पाया और वह पानी में नीचे समा गए। जैसे ही इस की खबर झालू पुलिस चौकी को मिली, तो चौकी प्रभारी सुभाष कुमार राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन पुलिस ने पानी बंद नहीं कराया। पानी का बहाव इतना तेज था कि गोताखोरों ने भी पानी में उतरने से इंकार कर दिया। मौके पर पहुंचे नगर पंचायत चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने परिजनों की बात सुनी और पानी को आगे से बंद कराया।

हल्दौर थाना प्रभारी पुष्कर सिंह मेहरा और सीओ सिटी संग्राम सिंह भी मौके पर पहुंचे और परिवार जनों को समझाया कि यह एक दुखद घटना है, लेकिन इसमें कुछ नहीं किया जा सकता है। पानी कम होने पर उनको तलाश किया जाएगा।

इस मौके पर परिवार वालों का रोते-रोते बुरा हाल था। आदिल विवा. हित है और उसकी एक छोटी बेटी है। जबकि जीशान का रिश्ता अभी तय हुआ है और बकरा ईद के बाद उसकी शादी होनी थी। जीशान अपने परिवार में पांच बहनों का अकेला भाई था, जो परिवार का सहारा था। आदिल के परिवार में तीन बहन और छह भाई हैं।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद, चौकी प्रभारी सुभाष कुमार राणा, हल्दौर थाना इंचार्ज पुष्कर सिंह मेहरा, सीओ सिटी संग्राम सिंह और कस्बे के सैकड़ों लोग मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक नहर में डूबे दोनों युवकों की लाशों का पता नहीं चल पाया था।

# रालोद में मुसलमानों का हित सुरक्षित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रालोद नेता काजी तारिक अली की प्रेरणा से प्रभावित हो कर एक दर्जन से अधिक मुसलमानों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। काजी तारिक अली ने कहा कि रालोद में मुसलमानों का हित सुरक्षित है।

गुरुवार को मौहल्ला काजियान स्थित रालोद नेता काजी तारिक अली के आवास रालोद कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वकार मकरानी, वकीलुउद्दीन, बहार आलम, शहाबुद्दीन, दिलशाद, जुल्फिकार, मौ. अशरफ, मौ. सलीम, मौ. फिरोज, मौ. आमिर, मौ. आजाद, मौ. अजमल, मौ. अहद, मौ. इलियास, अबू बकर अदनान, मौ. जीशान, मौ. अनस, काजी राशिद आलम, शमीम अहमद सहित बड़ी संख्या में सदस्यता ग्रहण की।

रालोद के मुरादाबाद मंडल के मंडल अध्यक्ष काजी तारिक अली, व चौधरी शेऐब, वसीम राजा आदि रहे।

# सड़क हादसे में घायल दूसरे भाई की उपचार के दौरान मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** सड़क दुर्घटना में जिस छोटे भाई की मौके पर मौत हो गई थी। उसके बड़े भाई की भी बीती रात जौली ग्रांट अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला मिर्जापुरा निवासी दो सगे भाई जुबेर और मोनू की तीन दिन पहले बाइक द्वारा एक शादी के सिल. सिले में बढ़ापुर से कोटद्वार जा रहे थे ।तभी रास्ते में उनकी बाइक की टक्कर कार से हो गई थी। जिससे छोटे भाई जुबेर की मौके पर ही मौत हो गई थी। शाहबाज उर्फ मोनू को जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर तीन दिन अस्पताल में भर्ती रहने के पश्चात इसकी भी मौत हो गई। उसकी मय्यत को बीती रात लगभग 10:00 बजे उसके घर लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। तीन दिन के भीतर दो सगे भाइयों की मौत हो जाने से मोहल्ले में शोक की लहर है। मृतक मोनू को गुरुवार को जौहर की नमाज के बाद सुपुर्द खाक कर दिया गया। उसके जनाजे में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। मृतक दोनों भाई शादीशुदा थे और उनके दो छोटे बच्चे है।

# दिलीप बसपा के जिलाध्यक्ष नियुक्त

## नाजिम अल्वी बने रहेंगे जिला प्रभारी, पूर्व सांसद गिरीश की वापसी









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा ने एक बार फिर अपना जिला अध्यक्ष बदल दिया है। पूर्व में जिला अध्यक्ष रहे दिलीप कुमार उर्फ पिंटू को फिर से जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि वरिष्ठ नेता नाजिम अल्वी जिला प्रभारी बने रहेंगे। वहीं पूर्व सांसद गिरीश चंद्र जाटव का निष्कासन रद्द कर उन्हें फिर वापस पार्टी में ले लिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बसपा हाईकमान ने जिला अध्यक्ष समरपाल सिंह एड. को हटा दिया है। पूर्व में लम्बे समय तक जिला अध्यक्ष रहे नगीना क्षेत्र के निवासी दिलीप कुमार उर्फ पिंटू को नया जिला अध्यक्ष बनाया गया है। दिलीप कुमार पिंटू का कहना है कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी एक बार फिर सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी व मजबूती के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बूथ कमेटी तक संघठन को मजबूत किया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान देते हुए जनपद में पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

दूसरी तरफ वरिष्ठ नेता नाजिम अल्वी एवं रोहताश सिंह को पूर्व की तरह जिला प्रभारी के पद पर मौजूद रखा गया है। नाजिम अल्वी बसपा के उर्जावान एवं जिम्मेदार नेता है। वह शुरूआत से ही बसपा से जुड़े हुए है।

इधर नगीना से सांसद रहे गिरीश चंद्र जाटव का निष्कासन बसपा हाईकमान ने रद्द कर दिया है। उन्हें फिर वापस पार्टी में ले लिया गया है। उन्हें किरतपुर के पुराने नेता व पूर्व मंत्री धनीराम सिंह के साथ मंडल की ए टीम का प्रभारी बनाया गया है। पूर्व सांसद गिरीश चंद्र जाटव व पूर्व मंत्री धनीराम सिंह मिल कर जनपद बिजनौर एवं जनपद अमरोहा में पार्टी के कार्यों को देखेंगे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# नगर के मुख्य बाजारों में सार्वजनिक शौचालयों की मांग

## एसडीएम ने दिया समस्या का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एक सार्वजनिक मूत्रालय के पास के दुकानदार द्वारा मूत्रालय को कहीं और स्थानांतरित करने की शिकायत को लेकर एसडीएम नगीना ने मौके का मुआयना किया और समस्या का नियमानुसार समाधान करने का आश्वासन दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पालिका परिषद नगीना के द्वार के सामने से अंबेडकर नगर कॉलोनी की ओर जाने वाले रास्ते के तिराहे पर बने एक छोटे से अस्थाई मूत्रालय को लेकर एक दुकानदार द्वारा आपत्ति की गई। दुकानदार ने एसडीएम नगीना आशुतोष जयसवाल से शिकायत करते हुए कहा गया कि उसकी दुकान के पास नगर पालिका नगीना की ओर से एक अस्थाई मूत्रालय बनाया गया है। जिसमें न तो कोई दरवाजा है और न कोई छत है। इसके अलावा उसका आकर भी अत्यंत संकीर्ण है और वहां पानी की भी व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण उससे होने वाली गंदगी से दुकानदार के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। एसडीएम नगीना ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और शाम को लगभग छह बजे स्वयं उस मूत्रालय का निरीक्षण करने मौके पर पहुंच गए। एसडीएम नगीना को देखते ही मौके पर आसपास के दुकानदारों का हुजूम उमड़ पड़ा और उनका दर्द बाहर आया। दुकानदारों ने उस मूत्रालय को हटाने का जबरदस्त विरोध किया। दुकानदारों का कहना था कि इसके अलावा कोई और सार्वजनिक शौचालय नहीं है। यदि इसे ध्वस्त करना है, तो इससे पहले नगर पालिका दुकानदारों के लिए एक स्थाई और पूर्ण व्यवस्थित शौचालय का निर्माण करे। जिसमें महिलाओं, पुरुषों, विकलांगों और बच्चों के मूत्रालय व शौचालय की व्यवस्था के साथ-साथ पानी की टंकी, एग्जॉस्ट फैन, बिजली, पानी आदि व्यवस्थाओं के साथ-साथ एक कर्मचारी की नियुक्ति भी नगर पालिका द्वारा की जाए। जिसका सारा खर्च पालिका परिषद नगीना वहन करे। यह शौचालय नि:शुल्क होना चाहिए। भीड़ को देखते हुए अन्य राहगीर भी वहां इकट्ठा हो गए और उन्होंने भी नगर के मुख्य बाजारों में सार्वजनिक शौचालयों की मांग की। लोगों ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई दुकानदार तो धार्मिक स्थलों व सरकारी संस्थाओं अथवा लोगों के घरों में बने निजी शौचालयों से काम चला रहे हैं। लेकिन संस्थाओं के बंद होने के समय में उनको बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगीना संदीप सक्सेना ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय सब चाहते हैं और इसकी आवश्यकता को देखते हुए नगर पालिका परिषद नगीना एक लंबे समय से सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करना भी चाहती है, परंतु शौचालय का कोई भी व्यक्ति नगर पालिका की भूमि पर भी निर्माण नहीं करने देता है। लेकिन अब इस समस्या को और गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही मुख्य बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यकतानुसार सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कर सुलभ शौचालयों की सुविधाएं नगरवासियों को उपलब्ध कराई जाएगीं।



# शादी की खुशियाँ मातम में बदलीं

## नहर में डूबे धामपुर के दो युवक, तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शादी की खुशियों के बीच उस वक्त मातम पसर गया, जब निकाह के बाद लौटते समय धामपुर के दो युवक नहर में डूब गए। यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब पांच युवक गर्मी से राहत पाने के लिए नहर में नहाने उतर गए थे। हादसे में जीशान और आदिल नामक युवक तेज बहाव में बह गए, जबकि अन्य तीन किसी तरह जान बचाने में सफल रहे।

मिली जानकारी के अनुसार धामपुर के नई बस्ती, नई सराय निवासी शादाब पुत्र छोटे की बारात बिजनौर गई थी। निकाह समारोह में शामिल होने के लिए मोहल्ले के कई युवक और रिश्तेदार भी साथ गए थे। रस्में पूरी होने के बाद पांच युवक एक कार से वापस लौट रहे थे। लौटते समय जब वह हल्दौर के पास झालू पहुंचे, तो गर्मी से परेशान होकर सभी ने नहर में नहाने का फैसला किया।

नहाने के दौरान जीशान और आदिल गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव में बहते चले गए। यह देख बाकी युवक घबरा गए और किसी तरह बाहर निकलकर मदद के लिए शोर मचाया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जो देर शाम तक जारी रहा। खबर लिखे जाने तक दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं मिल पाया था।

इस हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। जहां शादी का घर सजाया गया था, वहां अब मातम पसरा है। जीशान और आदिल के परिजन बदहवासी की हालत में हैं और माहौल गमगीन हो गया है।

### दुआओं में डूबे दो घर, टकटकी लगाए बैठा परिवार

अब सभी की निगाहें नहर किनारे और दुआओं में टिकी हैं कि कोई चमत्कार हो जाए और दोनों युवक सकुशल मिल जाएं। जीशान पांच बहनों का इकभाई भाई है। परिजन तथाा मोहल्ले क लोग घटनास्थल पहुंच गए हैं।

## रास्ते के विवाद में मां-बेटे को पीटा

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव हरपुर निवासी अवधेश पुत्र जय सिंह व कैलो पत्नी जय सिंह गुरुवार की दोपहर को करीब 2:00 बजे गेहूं की गहाई करने के बाद घर वापस आ रहे थे। आरोप है कि घर के ही सामने रास्ते के विवाद को लेकर उसके परिवार के लोगो ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला करते हुए घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर मौके से फरार हो गए। दोनों घायल मां बेटे को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। दूसरे पक्ष के लोग भी घायल बताए जा रहे है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर में बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## दीनी इजलास 22 को

**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान स्थित मदरसा तहसीनुल कुरआन उर्फ दारूल इस्लाम में एक दीनी जलसे का आयोजन किया गया है, जिसमें दीनी इजलास आम के साथ साथ दस्तार ए फजीलत कार्यकम भी होगा। यह जानक. ारी देते हुए मदरसा मोहतमिम कारी जहीर अहमद ने बताया कि मौहल्ला काजीजादगान स्थित पुराना बिजली दफ्तर के पास 22 अप्रैल को बाद नमाज ए ईशा दीनी इजलास आम का आयोजन किया गया है। इजलास में बाहर से उलेमाओं की दीनी व खुसूसी बात सुनने के लिये बेहतर व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस इजलास आम में सिर्फ दीन से मुतल्लिक बाते होगी और किसी की धार्मिक भावनाओं को कोई आहत नहीं पहुंचेगी। उन्होंने इस बाबत एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को भी दिया है।

## जिलाधिकारी करेंगी नगीना में जनसुनवाई

**नगीना।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाला शनिवार का सम्पूर्ण समाधान दिवस नगीना में 17 मई के स्थान पर अब शनिवार 19 अप्रैल को आयोजित होगा। एसडीएम नगीना आशुतोष जायसवाल से मिली जानकारी के अनुसार 17 मई 2025 शनिवार को नगीना तहसील सभागार में जिलाधिकारी बिजनौर की अध्यक्षता में होने वाला आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 17 मई के स्थान पर 19 अप्रैल शनिवार को होगा। जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर के नगीना आगमन के कार्यक्रम में हुए बदलाव की सूचना से तहसील के कर्मचारियों ने जहां अपनी तैयारी शुरू की है।

## दम्पति को लूटा

**किरतपुर।** गांव बढ़ापुर निवासी चेतन अपनी पत्नी काजल के साथ बाइक से अपने गांव बढ़ापुर से नजीबाबाद जा रहा था। गांव मौजीपुर धर्मा के सामने बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक करते हुए रोक लिया और पत्नी के साथ में रखा पर्स लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की। दंपति ने बताया कि बदमाशों के पास काले रंग की स्पेलेडर बाइक से आए और पर्स लेकर भाग गए, जिसमें 10 हजार रुपए, मोबाइल आदि था। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज ( सी.डि. ) बिजनौर**

मूलवाद सं.- 383/2022

**श्रीमती अनिता कुमार बनाम प्रकुल बंसल आदि**

2. नोटिस बनाम रिधिमा बंसल 3. कोपल बंसल पुत्रीगण स्व. श्री सुभाष चन्द 4. आंचल बंसल पुत्र स्व. श्री सुभाष चन्द द्वारा मै. धर्मप्रकाश सुभाषचंद बैंकर्स व सर्राफ, मेन मार्केट, बाजार कला, नगर, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 30/04/02025 बावक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहमद मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब में ऐसे सवालत को दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

**नियत दिनांक:** 30/04/2025

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी.डि. ) बिजनौर**

## कार्यालय नियत प्राधिकारी/ उपजिलाधिकारी, विनियमित क्षेत्र धामपुर ( बिजनौर )।

पत्रांक:- 23/वि.क्षेत्र-धा./नि.कार्य/ 2025-26 दिनांक:- 17-04-2025

### निविदा सूचना

विनियमित क्षेत्र धामपुर के अवस्थापना विकास निधि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने की अनुमति अवस्थापना विकास निधि समिति द्वारा प्रदान की गई है। जिसके क्रम में लोक निर्माण विभाग जनपद बिजनौर अथवा नगर पालिका परिषद धामपुर में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रांकलन की धनराशि | जमानत की धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज धामपुर में किचन का निर्माण। | 6.96 लाख | 0.69 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 2. | राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज धामपुर में स्मार्ट क्लास का निर्माण। | 9.94 लाख | 1.00 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 3. | तहसील धामपुर के सभागार में सीलिंग, वाल पैनल, फ्लोर टाइल्स, राउण्ड टेबिल आदि का कार्य। | 9.93 लाख | 1.00 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 4. | ग्राम जित्तनपुर में श्री राजवीर के मकान से श्री राजराम के मकान तक सी.सी. सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 9.22 लाख | 0.92 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 5. | ग्राम जित्तनपुर में श्री रविन्द्र पाल सिंह के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक सी.सी. सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 9.83 लाख | 1.00 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 6. | ग्राम अल्हैपुर (नौरंगाबाद) में ट्रान्सफारमर से स्योहारा रोड तक (ब्लाक की ओर) सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 2.96 लाख | 0.30 लाख | रु. 500.00 | 03 माह |
| 7. | ग्राम अमखेड़ा में राम फार्म हाउस के पास तालाब की आर.सी.सी. बाल का निर्माण कार्य। | 9.88 लाख | 1.00 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 8. | राजपूत विहार कॉलोनी धामपुर में श्री नवनीत के मकान से मेन रोड तक सी.सी. सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 2.81 लाख | 0.28 लाख | रु. 500.00 | 03 माह |
| 9. | दुर्गा विहार कॉलोनी धामपुर में गेट सं.-1 से श्री लोकेन्द्र सिंह के मकान तक सीसी रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 9.09 लाख | 0.91 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 10. | दुर्गा विहार कॉलोनी धामपुर में श्री घनश्याम के मकान से श्री अंजेय के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 9.92 लाख | 1.00 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 11. | दुर्गा विहार कॉलोनी धामपुर में गेट सं.-2 से श्री राजू पण्डित के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 9.34 लाख | 0.94 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 12. | दुर्गा विहार कॉलोनी धामपुर में श्री तरूण कुमार के मकान से चान्द कुमार के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 9.25 लाख | 0.93 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 13. | दुर्गा विहार कॉलोनी धामपुर में श्री सुमित कुमार के मकान से दिनेश कुमार के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 9.91 लाख | 1.00 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 14. | दुर्गा विहार कॉलोनी धामपुर में श्री अरूण कुमार के मकान से मन्दिर तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 9.75 लाख | 0.98 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |
| 15. | न्यू हिन्दू कॉलोनी धामपुर में श्री हरिओम सिंह के मकान से विश्वास सदन तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 9.69 लाख | 0.97 लाख | रु. 1,000.00 | 03 माह |

1- लोक निर्माण विभाग जनपद बिजनौर अथवा नगर पालिका परिषद धामपुर में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा क्रय करने के पात्र होंगे। ठेकेदार अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र व आई.डी. विनियमित क्षेत्र कार्यालय धामपुर में प्रस्तुत कर दिनांक 13.05.2025 को प्रात: 10.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा करके निविदा क्रय कर सकते है।

2- पूर्ण रूप से भरी निविदायें विनियमित क्षेत्र कार्यालय धामपुर में रखे गये टेण्डर बॉक्स में दिनांक 14-05-2025 को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक डाली जा सकती है तथा निविदायें दिनांक 14.05.2025 को ही सायं 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

3- निर्धारित समय के उपरान्त न तो निविदा का विक्रय किया जायेगा और न ही निविदा टेण्डर बाक्स में डाली जायेंगी तथा सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

4- प्रस्तावित निर्माण कार्यों एवं निविदा के संबंध में समस्त विस्तृत विवरण एवं शर्तें विनियमित क्षेत्र कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

5- निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नियत प्राधिकारी/ उपजिलाधिकारी, विनियमित क्षेत्र धामुपर को सुरक्षित है और सम्बंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी,**
**विनियमित क्षेत्र धामपुर ( बिजनौर )।**

## एक नजर

### मोबाइल चोर गिरफ्तार



**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला कस्बा निवासी मौ. कासिम पुत्र मौ. हनीफ थाने में तहरीर देकर बताया था कि शमशाद पुत्र नजाकत नामक व्यक्ति निवासी ग्राम गढी इलियास प्रधान के घर के पास थाना कांठ जिला मुरादाबाद ने मेरे घर से मोवाइल घडी रौलेक्स, ईअरफोन चोरी करके भाग रहा था। मैंने अपने पुत्र की मदद से मियावाली मस्जिद वाली गली मोहल्ला कस्बा स्योहारा से पकड़ लिया। जिसकी जानकारी पीड़ित ने पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को माल के साथ पकड़ते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का कहना है कि मोबाइल चोर शमशाद पुत्र नजाकत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### शिक्षक के साथ मारपीट

**नांगल सोती।** नांगल निवासी प्रभुधन मिश्रा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका पुत्र ऋतिक मिश्रा तिसोतरा के एक विद्यालय में शिक्षक है। जब वह विद्यालय से वापस लौट रहा था, तभी सौफतपुर पेट्रोल पंप के पास शिवांग उर्फ डाक्टर और एक अज्ञात व्यक्ति से उसके साथ गाली गलौच मारपीट की, शोर सुनकर दोनों लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला कानून एवं अधिकारों पर चर्चा



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी के निर्देशन में शिकायत निवारण, महिला उत्पीड़न एवं एंटी रैगिंग समिति द्वारा महिला सुरक्षा एवं अधिकारों पर एक चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी ने छात्राओं को बताया कि यदि आप किसी की सहायता करना चाहते हैं तो सर्वप्रथम आपको स्वयं सशक्त बना होगा। इसके बाद प्राचार्या ने छात्राओं को बताया कि शिक्षा के माध्यम से ही आप अपने अंदर आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं और सशक्त बन सकते हैं। इसके उपरांत मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता जैन ने छात्राओं के साथ संवाद में छात्रों को बताया कि जब तक आप आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होंगे तब तक आप सशक्त नहीं हो सकते। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1091 आदि के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि यह हेल्पलाइन नंबर आपकी मदद के लिए बनाए गए हैं। परंतु कभी भी इनका दुरुपयोग न करें क्योंकि यदि आप इनका दुरुपयोग करेंगे तो कभी आवश्यकता पड़ने पर यह आपकी सहायता नहीं करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को यह भी बताया कि महिला अधिकारों का आज के समय में दुरुपयोग भी हो रहा है और बहुत से पुरुषों को झूठ केसेस में फंसाया जा रहा है। उन्होंने छात्राओं से अनुरोध किया कि आप कभी भी अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना करें, क्योंकि इसके दूरगामी परिणाम अच्छे नहीं होंगे। इसके बाद छात्राओं ने अपने-अपने प्रश्न संगीता जैन से पूछे, जिनका जवाब उन्होंने छात्राओं को दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति की समन्वयक डॉ. दयावती देवी ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों डॉ. आबिदा खातून, डॉ.मृदुल, डॉ. अल्पना एवं कु. वर्षा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### हाजियों का प्रशिक्षण कैम्प 22 को

**नगीना।** सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा नगर वासियों की समस्या को देखते हुए आजाद समाज पार्टी के मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक शेख परवेज पाशी ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव एसपी तिवारी से मुलाकात कर नगीना में कोरोना काल से बंद पड़े हाजियों के टीकाकरण को शुरू किए जाने की मांग की थी। जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सचिव एसपी तिवारी ने आदेश कर दिए थे, जिसकी सूचना जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बिजनौर ने पत्र द्वारा सूचित करते हुए कहा है कि 22 अप्रैल को इस्लामी जदीद बैतूलमाल नगीना व जामा मस्जिद नगीना में हाजियों का एक कैंप लगेगा, जिसमें उनका प्रशिक्षण व टीकाकरण किया जाएगा। इस खबर से हज के लिए जाने वाले हाजियों में खुशी की लहर हे तथा उन्होंने सांसद चंद्रशेखर आजाद का आभार व्यक्त किया है।

## सपाईयों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** पूर्व मंत्री एवं नगीना विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मनोज पारस व उनके भाई धर्मेंद्र पारस को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर किरतपुर में सपाइयों ने क्षेत्राधिकारी को राज्यपाल के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता साईम राजा एंव नगराध्यक्ष शब्बन जुनैदी, नेतृत्व में थाने पहुंचे। जहां एक ज्ञापन क्षेत्राधिकारी को सौंपते हुए मांग की गई कि सोनू के विरुद्ध संबंधित धाराओं में सख्त कार्यवाही की जाये। सपाइयों ने चेताया कि यदि सख्त कार्यवाही नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी जनपद में बड़ा आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों साईम राजा, शब्बन जूनैदी, नवाब मंसूरी, अखिलेश यादव, मौ. आलिम, चंचल राजपूत आदि हैं।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र नईम व पुत्रवधु इमराना को उनके गलत चाल-चलन व गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने समस्त पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करता हूं। भूतकाल या भविष्य में इनके किसी भी लेनदेन, कृत्य व अपराध के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **फखरुद्दीन पुत्र खैराती निवासी ग्राम मटोरामान, पोस्ट भटियाना खुशहालपुर, थाना, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# संदिग्ध अवस्था में व्यक्ति की मौत

## पुत्र ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला बड़वान में एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। मृतक के पहली पत्नी के पुत्र ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला बड़वान निवासी रामावतार सैनी पीडब्ल्यूडी में चालक के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि वह पिछले काफी समय से बीमार भी चल रहे थे। परिजन उनका मुरादाबाद में उपचार करा रहे थे। रामावतार सैनी की दो पत्नियों का पहले निधन हो चुका है जबकि उनकी तीसरी शादी पूनम से हुई है। जिसके दो लड़के हैं। बीते दिनों रामअवतार सैनी की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। रामवतार की पहली पत्नी के पुत्र नीशू ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपने पिता की हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि करीब 6 माह बाद रामअवतार अपनी नौकरी से रिटायर होने वाला था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चौहान ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।



## बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**नांगल सोती।** नांगल क्षेत्र सहित कई ग्रामीण इलाकों में अंधाधुध की जा रही बिजली कटौती से ग्रामीण खासे परेशान है। बीते कुछ दिनों जैसे जैसे गर्मी का तापमान बढ़ रहा है। गर्मी के मौसम लोगों को बिजली की जरूरत बढ़ रही है, जिसके चलते सौफतपुर बिजली घर लगातार बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। जहां दिन के समय में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर दिन भर शटडाउन के नाम पर कई बार बिजली गुल हो जाती है। वहीं दिन में 11 बजे से 3 बजे तक कंट्रोल से लगातार आपूर्ति ठप करके ग्रामीणों को रुलाया जा रहा है। यह सिलसिला बीते कई दिनों से लगातार बना हुआ है, बिजली की इस कटौती से सौफतपुर बिजली घर से जुड़े नांगल सोती, जीतपुर, खानपुर, शहजादपुर, हरचंदपुर, मायापुरी, सौफतपुर आदि कई गांव के हजारों उपभोक्ता परेशान है। जेई ध्रुव कुशवाह ने बताया कि 132 केवी बिजलीघर बरकतपुर से कटौती के चलते सौफतपुर बिजलीघर पर समस्या बनी हुई।

# तीन जुलाई से शुरू होगी श्री अमरनाथ यात्रा, तैयारी शुरू

## धामपुर शाखा ने सेवा शिविर को दी एक लाख सहायता राशि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाड़ा पंजाब के अध्यक्ष कर्मजीत सिंह मांगा ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों की सेवा करने का पुण्य भगवान की उपासना करने के समान होता है।

स्टेशन मार्ग स्थित श्री रामा रेजिडेंसी में संस्था की धामपुर शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई से प्रारंभ होने वाली श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान बालटाल में लगने वाले शिविर की तैयारी के लिए संस्था के सभी पदाधिकारी दिन-रात कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही इस वर्ष बालटाल में 39 वां शिविर लगाया जाएग, जिसमें पहुंचने वाले भक्तों की नि:शुल्क सेवा की जाएगी। शाखा संयोजक सुशील अग्रवाल पचरंगी ने कहा कि वह भगवान भोलेनाथ की प्रेरणा से ही क्षेत्र के शिव भक्तों को बाबा अमरनाथ बर्फानी की यात्रा करा रहे हैं। कार्यक्रम में धामपुर शाखा की ओर से एक लाख रुपए का चेक अध्यक्ष कर्मजीत सिंह मांगा को भेंट किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा अमरनाथ बर्फानी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों को मोती की माला तथा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में गोरा लाल, शंभू नाथ, पुरुषोत्तम दास, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पीयूष अग्रवाल आदि ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में बिजनौर, नहटौर, शेरकोट, नगीना आदि स्थानों से भी शिव भक्त पहुंचे थे। कार्यक्रम का संचालन पवन संगम ने किया।

## एक नजर

### रकम हड़पने के आरोपी का चालान



**नांगल सोती।** नांगल थाना क्षेत्र के गांव जीतपुर निवासी अभिषेक पुत्र रामकुमार ने 20 अप्रैल 2024 को नांगल पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि हैल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी बंद करने का झांसा देकर एक व्यक्ति ने उसे मोबाइल से कॉल की और भेजे गए ओटीपी को पूछ लिया। झांसे में आकर उसने उक्त व्यक्ति को ओटीपी बता दिया, जिसके बाद उक्त जालसाज व्यक्ति ने उसके बैंक खाते से 79367 रुपए उड़ा लिए। इस मामले में पुलिस ने मुक.दमा दर्ज कर मामले की खोजबीन शुरू कर दी थी। जिसके बाद इस मामले में राहुल पुत्र अजयपाल निवासी भरत सिटी टीला मोड लोनी गाजियाबाद का नाम प्रकाश में आया था, तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी जालसाज राहुल पुत्र अजयपाल को कोट्सराय की नहर की पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 18 पासबुक, 12 एटीएम, 16 सिम कार्ड, 6 मोबाइल फोन, 22 चैकबुक, 3 आधार कार्ड, 1 पैनकार्ड, 1 चैक और पांच सौ रुपए बरामद किए है। पूछताछ के बाद आरोपी के संबंधित मुकदमे में चालान कर दिया।

### गो संरक्षण केंद्र का का निरीक्षण



**अफजलगढ़।** गांव अगवानपुर स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र का गोशाला नोडल अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार व डॉ. पीएस कोहली डिप्टी सीवीओ धामपुर ने गोशाला के नोडल अधिकारी ने औचक निरक्षण किया। इस दौरान गोशाला में संरक्षित गोवंश के हरे चारे, भूसा गोदाम में एकत्रित भूसे आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं बढ़ती गर्मी के चलते पीने के पानी के लिये बनी हौज व गोशाला में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सहित गोशाला संरक्षक ग्राम प्रधान कैलास चंद व कासमपुर गढ़ी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह व अन्य अस्पताल कर्मी मौजूद रहे।

### किसान पर गुलदार ने किया हमला



**स्योहारा।** क्षेत्र में बढ़ रहे गुलदारों के हमले के बीच आज क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में उस समय अफरा तफरी मच गई। जब आज सुबह अपने खेत से गेहूं काट रहे किसान सुनील कुमार (32) पुत्र बलराम सिंह पर अचानक एक गुलदार ने हमला कर दिया। जिसमें सुनील गंभीर घायल हो गया, जिसको सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटना स्थल का मुआयना कर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया है।

### गर्भवती महिलाओं की गोद भराई



**नहटौर।** बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण अभियान के तहत जन मानस को जागरूक करने के लिए वार्ड नंबर 3 के मोहल्ला सराय जोखा सिंह के आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई। बाल विकास परियोजना की सीडीपीओ हेमलता पाल, आंगनवाड़ी कविता, संगीता, सुनीता, शबाना, नाहिदा, खालिदा, मिथिलेश आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्री कार्यक्रम में शामिल हुई। सीडीपीओ हेमलता पाल ने पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की। 6 माह के शिशुओं का अन्नप्रशान कराया गया। उन्होंने इस अभियान के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जनमानस को जागरूक करने का आह्वान किया। बाल विकास परियोजना के कार्यालय से एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में पोषण संबंधी उदघोष लगाती हुई कार्यकत्री चल रही थी। ब्लॉक कार्यालय से प्रारंभ होकर सीएचसी, ब्लॉक कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रोडवेज बस स्टैंड, हल्दौर चौराहे से होकर कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई।

# अब महिलाएं संचालित करेंगी राशन की दुकान, लॉटरी से चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील क्षेत्र की रिक्त चल रही राशन की तीन दुकानों के लिए लॉटरी सिस्टम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में राशन डीलरों के समर्थक शामिल रहे। वहीं पुलिस बल भी मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार तहसील के सभागार में आयोजित लॉटरी चयन के दौरान धामपुर ब्लॉक के गांव सुहागपुर की राशन डीलर के लिए दो आवेदन जमा हुए। जिसमें परवीन जहां पत्नी जमील अहमद के नाम की पर्ची निकली। इसी तरह अथाई शेख के लिए नौ आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मिस्बाह पत्नी रेहान तथा नहटौर के गांव खालिदपुर बलराम के लिए आरती पत्नी कोमल के नाम की पर्ची एक छोटे बच्चे इसके द्वारा निक.ाली गई।

तहसील स्तरीय चयन समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। लकी ड्रा के माध्यम से चयनित महिला डीलर अब गांव में राशन वितरण का कार्यभार संभालेंगी। एसडीएम धामपुर रितु रानी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया संपन्न करने के लिए नामांकन पत्र आमंत्रित किए गए थे। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई है। चयनित महिला कोटेदारों को जल्द ही राशन की आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी।

# कृष्णा में ओपन पावर लिफ्टिंग एंड आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता 26 से



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप आफ कॉलेजेस, बिजनौर व लीजेंड शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन साथ में मिलकर राष्ट्रीय स्तर की ओपन पावर लिफ्टिंग एंड आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता 26 व 27 अप्रैल को होगी।

यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता कृष्णा कॉलेज बिजनौर में आयोजित होगी, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप कुल 3 लाख रूपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। जिसमें देश के जाने-माने पावर लिफ्टर व आर्म रेसलर इस प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे। यह बिजनौर वासियों के लिए बड़े गर्व का विषय है कि इतने बड़े स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णा कॉलेज बिजनौर में हो रहा है। हमारे जिले की खेल प्रतिभाओं को भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा।

कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस बिजनौर के चेयरमैन मनोज कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णा कॉलेज बिजनौर में हो रहा है जिससे हमारे बिजनौर के युवाओं को पावर लिफ्टिंग और आर्म रेसलिंग से जुड़ी स्पर्धाओं में बड़े स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा।आज छात्र छात्राओं की शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी रुचि होनी चाहिए क्योंकि खेलो में आर्थिक रूप से सशक्त होने के कई अवसर विद्यमान हैं। खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर एक छात्र वैश्विक स्तर पर पहचान बना सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को उच्च कोटि का प्रदर्शन करने की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विद्युत विभाग से टैक्स वसूलेगी पालिका

**नहटौर।** नगर पालिका परिक्षेत्र में लगे विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मरों पर पालिका कमर्शियल टैक्स के तहत टैक्स लगाएगी। इसके लिए पालिका ने विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मरों का सर्वे कराना शुरू किया है। इस कार्य के लिए दो टीमे लगाई गई है।

जानकारी के अनुसार शासन के दिशा निर्देशों पर नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए पालिका विद्युत विभाग से भी टैक्स वसूलेगी। नहटौर नगर पालिका परिक्षेत्र में विद्युत विभाग के 25 वार्ड में 97 विद्युत ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। यह विद्युत ट्रांसफार्मर 10 केवीए से लेकर 630 केवीए तक के हैं। नगर पालिका ने इन ट्रांसफॉर्मर का सर्वे कराना शुरू किया है। इसके लिए दो टीमे लगाई गई है। टीम सभी वार्डों व मार्गों पर जाकर लगे विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर को चिन्हित करके जिस स्थान पर विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर लगे हैं। उक्त भूमि की पैमाइश करेगी। कमर्शियल टैक्स के तहत इनसे टैक्स वसूला जाएगा। इसके लिए नगर पालिका ने प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पालिका के टैक्स प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मरों का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के दौरान लगे ट्रांसफार्मर की भूमि की पैमाइश कराई जाएगी। पैमाइश के अनुसार ही कमर्शियल टैक्स के तहत उनसे टैक्स वसूला जाएगा।

# आश्वासन के बाद भाकियू का धरना समाप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक नूरपुर का धरना छठे दिन नूरपुर विद्युत अधिशासी अभियंता सुधांशु श्रीवास्तव एक्शन नूरपुर ने धरना स्थल पर पहुंच कर किसानों से गलती की माफी मांगी और एसडीएम चांदपुर के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अपनी बातों को मनवा कर ये साबित कर दिया है कि एकता में बड़ी ताकत होती है। इस ताकत को हमेशा बनाये रखना जरूरी है। कहीं पर भी किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। चाहे अधिकारी कोई भी हो। इस मौके पर पर ब्लाक अध्यक्ष अमरपाल सिंह, सत्यवीर सिंह उर्फ सोनू, गौरव चौहान, भोपाल सिंह, असफाक अली, शमशेर अली, कफिल सैफी, डॉ. ईशरत, वारिस, देवेन्द्र सिंह, जगत सिंह, सुशील शर्मा सैकड़ों भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चांदपुर में चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

## नगर के सौंदर्यकरण को अतिक्रमणकारी लगा रहे पलीता





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के बाहरी और अंदरूनी इलाकों में एक बार फिर से बढ़ते अतिक्रमण ने नगर की सौंदर्यता को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी।

शहर के स्याऊ तहसील तिराहे, लेवर प्वाइंट तिराहे से लेकर बिजनौर रेलवे फाटक तक और फिर रोडवेज बस स्टैण्ड तक सबसे ज्यादा अतिक्रमण देखने को मिलेगा। जहां पर फड़ व खोके, ठेले और बड़े बड़े लैक्स बोर्ड यहां तक की जमीनो पर कब्जा अतिक्रमण अपने चरम पर दिखाई देगा। अंदर की बात करे तो अतिक्रमण का काफी बड़ा जाल है, जिसमें अतिक्रमणकारियों ने अपनी अपनी दुकानों को सड़कों पर लगाकर सड़के संकरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी। ऐसा एक नहीं अनेक स्थानों पर देखने पर मिल रहा है। अब इसमे कौन गलत है और कौन सही यह तो हम नहीं जानते। योगी सरकार के अधिकारी जांच प्रक्रिया व अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर ही दिखा व बता सकते है।

सूत्रों के अनुसार तहसील प्रशासन व नगर पालिका शीघ्र ही नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की तैयारी कर रही है, जिसके लिये जल्द ही नगर के बाहरी छोर व नगर के अंदरूनी इलाकों में हो रहे अतिक्रमण वाले स्थानों को चिंहित कर कार्यवाही की जायेगी। अब यह अभियान कब चलगा इसके बारे में हम कुछ नहीं जानते। अलबत्ता नगर में एक बार फिर से अतिक्रमण का साम्राज्य बनता जा रहा है। धनौरा रोड, स्याऊ दतियाना रोड, चांदपुर रोडवेज से ग्राम पीपलसाना रोड, धनौरा बाईपास डिग्री कॉलेज द्वितीय गेट वाले रोड आदि अतिक्रमण की चपेट मे है। जहां देखो वहां अतिक्रमण का पर्याय बने अवैध रूप से रखे खोके, फड़ व ठेले यहां तक सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे सड़कों पर लगे बड़े बड़े फ्लैक्स बोर्ड भी चांदपुर की सुंदरता को दाग लगाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। सिटी के बाहरी छोर ही नहीं बल्कि अंदर सिटी में अतिक्रमण ने अपने पैर कुछ इस तरह जमा लिये है कि मानो बस कब्जा करो और और राज करो वाली नीति अपना रखी हो। जनहित की बात कही जाये तो क्या नगर की स्वच्छता और सुंदरता को ग्रहण लगाने वाले इन अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही होगी या फिर समय रहते अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा यह देखने वाली बात होगी।

## एक नजर

### कौसर जहाँ ने कालेज किया टॉप



**धामपुर।** दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के बी. फार्मा सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा घोषित किया गया। जिसमें छात्रा कौसर जहाँ पुत्री जुल्फकार अली ने 81.71 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान, छात्रा समरीन आलम पुत्री आफताब आलम ने 79.71 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान एवं अक्षय कुमार प्रजापति पुत्र श्री अनिल कुमार प्रजापति ने 78.29 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, प्राचार्य फार्मेसी अनुज अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। निधि राजपूत, जसवंत सिंह, मोनू कुमार, सूर्यप्रताप सिसौदिया, ललित कुमार, शिवम कुमार, प्रकुल कुमार, सुनैना राजपूत आदि शिक्षकों ने भी सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं सभी संकायो के छात्र-छात्राओं से आचार्य आशा जताई कि सभी छात्र-छात्राएं आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान, अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन करेगे।

### मंदिर की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई



**धामपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां काली मंदिर नूरपुर रोड में आज सुबह मंदिर की वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाई गई। हवन यज्ञ पुजारी पंडित रामधन गिरी ने कराया। इस दौरान मंदिर में विशाल भंडारे का कार्यक्रम भी हुआ। अध्यक्ष पुखराज सिंह, जयवीर सिंह, संदीप कुमार, कपिल कुमार, रविंद्र सिंह, मोहित सिसोदिया, विक्की लंबरदार, अतुल चौहान, निर्मला देवी, अंकित रानी, नेहा राजपूत, कुंती देवी, सुषमा देवी, विमलेश देवी, सरोज देवी, प्रियंका, सविता देवी, स्वाती हवन यज्ञ में आहुतियां डाली।

### पेड़ पर चढ़ा गुलदार, गांव में दहशत



**धामपुर।** क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक यूकेलिप्टस के पेड़ पर गुलदार चढ़ गया। इस नजारे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों से इलाके में दहशत है। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। मामला धामपुर के गांव नैंनसी वाला के जंगल का है। गांव नैंसी के जंगलों में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब ग्रामीणों ने यूकेलिप्टस के पेड़ पर एक गुलदार को बैठे देखा। गुलदार को देख गांव वालों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। गुलदार के बढ़ते हमलों ने ग्रामीणों को डरा दिया है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है और अब गुलदार को सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ने की कोशिशें जारी हैं।

### आरएसएम में इंटर्नशिप कार्यक्रम



**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से सिजेंटा कंपनी के साथ एक सफल इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 10 छात्र और छात्राओं का चयन हुआ है। कंपनी के टेरेटरी मैनेजर मृदुल दीक्षित ने छात्रों को कंपनी के प्रोफाइल और उनके कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को कंपनी के मिशन और विजन के बारे में भी जानकारी दी। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सहायक प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि इंटर्नशिप प्रोग्राम के अलावा, कॉलेज का प्लेसमेंट सेल छात्रों को प्लेसमेंट दिलाने के लिए भी निरंतर प्रयासरत रहेगा, ताकि छात्रों को उनके करियर में सफलता प्राप्त हो सके। प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ कुमार, मुकेश पटेल, सचिन सैनी और आरएसएम कॉलेज से सुनील कुमार, नवीन कुमार, पंकज सिंह, अभिषेक पंवार आदि मौजूद रहे।

### आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर की मांग

# प्रदेश में लगाया जाए राष्ट्रपति शासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ किया है। सेना के कार्यर्ताओं ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त होने और लगातार बढ़ रहे अपराधों पर रोष और शासन-प्रशासन की रूचि कानून व्यवस्था बनाए रखने के आरोप लगाकर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की।

गुरूवार को आज़ाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गौस उर्फ गौस भैया के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित कलैक्ट्रेट पर सौंपा गया। ज्ञापन में से पूर्व उत्तर प्रदेश में पूरी तरह ध्वस्त होने का आरोप लगाकर विरोध प्रर्दशन किया। जिला मुख्यालय पर राष्ट्रपति के ज्ञापन सौंपकर कहा कि पिछले दिनों पूरे उत्तर प्रदेश में घटी घटनाओं ने प्रदेश में कानून व्यवस्था के पूरी तरह समाप्त होने की तथ्य को प्रमाणित कर दिया है। कासगंज में भाजपा नेता द्वारा बलात्कार, फतेहपुर में ट्रिपल मर्डर, प्रयागराज में दलित युवक को जिंदा जलाना, वाराणसी का जघन्यतम रेप केस एवं राजनैतिक

**कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप**

पीड़ित हरीश मिश्रा को जेल भेजने की घटनाएं प्रदेश में कानून व्यवस्था समाप्त हो जाने के स्पष्ट उदाहरण है। इन सभी मामलों में उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी तरह दबंग के साथ खड़ी दिखी. इतना ही नहीं, आगरा में जिस प्रकार पुलिस संरक्षण में करणी सेना के कार्यक्रम के दौरान अराजक स्थितियां उत्पन्न की गई, उससे प्रदेश में कानून व्यवस्था शून्य हो जाना प्रमाणित होता है। इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि प्रदेश के शासन और प्रशासन की रुचि कानून व्यवस्था को बनाए रखना नहीं, बल्कि अपने खुले संरक्षण में प्रदेश की आम जनता में भय उत्पन्न करना रह गया है। ज्ञापन कहा कि में उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में चल रही सरकार संविधान प्रदत्त अधिकारों और शक्तियों का उपयोग करने में पूरी तरह से अक्षम और अनुपयुक्त सिद्व हो चुकी है। आजाद अधिाकार सेना ने राष्ट्रपति से अपने संवैधानिक शक्तियों का उपयोग करते हुए यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष जरीफ मिर्जा, मंडल सचिव नौशाद अफजल, फैजान खान, परग गुप्ता, किशनपाल, राजिब हुसैन, आशिक एडवोकेट, शाकिर मसूदी, उस्मान खान, रऊफ किदवई आदि मौजूद रहे।



सम्भल- प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।



सम्भल। ई-रिक्शा चालकों और दो पहिया वाहन चालकों को जागरूक करते यातायात पुलिसकर्मी।

## मदरसों की मान्यता पर चल रहे पब्लिक स्कूल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे में कुकुरमुत्तों की तरह इंग्लिस मीडियम के नाम पर मौहल्ले-मौहल्ले शिक्षा की दुकानें खुल गई हैं। इनमें कुछ स्कूल बिना मान्यता के तो कुछ मदरसों की मान्यता से संचालित किए जा रहे है। सम्बंन्धित विभाग इस ओर से अंजान बनने का नाटक कर रहा है।

**बिना मान्यता के भी संचालित हो रहे स्कूल**

कस्बे के मौहल्ला चौधरियान और गिन्नौरी में मदरसों की मान्यता पर इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित किए जा रहे है। जिनमें कोर्स, एडमिशन व मासिक फीस के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। दूसरी और बिना मान्यता के भी सकूल संचालित कर संचालक अपना भविष्य उज्जवल कर रहे है। इनमें ऐंसे संचालक भी हैं जो धर्म समाज के ठेकेदार व समाजसेवी बनते हैं,लेकिन शासन एवं प्रशासनकी आंखो में धूल झोंक कर मनमानी कर रहे हैं जिससे गरीब वर्ग के बच्चों का शिक्षा प्राप्त करना एक सपना बनकर रह जाएगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम भी मजाक बनकर रह गया है।

## कोर्स में ही नहीं फीस में भी मनमानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** निजि स्कूलों में कोर्स के साथ फीस में भी बिना नियामक समिति की अनुमति के ही बढ़ोत्तरी की गई है। डीएम के निर्देशों पर गठित की गई जांच समितियों में अधिकांश ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। जबकि कुछ की आना बाकी है। डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला नियामक शुल्क सभी विद्यालयों की अन्तिम रिपोर्ट आने पर अन्तिम निर्णय लेने की सहमति बनी।

जिले में संचालित स्कूलों में कोर्स, यूनिफार्म और फीस के नाम पर मनमानी किसी से ढकी छिपी नहीं है। नियमों को ताक पर रखकर निजि प्रकाशकों की पुस्तकें और हर वर्ष कोर्स बदलने व फीस बढ़ाकर अभिभावकों पर बोझ डाला जा रहा है। जबकि फीस की

**नियामक शुल्क समिति की बैठक में पेश की गई रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

बढ़ोत्तरी नियामक शुल्क समिति की अनुमति बिना नहीं की जा सकती है। लगातार मिल रही शिकायतो के बाद डीएम के निर्देश पर स्कूलों में जांच कमेटियों का गठन कर जांच करायी गयी। गठित की गई टीमों ने स्कूलों का निरीक्षण किया तो काफी मनमानी सामने आयी। जांच टीमों की रिपोर्ट मिलने के बाद गुरूवार को नियामक याुल्क समिति की बैठक का कलैक्ट्रेट परिसर में आयोजन किया गया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने बताया कि जनपद सम्भल में संचालित समस्त सी.बी.एस.ई तथा आई.सी.एस.ई सेकेंडरी/ सीनियर सेकेंडरी 34 स्कूलों में निर्धारित एनसीईआरटी, एससीईआरटी की पाठय पुस्तकों का प्रयोग, संस्थाओं द्वारा छात्र एवं छात्रओं से लिए जाने वाले शुल्क, यूनिफार्म, अन्य बिन्दुओं पर जनपद के 34 अधिकारियों को लगाया गया था। 22 विद्यालयों की आख्या रिपोर्ट मिल गयी है तथा अन्य की भी शीघ्र प्राप्त हो जाएगी। बैठक में विद्यालय वार गहन समीक्षा करने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अधिकांश विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें संचालित होना संज्ञान में आया तथा विद्यालयों में बिना जिला शुल्क नियामक समिति के अनुमोदन के शुल्क बढोत्तरी का मामला भी संज्ञान में आया है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से वार्ता करें एनसीईआरटी की पाठय पुस्तकों को लेकर उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों की रिपोर्ट अभी तक नहीं आ पायी है वह आ जाए। बैठक में डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल करने के निर्देश दिए। जबकि सभी विद्यालयों की रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम निर्णय लेने की सहमति बनी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार, हिन्द इंटर कालेज सम्भल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खन्ना, एवं अभिभावक बबीता पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



सम्भल- नियामक शुल्क समिति की बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

## बिना पंजीकरण के नहीं चलाएं ई-रिक्शा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** यातायात जागरूकता के तहत ई रिक्शा चालकों को जागरूक किया और बिना पंजीकरण के ई रिक्शा नहीं चलाने पर ज़ोर दिया।

**टीएसआई ने ई-रिक्शा चालकों को किया जागरूक**

गुरूवार को टी एस आई दुष्यंत बालियान व मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत ने चन्दौसा चौराहा स्थित सैल्फी प्वाइंट पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान टीएसआई ने ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया। जबकि बिना रजिस्ट्रेशन की रिक्शा नहीं चलाने पर ज़ोर दिया। उन्होने ई रिक्शा चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि ई रिक्शा सवारी वाहन है इसलिए माल इत्यादि ढोने के लिए ई रिक्शा का प्रयोग ना करें। अनावश्यक ई रिक्शा से माल ढोने में दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम में पैदल यात्रियों एवं वाहन चालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें दो पहिया वाहन पर दोनों सवारी हेलमेट पहने। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। सुरक्षित यात्रा करें। दुर्घटनाओं से बचें,क्योंकि आपका जीवन अनमोल है।

## सम्भल पब्लिक स्कूल का सराहनीय कदम

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** निजी स्कूलों की मनमानी के आगे बेबस छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को अंधेरे में रौशनी की किरण जैसी पहल एक स्कूल ने कर दी कोर्स पर पचास प्रतिशत डिस्काउंट देने का फैसला लिया है। जिसकी प्रशंसा की जा रही है।

कस्बे के सम्भल पब्लिक स्कूल के संचालक काशिफ रजा जाफरी ने बताया कि कमर तोड़ मेंहगाई को देखते हुए सभी छात्र-छात्राओं को कोर्स में पचास प्रतिशत डिस्काउंट देने का काम किया है, जिससे अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी। सम्भल पब्लिक स्कूल की इस पहल को लोगों ने प्रशंसनीय कदम बताते हुए कहा है कि कस्बे के अन्य स्कूल संचालकों को भी अपने-आपको स्कूलों में कोर्स पर डिसकाउंट देना चाहिए। उधर यूनिटि चिल्ड्रैन एकेडमी के निदेशक शबीह अब्बास नकवी का कहना है कि वे पिछले ढाई सालों से आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के बच्चों को हर सम्भव मदद करते आ रहे हैं उनका उददेश्य शिक्षा का दीप हर घर में जलाना है।

## ग्राम प्रधान मुजाहिदपुर के अधिकार किए प्रतिबंधित

**सम्भल।** ग्राम पंचायत मुजाहिदपुर के ग्राम प्रधान की मुसीबते बढ़ती जा रही है। अब प्रारम्भिक जांच में अनियमित्ताएं मिलने पर प्रधान के अधिकाारों को सीज कर दिए है।

## सुरक्षित प्रसव योजनाओं का उठाएं लाभ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सुरक्षित प्रसव को लेकर चल रही सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण इलाकों में भी पहुंच रहा है। इससे माताओं ने सुरक्षित नवजातों को जन्म दिया। यही नहीं, बीमार शिशुओं को सरकारी एंबुलेंस उपचार के लिए अस्पताल लेकर जा रही हैं। गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराना और शिशु की बेहतर देखभाल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार संस्थागत प्रसव सरकारी अस्पतालों में कराने के लिए जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) चल रही हैं। इसके तहत ग्रामीण इलाके की महिला को प्रसव होने पर चौदह सौ रुपये और शहरी महिला को एक हजार रुपये मिलते हैं। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम चल रहा है, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को कई निशुल्क सेवाएं मिलती हैं। इसके तहत एंबुलेंस-102 से घर से लाना-ले जाना, जन्म के एक वर्ष तक यदि बच्चा बीमार होता है तो उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाना, प्रसव के दौरान पौष्टिक आहार, जरूरत पड़ने पर निशुल्क खून की व्यवस्था, गर्भावस्था में एक बार निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलती है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 1, 9, 16 व 24 तारीख को सीएचसी, पीएचसी में हाई रिस्क प्रेगनेंसी में चिह्नित गर्भवती महिलाओं की चिकित्सक जांच करके उपचार करते हैंबबराला महिला चिकित्सालय डा. विनय गंगवार ने बताया कि मातृत्व सुरक्षा के लिए केंद्र व राज्य सरकार की कई योजनाओं चल रही हैं, जिनका लाभ सीधे गर्भवती महिलाओं को मिल रहा हैं। जिससे सुरक्षित प्रसव हो रहा है।

**जननी सुरक्षा के तहत गभर्वती को मिली हैं नि:शुल्क सेवाएं**

## आज से जमकर गूंजेगी शहनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** एक महीने के ब्रेक के बाद फिर से बैंड-बाजा और शहनाई की गूंज सुनाई देगी। 14 अप्रैल को खरमास समाप्त हो गया है, जिससे मांगलिक कार्यो पर लगा विराम खत्म होगा और शुभ कार्यो की शुरुआत हो गयी। खरमास और शुक्र अस्त के कारण 16 मार्च से विवाह जैसे कार्यों पर रोक लगी थी, लेकिन अब यह बाधा दूर होने जा रही है। बाजारों में फिर से रौनक लौटेगी और व्यापार में तेजी आने की उम्मीद है। पण्डित उमाकांत शर्मा ने बताया कि 14 अप्रैल से लेकर 11 जून तक विवाह, मुंडन, सगाई जैसे अन्य मांगलिक कार्य पूरे विधि पूर्वक संपन्न हो सकते हैं। इस अवधि में कुल 24 शुभ मुहूर्त मिल रहे हैं। अप्रैल में सात, मई में

**मांगलिक कार्यो पर लगा ब्रेक हुआ खत्म**

12 और जून में पांच शुभ मुहूर्त हैं। ऐसे में मई में सबसे अधिक शुभ मुहूर्त होने से मांगलिक कार्यो की धूम रहेगी। उन्होंने बताया कि यद्यपि मांगलिक कार्य रुके थे, लेकिन उपनयन संस्कार, नामकरण, गृह प्रवेश और धार्मिक अनुष्ठान जैसे अन्य शुभ कार्य इस दौरान भी होते रहे। उन्होंने बताया कि 11 जून को बृहस्पति अस्त हो जाएगा, जिससे एक बार फिर मांगलिक कार्यो पर विराम लगेगा। इसके बाद छह जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ चार माह के चातुर्मास अवधि शुरू हो जाएगी। इस समय भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, जिससे शास्त्रों के अनुसार मांगलिक कार्य वर्जित हो जाते हैं। यह स्थिति 31 अक्टूबर तक बनी रहेगी। फिलहाल शुभ कार्यो की बहाली से शादी-ब्याह के आयोजनों में तेजी आएगी, जिससे होटल, मैरिज हॉल, कैटरिंग, कपड़ों की बिक्री और बैंड-बाजे वालों के व्यवसाय में भी रौनक लौटेगी। उधार, हरि प्रबोधिानी एकादशी के दिन यानी एक नवंबर से मांगलिक कार्यो की फिर से शुरुआत होगी। इस दिन से विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यो के लिए मुहूर्त खुलेंगे।



सम्भल- स्कूल चलो अभियान के तहत पुरस्कार वितरण में सम्मानित स्कूली बच्चे।

## परशुराम जयंती भव्य बनाने को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद की तीनों तहसीलों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले विविध धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं शोभायात्राओं की सफलता को डीएम को मांग पत्र सौंपा गया।

परशुराम जनमोत्सव समिति के एडवोकेट उमेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधािकारी डा.. राजेंद्र पेंसिया को मांगपत्र सौंप कर कार्यक्रम स्थलों पर प्रशासनिक समन्वय, स्वच्छता व्यवस्था तथा निर्बाध जल एवं विद्युत आपूर्ति की मांग की गई, ताकि श्रृद्वालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आयोजन श्रृद्वा व उत्साह के साथ संपन्न हो सके। ज्ञापन में कहा कि कार्यक्रमों का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सांस्कृतिक चेतना और एकता का संचार करना है।जिसमें 29 अप्रैल तहसील गुन्नौर के गँवा नगर में शोभायात्रा, हवन-पूजन व भंडारा। 30 अप्रैल तहसील सम्भल, चंदौसी एवं बहजोई में भव्य आयोजन, जिसमें प्राण प्रतिष्ठा ,हवन, पूजन, शोभायात्र एवं भंडारे शामिल होंगे। इस दौरान संजीव शुक्ला,राज कुमार शर्मा, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## गन्ना किसानों को कीट से लड़ने को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** गन्ने की पैदावार बढ़ाने गन्ना खेती में लागत कम करने अनावश्यक कीटनाशको के प्रयोग से बचने तथा कीटनाशक एवं उर्वरको को सही समय सही विधि से उपयोग करने के लक्ष्य के अंतर्गत चोटी बेदक कीट टॉप बोरर निमंत्रण अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया।

**डीएसएम शुगर मिल ने गांव-गांव निकाली रैली**

धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लि. ,असमोली द्वारा विगत वर्षों में चोटी बेदक कीट से हुई हानि को रोकने कृषकों को चोटी बेदक पायरिला एवं गन्ने की फसल में सिंचाई यूरिया एवं निराई गुड़ाई के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक करने के लिए किया गया। रैली चीनी मिल गेट से क्षेत्र के 75 गांव से होकर गुजरी। गन्ना विभाग के अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा गाड़ियों एवं मोटर साइकिल पर सवार होकर निकाली गई। रैली को असमोली धामपुर बायो ऑर्गेनिक के सीईओ चारु कोहरवाल तथा मिल मैनेजमेंट द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान एम आर खान ने कहा कि कृषकों को छूंठ पर नेटजैन सी.टी.पी.आर. 150 एम एल बोतल मात्र रु 500 में उपलब्ध कराई जा रही है,ताकि यह सब प्रतिशत खेतों में इसका प्रयोग कराया जा सके और चोटी बेदक कीट पर निमंत्रण किया जाए। जबकि कृषकों के गन्ने की पैदावार को बढ़ाया जाए। मिल कृषकों के गन्ने की पैदावार बढ़ाने खरीदने एवं उसका समय से भुगतान करने के लिए प्रतिबद्व है,साथ ही साथ उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वर्तमान समय बसंत कालीन गन्ना बुवाई का समय चल रहा है,कृषक अधिक से अधिक क्षेत्र भर में गन्ने की बुवाई करें,तथा जिन कृषकों के पास गन्ना बुवाई के लिए बीज उपलब्ध नहीं है तो चीनी मिल ने उन कृषकों को उन्नत प्रजाति की वैरायटी 0118, 1503, 14201, 13225 का बीज उपलब्ध करा रही है,महाप्रबंधक गन्ना इंद्र कुमार शर्मा ने सभी स्टाफ का आहवान किया। उन्होंने कहा कि चीनी मिल क्षेत्र के प्रत्येक कृषक तक नेटजैन कीटनाशक पहुंचाने एवं उसे सही तरीके से कृषकों के गन्ने के खेतों में लगवाने की जिम्मेदारी फील्ड स्टाफ की होगी,जिससे कृषकों की गन्ने की फसल अच्छी पैदावार दें, और कृषक एवं चीनी मिल दोनों खुशहाल रहे। इस अवसर पर चीनी मिल के कारखाना प्रबंधक रुद्र नारायन, महाप्रबंधक मेकेनिकल धर्मेंद्र सिंह, महाप्रबंधक उत्पादन पवन शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक लोकेंद्र सिंह,उदय भान सिंह, राजकुमार, भगवत सिंह, कशिश भटनागर, सुरजीत सिंह,चीनी मिल के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बबराला में आज छह घंटे बाधित रहेगी बिजली

**बबराला।** विद्युत वितरण खण्ड, बबराला के 33/11 केवी उपकेन्द्र पर आज समय सुबह 11 से सायं 5 बजे तक विद्युत उपकेन्द्र बबराला पर सीटी एवं कंट्रोल पैनल बदलने के कारण विद्युत आपूर्ति 6 घण्टे बाधित रहेगी।बबराला के 33ध11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र पर कार्यदायी संस्था बी. दयाल द्वारा सीटी एवं कंट्रोल पैनल बदलने का कार्य आज 18 अप्रैल (शुक्रवार) को कराया जाएगा। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बबराला अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सीटी एंव कंट्रोल पैनल बदलने के दृष्टिगत 33ध11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र बबराला से पोषित समस्त क्षेत्रों में 18अप्रैल (आज) सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जिसमें नगर बबराला के साथ एक दर्जन से अधिक गांवों की आपूर्ति बाधित रहेगी।

## बीएसएनल ने बांटे सिम

**बबराला।** दूर संचार क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा में बीएसएनल ने भी अपने उपभोक्ताओं को बढ़ाना शुरू कर दिया है। गुरूवार को कैम्प लगाकर बबराला में 25 उपभोक्ताओं को नि:शुल्क सिम दिए।

## जब हर बालक होगा विद्यालय में नामांकित, तभी होगा भारत का विकास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकास क्षेत्र पंवासा के जूनियर हाईस्कूल शेर खां सराय में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम कराया गया जिसका शुभारंभ राजेश सिंघल, अजय कुमार शर्मा,द्वदेश यादव एवं अवधेश प्रताप ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि आज बेटियॉं हर क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर हैं। हमें उनकी शिक्षा पर विशेष धयान देने की आवश्यकता है ताकि उनके कदम न ठहरें। हिन्दू जागृति मंच के प्रदेश अधयक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा वह संजीवनी है जो हमें समाज में सम्मान दिलाती है और हमारे जीवन के रास्तों को सरल बना देती है। एक कुशल नागरिक बनने के लिए, प्रत्येक बालक को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। पंवासा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वदेश यादव ने विद्यालयी व्यवस्थाओं की प्रशंसा में कहा कि विद्यालय का अनुशासन अनुकरणीय है। इस अवसर पर विद्यालय को एक वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा भी उनके द्वारा की गई। कार्यक्रम संयोजक अमीर जहां तुर्की ने विद्यालय में हुए विकास पर चर्चा करते हुए, अपने आगामी मंतव्य को जाहिर किया कि आगे भी जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष पाठय-सामग्री का वितरण समय-समय पर किया जाता रहेगा, ताकि उनकी शिक्षा में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। मंचस्थ अतिथियों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, पानी की बोतल एवं पाठय-सामग्री सौंप कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नीरज कुमार गुप्ता, डा. हरस्वरूप, सुखबीर सिंह, अविनाश सिंह, अर्जुन वाल्मीकि, अवधोश प्रताप सिंह ,सलमान तुर्की ,सुबोध ा गुप्ता, वसीम अख्तर, शशि भूषण शास्त्री, मुनीर जहां, सत्यपाल सिंह, भगवान सिंह, हिना नाज बी, राजेंद्र गुर्जर, ज्योति चौधारी, खुशबू फातिमा, अफिया तल्त, फरीदा जिया, गुलाम अब्बास, अब्दुलर्रहमान आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इमरान तुर्की ने एवं संचालन अतुल कुमार शर्मा एवं वसीम अख्तर ने संयुक्त रूप से किया।

**नामांकन जागरूकता को जू. हाई स्कूल में हुआ विशाल कार्यक्रम**

## विवादित पोस्ट करने का आरोपी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया।

थाना धनारी करणी सेना के जिला अध्यक्ष रितिक राजपूत ने अपने समर्थकों के साथ थाना धनारी में विवादित पोस्ट करने के आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उस पर मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया गया। बताया जा रहा है कि विवादित पोस्ट करने वाला युवक थाना धनारी क्षेत्र के गांव का है। विवादित पोस्ट करने वाले युवक ने फर्जी आईडी बनाकर ठाकुर समाज व जिला अध्यक्ष करणी सैना युवा शक्ति ठाकुर रितिक राजपूत को गंदी-गंदी गालियां देने और मारने की धमकी शब्दों को पोस्ट में किया था। इससे ठाकुर समाज में रोष फैल गया था। करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष कुनाल ठाकुर ने कहा कि हम किसी जाति विशेष का विरोध नहीं करते समाज में इस तरह की मानसिकता वाले लोग समाज को दूषित करने का काम करते हैं इस तरह से आपत्तिजनक पोस्ट ठाकुर समाज के खिलाफ करना बेहद शर्मनाक है।

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** ब्रेजा कार ने बाइक मे मारी टक्कर, हादसे में एक व्यक्ति की मौत। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के हवाई पट्टी मोड पर बुधवार रात 10.30बजे तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक मे टक्कर मार दी हादसे से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका साला गम्भीर घायल हो गया है उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भदासना निवासी कैलाश (२२) मुरादाबाद फर्म में नौकरी करता था बुधवार रात उसका साला ढकिया चंदौसी गांव में शादी मे शामिल होने आया था। दोनों किसी काम से हवाई अड्डे मोड पार स्थित दुकान पर गए थे वहाँ से वापस लौटते समय मोड पार कर रहे थे इस दौरान तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी हादसे से



कैलाश की मौके मृत्यु हो गई जबकि विवेक गंभीर घायल हो गया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवा दिया। मृतक कैलाश की पत्नी अंशू, छह माह का बेटा है। एस एच ओ राजीव कुमार शर्मा ने चालक सहित कार को कब्जे में ले लिया है।

# आईएफटीएम के विद्यार्थियों ने किया 'राष्ट्रीय प्राणी उद्यान', नई दिल्ली का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के बी.एससी- जेडबीसी, षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु भारत के सुप्रसिद्ध ''राष्ट्रीय प्राणी उद्यान'', नई दिल्ली के एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि शैक्षिक भ्रमण का एक अलग महत्व है, इससे विद्यार्थी व्यावसायिक बारीकियों को करीब से देखता व समझता है।

वहीं स्कूल के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण न केवल विषयगत ज्ञान को समृद्ध करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व और नैतिक मूल्यों के निर्माण में भी अत्यंत सहायक होते है। प्रो. सिंह ने बताया कि हरियाली से आच्छादित राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्राणी उद्यान जो सैकड़ों प्रजातियों के जानवरों, पक्षियों और सरीसृपों का प्राकृतिक आवास है। यहां न केवल एक आकर्षक पर्यटन स्थल है, बल्कि यह प्रकृति प्रेमियों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत शैक्षणिक केंद्र के रूप में कार्य करता है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उद्यान में संरक्षण के विविध प्रयासों जैसे लुप्तप्राय प्रजातियों का प्रजनन, पशु व्यवहार पर अनुसंधान तथा वैश्विक संस्थानों से सहयोग आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने स्तनपायी पिंजरों, सरीसृप गृह एवं पक्षीशाला जैसी आकर्षक संरचनाओं का अवलोकन भी किया। विदेशी और दुर्लभ जीवों को देखकर विद्यार्थी न केवल रोमांचित हुए, बल्कि उनके प्राकृतिक आवास, व्यवहार और संरक्षण की स्थिति को जानने में भी गहरी रुचि दिखाई। प्रो. सिंह ने यह भी




कहा कि यह भ्रमण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद रहा। कार्यक्रम का सफल संयोजन जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. स्मिता ज्योति एवं वनस्पति विज्ञान के डॉ. अशोक कुमार के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजन को प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित बनाने में सह-आयोजिका डॉ. अंशुल श्रीवास्तव तथा मिस संध्या शर्मा ने विशेष भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त रसायन विज्ञान के डॉ. तरुण कांति सरकार, प्रयोगशाला सहायक श्री जयवीर सिंह तथा गैर-शिक्षण कर्मचारियों श्री जय प्रकाश एवं श्री हरिओम शर्मा का सहयोग भी अत्यंत सराहनीय रहा। इस शैक्षणिक भ्रमण में 32 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

## एक नजर

### ताड़ीखाना चौराहे की टूटी सड़क को सहीं कराए जाने की मांग, नगरायुक्त को सौंपा प्रार्थना पत्र

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** यशपाल शर्मा एडवोकेट ने नगर आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर स्मार्ट सिटी में टूटी सड़कों को सही कराये जाने की मांग की है। बताते चले कि इसी क्रम में ताड़ीखाना पारकर रोड की सड़क काफी दिनों से टूटी पड़ी है लेकिन अभी तक सड़क को ठीक नहीं कराया गया है। नगर आयुक्त को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि इसी स्थान पर कैनरा बैंक के सामने चाय-समोसा की दुकान पश्चिम दिशा के पास बिजली के दो खम्भे काफी समय से गिरे हुए है तथा पारकर रोड की सड़क में गडढे ही गडढ़े है जो राष्ट्रीय राजमार्ग तक टूटी हुई है।

यहां पर इंटर कॉलेज के बच्चों को आने-जाने में टूटी सड़क से गुजरना पड़ता है तथा रेलवे के अधिकारियों के भी आवास है। फिर भी सड़क को सहीं नहीं कराया गया। जनवरी माह में भी इस बावत प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन आज तक इस सड़क की मरम्मत तक नहीं करायी है और टूटी सड़क से कॉलेज के छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना के अन्तर्गत चार जुलाई तक करें आवेदन

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने जनपद के समस्त हस्तशिल्पियों को सूचित किया है कि उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ०प्र० कानपुर द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु संचालित विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजनान्तर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। दिनांक 04 जुलाई 2025 तक जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र मुरादाबाद में आवेदन करें। आवेदन पत्र जिन हस्तशिल्पियों द्वारा भरा जायेगा उनके लिए यह अनिवार्यता है पुरस्कार हेतु जो कलाकृति बनाई गई है।

कलाकृति के उत्पादन के विभिन्न चरणों तथा प्रारम्भ से अन्त तक की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनपद के समस्त हस्तशिल्पियों को सूचित किया जाता है कि कलाकृतियां तैयार कर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। इस योजना का लाभ लेने हेतु हस्तशिल्पियों की न्यूनतम आयु 25 वर्ष या उससे अधिक हो तथा हस्तशिल्प क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव हो, हस्तशिल्प विकास आयुक्त हस्तशिल्प द्वारा शिल्पी पहचान पत्र हो, पुरस्कार हेतु कलाकृति स्वयं की बनाई हो तथा हस्तशिल्पियों को राज्य पुरस्कार एक ही बार दिया जायेगा और जिन हस्तशिल्पियों को राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त हो चुका है वे पात्र नहीं होंगे।

# स्मार्ट ट्रेनर बने रचित अग्रवाल निवेशकों के लिए प्रेरणा का स्रोत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूनाइटेड रिसोर्सिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक रचित अग्रवाल, ने एक नई ऊँचाई हासिल की है। यह उपलब्धि उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और समाज को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के जुनून को दर्शाती है। **वित्तीय जागरूकता की क्रांति:** रचित अग्रवाल ने 20 से 21 मार्च 2025 तक आयोजित एसईबीआई के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। अब वे पूरे उत्तर प्रदेश में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं, जिससे लोग निवेश के सही फैसले ले सकें और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बन सकें। रचित अग्रवाल कहते हैं। हर व्यक्ति को निवेश से जुड़ी सही जानकारी और सुरक्षा उपायों



का ज्ञान होना चाहिए। मेरा लक्ष्य है कि मैं अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचूँ और उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाऊँ। मुरादाबाद को यह उपलब्धि पर गर्व है। अब शहर और पूरे उत्तर प्रदेश के निवेशकों को नि:शुल्क वित्तीय शिक्षा और बाजार जागरूकता कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। एसईबीआई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, ये कार्यक्रम पूरी तरह से निशुल्क होंगे, जिससे निवेशकों को सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा में मेहनत करने से कुछ भी असंभव नहीं। यह मुरादाबाद के युवाओं और निवेशकों के लिए एक प्रेरणा है कि वे वित्तीय शिक्षा प्राप्त करें और अपने सपनों को साकार करें।

# व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन इकाई द्वारा लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें पीतल नगरी का स्मृति चिन्ह राम दरबार भेंट किया तथा व्यापारियों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया।कि जी.एस.टी की सचल दल इकाईया व्यापारियों को भौतिक सत्यापन के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न करती है माल के साथ सारे कागजात उपलब्ध होने के बावजूद उत्पीड़न करती है तथा सुविधा शुल्क लेके वो माल छोड़ दिया जाता है जबकि कागजो में कोई कमी नही होती है। जो व्यापारी जी.एस.टी में रजिस्टर्ड है, उनको शस्त्र लाइसेंस दिलवाने की कृपा करें।तथा जो 70 वर्ष की आयु पर आयुषमान योजना है, उसे घटाकर ६० वर्ष करवाने की कृपा करें।शहर में हो रहे अतिक्रमण के नाम पर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न किया जाये।मुख्यमंत्री के द्वारा सभी का उचित समाधान हेतु आश्वासन दिया गया। महानगर महामंत्री सुनील अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष महानगर विपिन गुप्ता,आयकर एवं राज्यकर कानूनी सलाहकार महानगर संदीप गुप्ता (अधिवक्ता), व्यापारी आशुतोष गुप्ता मौजूद रहे।

## प्रेम ग्रोवर बने व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने संभल ईकाई के जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर को प्रदेश की कमान सौंपते हुए प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। चन्दौसी के मौहल्ला सीकरी गेट पर हुई संगठन की बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के २७ वर्षों से जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर को राष्ट्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश संगठन मंत्री बनाये जाने पर हर्ष जताया। इस मौके पर सुशील अग्रवाल, उमेर शमसी, अनुज वार्ष्णेय, राजू चडढा, प्रभात कृष्णा, उमेश वार्ष्णेय, प्रमोद अग्रवाल आदि रहे।


### सूचना

नाम व जन्मतिथि संशोधित सूचना मेरी पत्नी का सेवा पुस्तिकाकरण में नाम शबाना खातून दर्ज है जो गलत है, वास्तव में मेरी पत्नी का सही नाम साबना खातून (SABANA KHATUN) है। मेरी पत्नी की जन्मतिथि सेवा पुस्तिका में 19.02.1984 दर्ज है जबकि आधार कार्ड व पेन कार्ड के अनुसार सही जन्मतिथि 19.01.1984 है। **निशार अली पुत्र मुश्ताक अली निवासी ग्राम सिढावली पोस्ट जहॉगीरपुर तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद शाहवेज व पुत्रवधू श्रीमती निशा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद अबरार पुत्र मुस्तकीम काशीराम योजना सोनकपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम AJIM AHMAD से बदलकर अब **AZEEM AHMAD** रख लिया है भविष्य में मुझे अब **AZEEM AHMAD** पुत्र **FAIM AHAMAD** के नाम से जाना जाए। निवासी मोहल्ला नौधना, शेरकोट जिला बिजनौर।

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र राहुल व पुत्रवधू श्रीमती सोनी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती शीला देवी पत्नी राजेंद्र सिंह निवासी मकान नंबर-49 सूर्य नगर लाइनपार निकट ढक्का की पुलिया थाना मझोला शहर व जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र योगेश कुमार व पुत्रवधू श्रीमती आशु को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सतीश पाल पुत्र भूकन सरन निवासी मोहल्ला विकास नगर कमला नेहरू पब्लिक स्कूल के पास लाइनपार थाना मझोला शहर व जिला मुरादाबाद।**


# अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में चेयरपर्सन के रूप में प्रतिभाग करेंगी: चारू मेहरोत्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन के तत्वावधान में 20 से 26 अप्रैल को वियतनाम में आयोजित होने वाली आठवीं अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में चेयरपर्सन के रूप में प्रतिभाग करेंगी तथा कमला मार्कंडेय की ष्एक छलनी में अमृतष में पारिस्थितिक नारीवाद और महिला सशक्तिकरण विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगी/व्याख्यान देंगी। अपने शोध विषय इकोफेमिनिज्म तथा उपन्यास की विषय वस्तु को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया है कि प्रकृति के प्रति स्त्री और पुरुष के दृष्टिकोण में स्वभावगत अंतर पाया जाता है। जहां स्त्रियां प्रकृति के प्रति सम्मानपूर्ण और सहानुभूति पूर्ण दृष्टिकोण रखती हैं, वहीं दूसरी ओर पुरुष प्रकृति द्वारा उपलब्ध संसाधनों जैसे भूमि,पशु आदि के प्रति एक उपभोक्तावादी दृष्टिकोण लेकर चलते हैं।वैश्वीकरण के दौर में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की इस प्रवृत्ति के कारण तापमान वृद्धि और जलवायु संकट का लगातार सामना करना पड़ रहा है। कमला मार्कंडेय ने



उपन्यास के पात्रों के माध्यम से यह सुझाव दिया है कि प्रकृति के साथ एक संतुलित और सामंजस्यपूर्ण संबंध संभव हैख्एक ऐसा संबंध जो सभी जीवित प्राणियों के सहसंबध को पहचानता है। उपन्यास का पात्र 'हनी' एक शक्तिशाली पारिस्थितिकी- नारीवादी आलोचना प्रस्तुत करता है कि पारिस्थितिक संकट के मूल में पितृसत्तात्मक सोच निहित है।घ इस दृष्टिकोण के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इस उपलब्धि पर समस्त महाविद्यालय परिवार ने प्राचार्या जी को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# टीसीआई एक्सप्रेस लि. ने किया टिमिट के एमबीए के विद्यार्थियों का शानदार पैकेज पर चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में फाईनल ईयर के एमबीए विद्यार्थियों के लिये देश की बहुप्रतिष्ठित देश की नं०1 शिपिंग व लॉजिस्टिक कंपनी "ट्रान्सपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड (टी.सी.आई. एक्सप्रेस लि.)" ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। कम्पनी की ओर से सीनियर चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर, रिजनल एचआर व एवीपी एचआर ने कम्पनी व जॉब के बारें में सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों की जॉब सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। सभी विद्यार्थियों के सेल्स ऐप्टीट्यूड टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इन्टरव्यू लिये गये। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के एमबीए के छात्र बिरजू कुमार यादव, चंचल लांबा, रनबहादुर सिंह और अजय कुमार को अंतिम रूप से चयनित कर ज्वाइनिंग प्रदान की गायी। चयनित छात्रों ने इस



बिरजू कुमार यादव | चंचल लांबा | रनबहादुर सिंह | अजय कुमार

उपलब्धि का श्रेय टिमिट के सवोत्तम स्लेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सवोत्तम फैकल्टीज के साथ प्लेसमेंट सेल की क्रिया उत्तम प्रणाली को प्रदान किया और कहा कि टिमिट से एमबीए करने के साथ उनके सपनों की मजिल मिल गई है इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों की सफलता हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। टिमिट में हम छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार कौशल भी प्रदान करते हैं। एमबीए जैसे पाठ्यक्रमों में आपने जो मेहनत की है, उसका परिणाम आज आपके सफल करियर के रूप में सामने है। आपकी नौकरी लगने की खबर न केवल आपके लिए बल्कि पूरे टिमिट परिवार के लिए गर्व का विषय है। हम आशा करते हैं कि आप अपने नए करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और हमेशा आगे बढ़ते रहेंगे। टिमिट परिवार की ओर से आपको ढेरों शुभकामनाएं और भविष्य के लिए हार्दिक बधाई। इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि० डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने चयन प्रक्रिया में शामिल टी.सी.आई.एक्सप्रेस कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा अपने छात्रों को उद्योग की मांगों के अनुसार प्रशिक्षित करने में अग्रणी रहा है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने संस्थान का नाम रोशन करें।

# टीएमयू फार्मेसी की नेशनल कॉन्फ्रेंस आज से, जुटेंगे नामचीन एक्सपर्ट्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशन: स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री-अकेडमिया कोलाबोरेशन पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस- एनसीपीआरआई 2025 का टीएमयू के ऑडी में 18 अप्रैल को प्रात: 10 बजे शंखनाद होगा। नेशनल बायोफर्मा मिशन के डायरेक्टर डॉ. राज के. शिरुमल्ला बतौर मुख्य अतिथि, जबकि पीसीआई फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन डॉ. विभु साहनी और पीसीआई ईआरसी के चेयरमैन डॉ. दीपेन्द्र सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि कॉन्फ्रेंस में शिरकत करेंगे। एनसीपीआरआई कॉन्फ्रेंस में यूनिवर्सिटी की इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी का भी सहयोग रहेगा। कॉन्फ्रेंस में देश के एक दर्जन से अधिक दिग्गज फार्मेसी एक्सपर्ट्स अपने-अपने अनुभव साझा करेंगे। कॉन्फ्रेंस में मेडिसिंस में होने वाले इन्नोवेटिव रिसर्च, फार्माकोविजिलेंस, दवाओं का सकारात्मक और नकारात्मक परिणाम, उद्योगो के अनुरुप स्किल डवपलमेंट, जैव प्रोद्योगिकी और प्रोसेस ऑटोमेशन सरीखे विषयों पर मंथन होगा। एनसीपीआरआई में स्टुडेंट्स, फैकल्टीज, रिसर्चर्स की ओर से 78 ओरल रिसर्च पेपर्स और 81 पोस्टर्स भी प्रस्तुत होंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान सोवेनियर का विमोचन भी होगा। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन के संग-संग कॉन्फ्रेंस चेयर एवम् फार्मेसी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा, कन्वीनर प्रो. फूलचन्द, को-कन्वीनर- प्रो. मयूर पोरवाल एवम् प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा, सेक्रेटरी डॉ. आशीष सिंघई, श्री आदित्य विक्रम जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। एनसीपीआरआई 2025 में बीआईटीएस, पिलानी के डॉ. हेमंत जाधव, असेंचर के एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट डॉ. परेश वार्ष्णेय, बायोलॉजीकल ई लि. के प्लांट प्रोडक्शन मैनेजर श्री राकेश श्रीवास्तव, ल्युपिन के कॉर्पोरेट अफेयर्स डायरेक्टर श्री अभिनव श्रीवास्तव, जामिया हमदर्द, दिल्ली के डीन डॉ. फरहान जे. अहमद, सीडीआरआई, लखनऊ के साइंटिस्ट डॉ. नसीम अहमद सिद्दीकी, डीपीएसआरयू, दिल्ली की डॉ. प्रीति जैन, एकम्स फार्मा के जीएम डॉ. योगेन्द्र सिंह, प्रीमीडियम फार्मास्युटिकल के निदेशक डॉ. डी. बिर्डी, जाइडस केडिला से डॉ. गौरव गोयल, ग्लोबल हैवकोम टेक्नोलॉजीज लि. के हेड कंप्लायंस श्री विक्रांत धामा, ग्लोबल हैवकोम टेक्नोलॉजीज लि. के डिजिटल कंप्लायंस कंसल्टेंट अगम त्यागी, एमईटी फार्मेसी कॉलेज की प्रोफेसर मंजरी मित्तल, एसआर इंस्टिट्यूट, बरेली के निदेशक प्रो. अतुल गंगवार, एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम में फार्मेसी कॉलेज के हेड प्रो. दिनेश कुमार यादव, एवीआईपीएस शोभित यूनिवर्सिटी, गंगोह में फार्मेसी कॉलेज के हेड प्रो. मयंक यादव भी अपना व्याख्यान देंगे। कॉन्फ्रेंस में मेडिसिनस के युगपत समीकरण विधि से विश्लेषण की क्यूबीडी विधि, नोवल ड्रग डिलीवरी सिस्टम में अनुसंधान की संभावनाओं, क्रोमीन ३-कार्बोक्सिलेट व्युत्पन्नों का इन-सिलिको विधि से डिजाइन और विकास: एटी१आर और एनईपी के डुअल इनहिबिटर्स के रूप में सरीखे विषयों पर एक्सपर्ट्स अपने-अपने विचार साझा करेंगे। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन उद्योगों की जरूरतों के मुताबिक आवश्यक स्किल्स, इंटर्नशिप, इंडस्ट्री द्वारा प्रायोजित प्रोजेक्ट, करिकुलम अपडेट, पर्सनेलाइज्ड मेडिसिन, जैव प्रोद्योगिकी, प्रोसेस ऑटोमेशन के स्किल्स, जबकि दूसरे दिन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज में कम्प्यूटर सिस्टम वैलिडेशन, एआई, क्रिस्पर, डिजिटलाइजेशन जैसी तकनीकों से पाठ्यक्रम अपडेशन पर पैनल डिसक्शन होगा।





## कार्यालय ग्राम पंचायत शरीफनगर
### विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. शरीफनगर /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 **दिनांक:** 17.04.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शरीफनगर वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 18.04.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 24.04.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 24.04.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत शरीफनगर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## अलीना को हाईकोर्ट स्टेनों के पद पर चयनित होने पर समारोह पूर्वक सम्मानित

**ठाकुरद्वारा।** हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित संगोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी एवं खंड विकास अधिकारी चौतन्य कुमार पाठक ने अलीना को हाईकोर्ट स्टेनों के पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया। अलीना सरकारी स्कूल



(उच्च प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्लापुर लेदा ) की भूतपूर्व छात्रा रही है । एक सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर के उपलब्धि प्राप्त करने से गाँव में खुशी का माहौल है ,और ग्राम वासियो में सरकारी विद्यालय के प्रति एक विश्वास जगा है । सरकारी विद्यालय से अपनी प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर नौकरी प्राप्त करने से गांव वासी तथा सभी बच्चे बहुत अधिक प्रेरित हैं यह उच्च प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्लापुर लेदा के लिए एक अत्यंत सम्मान का विषय है ।संगोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जीके जीवन परिचय एवं संविधान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया तथा पिछडे एवं वंचित वर्ग को शिक्षा से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया । इस दौरान पीयूष शर्मा , सोनिया चौहान, प्रधान पति वीर सिंह उर्फ विरू आदि मौजूद रहे।

## यातायात सुरक्षा चेकिंग के दौरान शराब पीकर ट्रक चालक से वसूला 10 हजार का जुर्माना



**ठाकुरद्वारा।** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देश पर ठाकुरद्वारा पर तिकोनिया चौराहे पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा सेफ्टी मिशन के अंतर्गत जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल की बस में सुरक्षा से संबंधित फर्स्ट एड बॉक्स ओर सुरक्षा संबंधित उपकरणों को चेक किया गया , तथा छात्रों , चालक, परिचालक को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई स मुरादाबाद से काशीपुर चलने वाली प्राइवेट बसों में चालक व परिचालक तथा आम नागरिकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया । तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले ट्रक चालक से १० हजार रुपये का जुर्माना वसुला गया । जागरूक व कार्रवाई में उप निरीक्षक यातायात सुमित कुमार कांस्टेबल यातायात पवन सिंह होमगार्ड विजेंद्र सिंह व सतीश कुमार मौजूद रहे।


### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 23-DRM-MB-25-26 Date 17.04.2025 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of cover shed over LHS 44C, 59 and 71 in the ON-BLM section under SSE/W/BLM in the jurisdiction of ADEN-II-HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 14.05.2025, 16:00 |
| अनुमानित लागत | रु. 1,87,00,488.81 |
| धरोहर राशि | रु. 2,43,500.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 30.04.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 17.04.2025 1140/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 06-DRM-MB-25-26 dt. 16.04.2025 | 07-DRM-MB-25-26 dt. 16.04.2025 |
|---|---|---|
| Name of work | Improvement to quarter for Officer's in the section of ADEN/HQ/MB. | Heavy repair to quarter & offices of MB Division & Improvement of Officer's Rest House (ORH) at Moradabad in the section of ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date/Time | 12.05.2025 | 12.05.2025 |
| Advertised Value (₹) | 74,99,995.71 | 84,99,990.95 |
| Earnest Money (₹) | 1,50,000.00 | 1,70,000.00 |
| Tender Cost (₹) | - | - |
| Bidding Start Date | 28.04.2025 | 28.04.2025 |
| Period of Completion | 06 Month | 06 Month |

पत्रांक – 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक – 16.04.2025 1138/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आईएफटीएम में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हुआ रंगोली प्रति0 का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक एवं एक्टिविटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भरतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान न केवल भारत के लोकतंत्र का आधार है, प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा संविधान के सम्बन्ध में सुसज्जित व रंग–बिरंगी रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करते हुए सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एस.सी.– बीएड के विद्यार्थियों राजकमल, विशाखा, प्रतिभा ने प्रथम, पॉलीटेक्निक के कंप्यूटर साइंस विभाग के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों संध्या, संजीव कुमार, विवेक कुमार, तृप्ति सिद्धू ने द्वितीय, पॉलीटेक्निक के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र शेखर कुमार ने तृतीय एवं पॉलीटेक्निक के कंप्यूटर साइंस विभाग के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों कमल कुमार, हर्षित शर्मा, अंशु, मुस्कान, शिवा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने विद्यार्थियों का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं प्रतियोगिता की सह संयोजिका प्रो. नीलू त्रिवेदी ने संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सभी प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के



सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभदायी सिद्ध होते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम समन्वयक श्री संजीव कुमार सिंह समेत फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. शिल्पी पाल, श्री आशीष नगिला, डॉ. माधवी गुप्ता एवं सुश्री छवि गुप्ता का विशेष योगदान रहा। इस अवसर यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के विभागध्यक्ष डॉ. पुनीत खन्ना, अंकुर जैन, मयंक भारद्वाज, महावीर सिंह रावत आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विश्व. विद्यालय के विभिन्न स्कूलों एवं यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के **82** छात्र–छात्राओं ने अत्यंत रूचि के साथ प्रतिभाग किया।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर ब्लॉक सभागार में बाबा साहब के जीवन चरित्र पर डाला प्रकाश

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के ब्लॉक सभागार में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। गुरुवार को हुए कार्यक्रम के दौरान हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की गाइडलाइन के तहत ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत स्तर पर संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार, अनुच्छेद 51 के तहत उल्लिखित नागरिक, कर्तव्य अधिकतम संशोधन के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में अनेकों शिक्षक भी मौजूद रहेँ एसडीएम



विनय कुमार सिंह ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और संविधान के अनुच्छेद 51 का वर्णन भी किया। कार्यक्रम में आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के ,प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा प्रवक्ता राम रतन इंटर कॉलेज ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह आदि भी मौजूद रहे। उन्होंने बाबा साहब पर विचार भी प्रकट किया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम, फरहत अली के अलावा स्कूली छात्र–छात्राएं भी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार से आ रही बाइक की आपस में टकराई

**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र के फीका पुल पर तेज रफ्तार विपरीत दिशा से आ रही दो बाइको की टक्कर हो गई जिसमे बिजनोर जिले के जटपुरा गांव के अमन पुत्र दिनेश कुमार ओर स्योहारा के निवासी मोह शानू पुत्र रियाजुद्दीन के काफी चोटे आई यह हादसा फीका पुल पर हुआ और ग्रामीणों की मदद से सुरजननगर पुलिस ओर घायलों के मोबाईल नम्बर पर घर बालो को सूचना दी गई जिससे मोके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों को पास के चिकित्सक के पास ले जाया गया जहाँ पर घायल शानू के मलहम पट्टी कर दी गई वही अमन पुत्र दिनेश कुमार की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया गया यहाँ बता दे कि अमन के चाचा की आज रात बिजनोर जिले के गांव जटपुरा से शेरकोट बारात जा रही थी अमन अपने चाचा की शादी में जाने के लिए सुरजननगर से आवश्यक समान लेने आया था ।

## एसडीएम की सराहनीय ऐतिहासिक पहल

**बिलारी।** एसडीएम बिलारी द्वारा एक सराहनीय ऐतिहासिक पहल की जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के साथ जन जागरण अभियान हर बूंद बचाओ, हर पौधा लगाओ और जल संरक्षण हरियाली संवर्धन और जन जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन 23 अप्रैल को 11:00 बजे अनिल फार्म हाउस बिलारी में किया जा रहा है।

कार्यशाला में राजस्व विभाग, नगर पालिका, पंचायत प्रतिनिधि, विकास विभाग ,वन विभाग, कृषि एवं उद्यान विभाग,शिक्षा विभाग आदि के अधिकारी व कर्मचारियों को कार्यशाला में भाग लेंगे।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष का ठाकुरद्वारा आगमन पर स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कांग्रेस कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई । जिसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के प्रथम बार ठाकुरद्वारा आने पर कांग्रेसियों ने स्वागत करने को लेकर रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है।

ठाकुरद्वारा नगर में कांग्रेस कमेटी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद गुम्म्बर के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत की तैयारी शुरू कर दी है। राजीव मार्केट में आयोजित बैठक में पीसीसी मेंबर संजीव सिंघल ने बताया कि 24 अप्रैल को जिलाध्यक्ष का स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष वसीक अहमद ने कहा कि समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के प्रथम आगमन पर स्वागत करेंगे। प्रथम बार जिलाध्यक्ष के आगमन पर कांग्रेसियों ने अपनी रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। जिससे पार्टी की तैयारियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, डॉ हनीफ, हाजी मुस्तकीम, मोहित सिंघल सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# नानपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

**कुंदरकी।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह चौहान ने ग्राम नानपुर में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उत्सव कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा उनका स्वागत एवं मान सम्मान बहुत ही जोर–शोर से किया डॉक्टर शेफाली सिंह चौहान ने महिलाओं की हौसला अफजाई एवं बाबा साहब द्वारा महिला शक्ति का सम्मान बढ़ाने का काम किया जिसकी वजह से वह आज जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर आसीन है बाबा साहब का अनुसरण करते हुए सभी महिलाओं को शिक्षित होना चाहिए और सभी क्षेत्रों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए आज महिलाएं किसी भी कार्य क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा कम नहीं है भारतवर्ष में महिलाएं अन्य देशों की भांति पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है जिसमें महिला सशक्तिकरण के लिए नारी के मुक्तिदाता बाबा साहब द्वारा महिलाओं को सम्मान दिलाने का विशेष योगदान रहा है अन्यथा महिलाएं अभी भी घरों में झाड़ू चौक आदि कार्य कर रही होती आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र शिक्षा स्वास्थ्य विज्ञान सुरक्षा राजनीति आदि में कम नहीं है महिलाओं ने डॉक्टर शेफाली सिंह चौहान के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से बहुत ही उत्साह एवं उल्लास नजर आया वही कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से श्रीमती सरोज देवी विचित्र माही आशा देवी मुन्नी देवी रूबी रानी उपासना आदि महिलाए मंच पर उपस्थित रही एवं उपस्थित सभी महिलाओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ फोटो खिंचबाय आयोजन अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष श्री करुणा निधि राजकुमार सुनील कुमार अजय कुमार पंकज कुमार राजा ब्रह्मजीत कपिल कुमार विवेक सिंह मनोज कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा एवं मंच का संचालन श्री चंचल सिंह आजाद ने किया।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर पदम सिंह पुत्र नन्हे निवासी सुरजननगर,व नदीम उर्फ हाजिफ बकरा पुत्र मोबिन नगर निवासी ठाकुरद्वारा वार्ड 25 धारा 3( 1 ), जोगेंद्र पुत्र सतवीर निवासी रानीनागल 498ए/323 भादिव व 3/4 डीपी एक्ट के तहत कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## एक नजर

### सवा दो लाख की नकदी और सोने चांदी के जेवर लेकर नाबालिग प्रेमी संग फरार, दो पर केस

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी 15वर्षीय किशोरी घर से दो लाख 25हजार की नकदी और सोने चांदी के जेवर लेकर पड़ोसी प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर प्रेमी और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि बुधवार को परिजनों के साथ खेत पर गया था। दोपहर को 12 बजे 15वर्षीय नाबालिग बेटी घर में रखे दो लाख 25 हजार रुपए की नकदी,९०ग्राम सोने के जेवर और चांदी के आभूषण लेकर चली गई। बेटी ने गायब होने से पहले पड़ोसी मोसिम पुत्र इस्लाम और उसके दोस्त के फोन पर बात की थी। युवकों से बेटी की जानकारी की तो मारपीट करने पर उतारू हो गए। आरोपियों ने दोबारा बेटी के बारे में पूछताछ करने या पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक और उसका दोस्त पुलिस कार्रवाई के डर से फरार हो गए।

### दो दिवसीय संकुल स्तरीय एथलेटिक एवं टीटी खेलो के दौरान पत्रिका का विमोचन

**ठाकुरद्वारा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कालेवाला , में दो दिवसीय संकुल स्तरीय एथलेटिक एवं टीटी खेलों के आयोजन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने किया। इस खेलकूद



समागम में आगरा ब संकुल के दस नवोदय विद्यालयों के सौ से ज्यादा खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने विद्यालय पत्रिका ष्नवोदय प्रदीपिकाष् का विमोचन भी किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पूर्व उपजिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन बहुउद्देशीय सभागार का निरीक्षण भी किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार गौड़ ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उत्साह एवं उल्लास के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उपप्राचार्य अजय कुमार ने सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नेहा मिश्रा एवं काजल भारती ने किया। हर्षवर्धन, सीमा सिंह एवं अन्य खेल निर्णायकों की देखरेख में खेलों का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी संभागीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने जवाहर नवोदय विद्यालय, लखनऊय जवाहर नवोदय विद्यालय, महाराजगंज और जवाहर नवोदय विद्यालय कन्नौज जाएंगे।

### महिला ने की डिप्टी एसपी को शिकायती पत्र दे कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** पुत्रवधू की यात्राओं से तंग 50वर्षीय महिला ने पुलिस क्षेत्राअधिकारी को शिकायती पत्र देकर पुत्र वधू व उसके परिवार व बहनोई पर उकसाने पर मारपीट करने व यातनाऐ देने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की । शिकायती पत्र में कहा कि अपने बेटे अली की शादी नगर के मोहल्ला वहेड़ों वाला निवासी युक्ति के साथ मुस्लिम रिती रिवाज के साथ की थी । मैंने पुत्रवधू को अपनी बेटी की तरह घर में रखा लेकिन कुछ दिन बाद ही उसने अपने असली रूप दिखाने शुरू कर दिए । आए दिन मारपीट गाली गलौजकर मकान बेचकर अपना हिस्सा मांगने लगी । उसके द्वारा विरोध करने पर उसने अपने माता–पिता भाई–बहन बहनोई को बुलाकर उसके साथ मारपीट की। वह लोक लिहाजा की वजह सेशिकायत नहीं कर सकी ।लेकिन उसकी यात्नाओं से परेशान होकर शिकायत करने आई है आरोप है कि वह अपने पति के साथ भी गाली गलौज करती है और धमकी देती है कि वह दहेज बलात्कारअन्य मामलों मेंझूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भिजवा देगी। पीडित महिला ने पुलिस क्षेत्राअधिकारी से न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

### दहेज उत्पीड़न में पति सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह मायके में आकर रहने लगी तो आरोपी गांव में आ पहुंचे और जबरन कार में डालने का प्रयास किया। उसकी तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाली के ग्राम गोपीवाला निवासी नेहा पत्नी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पति मोहित कुमार, जेठ मनोज कुमार, जेठानी रूबी, ससुर राजकुमार निवासी थाना लक्सर जनपद हरिद्वार उत्तराखंड शादी के बाद से दहेज को लेकर प्रताडिघ्त करते हैं। मारपीट और गाली गलौज कर दहेज में पांच लाख रुपये मांग करते हैं। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति समेत ससुराल वालों ने १७ मार्च को मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह बमुश्किल अपने मायके गोपीवाला पहुंची। दिनांक १ अप्रैल को पति समेत आरोपी गोप. ीवाला आकर धमकी देने लगे और पांच लाख रुपये की मांग की। उसके परिवार के इंकार करने पर आरोपियों ने जबरन कार में डालने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्र होने लगे तो आरोपी कार लेकर भाग गए। उसकी तहरीर पर पुलिस ने पति मोहित कुमार, मनोज कुमार, रूबी, राजकुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### गोवंशीय पशुओं गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने गोवंशीय पशुओं की हत्या कर उनका मांस बेचने के आरोपी बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव भायपुर निवासी योगेंद्र उर्फ बब्बू पुत्र झबरा गोवंशीय पशुओं की हत्या कर जिनके मांस बेचने का काम करने के ताकि अपने लिए सुख सुविधा जुटा सके। उनके इस कृत्य से सां. प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना है। तस्लीम इस गिरोह का सरगना बताया गया था जिसपर कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक जितेन्द्र मीणा कुलदीप कुमार ललित कुमार महिला उपनिरीक्षक अंजली रानी कॉस्टेबल ज्ञानेंद्र कुमार द्वारा योगेन्द्र उर्फ बब्बू पुत्र झबरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर सुनवाती
**विकास खण्ड–मुरादाबाद ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक 05/ग्रा.पं. रसूलपुर सुनवाती /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025–26 दिनांक: 17.04.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रसूलपुर सुनवाती वि०ख० मुरादाबाद व जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025–26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025–26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण–**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025–26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 17.04.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 24.04.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 24.04.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रसूलपुर सुनवाती**
**विकास खण्ड मुरादाबाद, मुरादाबाद**

### कार्यालय ग्राम पंचायत शाह आलमपुर
**विकास खण्ड–मुरादाबाद ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक 08/ग्रा.पं. शाह आलमपुर /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025–26 दिनांक: 17.04.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाह आलमपुर वि०ख० मुरादाबाद व जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025–26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025–26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण–**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025–26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 17.04.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 24.04.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 24.04.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत शाह आलमपुर**
**विकास खण्ड मुरादाबाद, मुरादाबाद**

### कार्यालय ग्राम पंचायत डिडौरी
**विकास खण्ड–मुरादाबाद ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक 03/ग्रा.पं. डिडौरी/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025–26 दिनांक: 17.04.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डिडौरी वि०ख० मुरादाबाद व जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025–26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025–26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण–**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025–26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 17.04.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 24.04.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 24.04.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत डिडौरी**
**विकास खण्ड मुरादाबाद, मुरादाबाद**

### कार्यालय ग्राम पंचायत उत्तमपुर बहलोलपुर
**विकास खण्ड–मुरादाबाद ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक 09/ग्रा.पं. उत्तमपुर बहलोलपुर/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025–26 दिनांक: 17.04.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उत्तमपुर बहलोलपुर वि०ख० मुरादाबाद व जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025–26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025–26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण–**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025–26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 17.04.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 24.04.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 24.04.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत उत्तमपुर बहलोलपुर**
**विकास खण्ड मुरादाबाद, मुरादाबाद**




# नीरज चोपड़ा की दमदार वापसी

● 84.52 मीटर दूर भाला फेंक कर दक्षिण अफ्रीका में जीता पाट इनविटेशनल ट्रैक टूर्नामेंट ●

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पाट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की है। नीरज ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कान्टिनेंटल टूर चौलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार नीरज अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर का था। नीरज का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। इस प्रतियोगिता में सिर्फ दो खिलाड़ियों नीरज और स्मिट ने ही 80 मीटर की दूरी पार की। अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी राबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। जेलेज्नी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लास बार्टोनिट्ज से अलग हो गए थे। वह 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। नीरज ने 2020 टोक्यो (स्वर्ण) व 2024 पेरिस (रजत) ओलंपिक खेलों में लगातार दो पदक जीते। नीरज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। वह पिछले लंबे समय से 90 मीटर का आंकड़ा छूने का प्रयास कर रहे हैं। जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अपनी कामयाबी को एक अलग स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। 1992, 1996 और 2000 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच थ्रो हैं।

## सौरभ कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता के सौरव कोठारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में चालीस वर्षीय कोठारी ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी और दिग्गज बिलियर्ड्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 725-480 से हराकर विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। कोठारी का यह दूसरा विश्व खिताब है।

## एयरपोर्ट पर धोनी ने व्हीलचेयर पर बैठी प्रशंसक के साथ ली सेल्फी

■ **धोनी के व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया। एयरपोर्ट पर धोनी ने दरियादिली दिखाई और व्हीलचेयर पर बैठी एक प्रशंसक के साथ सेल्फी ली।

धोनी सुरक्षाकर्मियों के बीच से गुजर रहे थे और उनकी नजर प्रशंसक पर पड़ी जो उनके साथ फोटो लेना चाहती थी। धोनी थोड़ी देर के लिए रुके और प्रशंसक की तरफ गए। धोनी ने उस प्रशंसक का फोन लिया और उनके साथ सेल्फी ली। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग माही के इस व्यवहार की काफी प्रशंसा कर रहे हैं। भारत को अपनी कप्तानी में विश्व कप दिला चुके धोनी कई बार ऐसा कर चुके हैं और प्रशंसकों के साथ उनका व्यवहार हमेशा ही सरल होता है। उन्हें अक्सर प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाते देखा जाता है, खासकर अपने गृहनगर रांची में। धोनी इस वक्त आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। सीएसके के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के शेष सत्र से बाहर हो गए हैं जिस कारण धोनी उनकी अनुपस्थिति में कमान संभाल रहे हैं। धोनी का समर्थन करने के लिए चेन्नई के घरेलू मैदान एमए चिदंब. रम स्टेडियम पर ही नहीं, बल्कि हर वेन्यू पर प्रशंसक आ रहे हैं। सोमवार को सीएसके और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच मैच के दौरान अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में भी धोनी की दीवानगी देखने को मिली थी। धोनी ने लखनऊ में अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और सीएसके ने लगातार पांच मैच हारने के बाद जीत हासिल की थी। उस मैच में धोनी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था और 2018 सीजन के बाद पहली बार उन्हें प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया था। धोनी आईपीएल इतिहास में प्लेयर आफ द मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। सीएसके का सामना अब रविवार को मुंबई से वानखेड़े स्टेडियम पर होगा।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025: मशाल गौरव यात्रा का भव्य स्वागत

**समस्तीपुर, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बिहार में आयोजन के अवसर पर मशाल गौरव यात्रा आज समस्तीपुर जिले में पहुंची। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन, खेल प्रेमियों, युवाओं और आम जनता ने मशाल गौरव यात्रा का अत्यंत उमंग और उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया। यह यात्रा खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रति जनजागरण और उत्साह बढ़ाने के लिए बिहार के 38 जिलों से होकर गुजर रही है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन पहली बार बिहार में किया जा रहा है, जो 04 मई से 15 मई तक नालंदा, पटना, गया, भागलपुर, बेगूसराय में संपन्न होगा। इस आयोजन में देशभर के हजारों युवा खिलाड़ी भाग लेंगे, जो अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगे। मशाल गौरव यात्रा का उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह जगाना और पूरे राज्य में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। समस्तीपुर में मशाल गौरव यात्रा के स्वागत के दौरान युवाओं और खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिससे इस आयोजन की सफलता की उम्मीद और भी मजबूत हुई। स्थानीय अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी पूरी सक्रियता दिखाई।

## वनडे क्रिकेट एक अलग तरह की चुनौती: रोहित

**पचास ओवर के प्रारूप से मेरा जुड़ाव गहरा रहा है: रोहित शर्मा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट की बढ़ती साख के बीच वनडे क्रिकेट के भविष्य का समर्थन किया है।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के साथ एक पाडकास्ट में बताया कि किस तरह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान उनकी टीम को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट हमेशा से ऐसी चुनौती पेश करता है जो कोई प्रारूप नहीं देता। रोहित ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा व्यवस्था में टी-20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, वनडे क्रिकेट खेल के सबसे सम्मानित प्रारूपों में से एक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि 50 ओवर के प्रारूप से उनका जुड़ाव गहरा है, जो एक क्रिकेटर के रूप में उनके प्रारंभिक वर्षों से जुड़ा है। रोहित ने कहा, मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट को लेकर कई तरह की बातें की जाती हैं कि यह स्थायी है या नहीं।

हम सभी लोग वनडे विश्व कप, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देखकर ही बड़े हुए हैं और हमने ये खेल खेला भी है। वो सब मैच रोमांचक होते हैं। मुझे पता है कि वह पहले की बातें हैं क्योंकि लोग अब टी-20 क्रिकेट देख रहे हैं, लेकिन वनडे क्रिकेट की चुनौती अलग ही है। भारत ने हाल ही में रो. हित की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। रोहित ने इस दौरान पांच मैचों में 180 रन बनाए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मैच में 83 गेंदों पर 76 रन बनाए थे जिससे भारत खिताब अपने नाम करने में सफल रहा था।

# गंभीर के कमेंट्स लीक होने के बाद बड़ी कार्रवाई

### बीजीटी में हार के बाद BCCI ने कोचिंग स्टाफ को दिखाया बाहर का रास्ता




**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने बार्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में टीम इंडिया की 1-3 से हार और ड्रेसिंग रूम की बातें लीक होने पर तीन कोचिंग स्टाफ को हटा दिया है। इसमें सहायक कोच अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई शामिल हैं। हालांकि बीसीसीआई की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक नायर की जगह किसी को नियुक्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि बल्लेबाजी कोच के तौर पर सितांशु कोटक पहले ही टीम इंडिया के साथ जुड़े हुए हैं।

वहीं, दिलीप का काम सहायक कोच रेयान टेन डेस्काटे देखेंगे। ट्रेनर सोहम देसाई की जगह ट्रेनर सोहम देसाई की जगह एड्रियन ली लेंगे, जो अभी आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ जुड़े हुए हैं। वे 2008 से 2019 तक ज्ञज्ञत टीम के साथ भी थे। उन्होंने 2002 से 2003 तक टीम इंडिया के साथ भी काम किया। उनका बीसीसीआई के साथ कान्ट्रैक्ट हो गया है। दिलीप और सोहम को भारतीय टीम के साथ तीन साल से ज्यादा समय हो गया था।

जबकि अभिषेक नायर 8 महीने पहले ही टीम के साथ जुड़े थे। बीजीटी के दौरान गंभीर की ड्रेसिंग रूम में कही बात लीक हो गई थी बीजीटी के दौरान मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों की परफार्मेंस को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने ड्रेसिंग




रूम में लौटने के तुरंत बाद पूरी टीम से कहा कि अब बहुत हो गया। गंभीर ने खिलाड़ियों के गलत शॉट सिलेक्शन पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि नेचुरल गेम खेलने का बहाना बनाने वाले खिलाड़ियों को सिचुएशन के हिसाब से खेलना होगा। गंभीर की यह बात लीक हो गई थी। उसके बाद गंभीर ने कहा था कि प्लेयर्स और कोच के बीच की बातचीत ड्रेसिंग रूम तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसे बाहर नहीं आना चाहिए। गंभीर ने ड्रेसिंग रूम में तनाव की खबरों का भी खंडन किया था और कहा कि ये केवल रिपोर्ट हैं, इसमें सच्चाई नहीं। भारत पहला टेस्ट जीता, एक ड्रा और तीन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहे भारत बार्डर गावस्कर सीरीज 3-1 से हारा था। इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला गया था। भारत ने 295 रन से इस मैच को जीता था। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी की और एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हराया। वहीं, बिस्ब्रेन में खेला गया तीसरा मुकाबला ड्रा रहा। मेलबर्न में खेले गए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हराया। सिडनी में खेला गया आखिरी मुकाबला भी ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीता। भारत के दो मुख्य बल्लेबाज रोहित और कोहली का खराब प्रदर्शन भारत के दो टॉप बैटर रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की सबसे बड़ी कमजोरी साबित हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। जबकि, रोहित से 5 पारियों में मात्र 31 रन बन सके। भारतीय टीम सीरीज की 9 इनिंग में 6 बार 200 का आंकड़ा पार न कर सकी। आईपीएल मैच एनालिसिस आईपीएल में रोमांचक सुपर ओवर थ्रिलररूस्टार्क की जादुई गेंदबाजी से दिल्ली ने राजस्थान को हराया, टेबल टॉपर बनी कैपिटल्स दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रायल्स को आईपीएल के 18वें सीजन के पहले सुपर ओवर में हरा दिया।

# सुरुचि-सौरभ ने मिश्रित स्पर्धा में जीता सोना



● सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए चीन की जोड़ी को 17-19 से हराकर स्वर्ण पदक कब्जाया

**लीमा, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया है।

हुई स्पर्धा में सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में 8-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीन की याओ कियानक्सुन और हू काई की जोड़ी को 17-9 से हराया। इस वर्ष आईएसएसएफ विश्वकप में सुरुचि का यह तीसरा स्वर्ण और कुल मिलाकर चौथा पदक था। उन्होंने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में और मंगलवार को लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा जीत दर्ज की थी। उन्होंने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सौरभ के साथ कांस्य पदक भी जीता था। दूसरी ओर, सौरभ ने भी पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर लगभग तीन वर्षों में आईएसएसएफ विश्वकप में अपना पहला व्यक्तिगत पदक जीता था। इस बीच, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में मनु भाकर और रविंदर सिंह को चीन के मा कियानके और झांग यिफान की जोड़ी ने 16-6 से हराया। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि सिंह (291) और सौरभ चौधरी (289) ने कुल 580 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।

## दिल्ली स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष एनएफसी सेमीफाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** गत चैंपियन दिल्ली ने गुरुवार को चंडीगढ़ को 8-0 से हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। यहां खेले गए मुकाबले के पहले सत्र में दिल्ली ने सात गोल किये। दिल्ली की ओर से मोइरंगथेम राज. ेश्वर सिंह, आदित्य अधिकारी और लैशराम राहुल मैतेई ने दो-दो गोल तथा सांखिल दारपोल तुइशांग और अरमान अहमद ने एक-एक गोल किए। दिल्ली ने शुरू से ही मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और सातवें मिनट में मोइरंगथेम राजेश्वर सिंह के गोल कर दिल्ली को बढ़त दिलाई। आदित्य अधिकारी ने 16वें मिनट में दूसरा गोल किया।

## आर्सेनल चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में





**मैड्रिड, वार्ता।** आर्सेनल एफ सी ने रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गए मुकाबले में आर्सेनल ने रियल मैड्रिड 2-1 हराया। आर्सेनल की ओर से पहला गोल 65वें मिनट में बुकायो साका ने किया। वहीं उसने दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। इस जीत के साथ ही आर्सेनल ने 16 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले आर्सेनल ने 2009 चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से उसने रियाल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ रियल मैड्रिड का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। सेमीफाइनल में आर्सेनल का मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

# हैदराबाद ने मुंबई को 163 रनों का लक्ष्य दिया

### अभिषेक ने 40, क्लासन ने 37 रन बनाए, मुंबई से विल जैक्स को 2 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल के 33वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 163 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने बालिंग चुनी।

हैदराबाद ने 5 विकेट खोकर 162 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 40 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। मुंबई इंडियंस ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। टीम से रायन रिकेलटन और रोहित शर्मा ओपनिंग करने उतरे। हैदराबाद से मोहम्मद शमी ने पहला ओवर फेंका। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना दिए। पैट कमिंस ने 8 और अनिकेत वर्मा ने 18 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। अभिषेक शर्मा ने 40 और हेनरिक क्लासन ने 37 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 1-1 विकेट लिया। मुंबई से 20वां ओवर कप्तान हार्दिक पंड्या ने फेंका। उनके खिलाफ अनिकेत वर्मा ने 2 और पैट कमिंस ने 1 छक्का लगाया। इस ओवर में 22 रन बन गए। इससे पहले 18वें ओवर में दीपक चाहर के खिलाफ 21 रन बने थे। हैदराबाद ने 19वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की पहली बाल लो फुल



टॉस फेंकी। हेनरिक क्लासन बाल को पूरी तरह मिस कर गए और बोल्ड हो गए। उन्होंने 37 रन बनाए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवा दिया। ट्रेंट बोल्ट ने ओवर की चौथी बाल फुलर लेंथ फेंकी, नीतीश रेड्डी बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग आन पर तिलक वर्मा के हाथों कैच हो गए। नीतीश ने 21 गेंद पर 19 रन बनाए। 15वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने 100 रन पूरे कर लिए। हेनरिक क्लासन ने ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ दूसरी बाल पर चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। 12वें ओवर में मुंबई इंडियंस को तीसरा विकेट मिला। विल जैक्स ने ओवर की पहली बाल ऑफ स्टंप के बाहर शार्ट पिच फेंकी। ट्रैविस हेड लान्ग ऑफ पर मिचेल सैंटनर के हाथों कैच हो गए। हेड ने 29 गेंद पर 28 रन बनाए। 10वें ओवर में ट्रैविस हेड नो बाल पर कैच हो गए। ओवर की तीसरी गेंद हार्दिक पंड्या ने गुड लेंथ पर फेंकी, हेड डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। हेड पवेलियन जाने लगे, लेकिन थर्ड अंपायर ने नो बाल का सायरन बजा दिया। हेड फ्री हिट पर भी कैच हुए। वे इस वक्त 24 रन पर बैटिंग कर रहे थे। 9वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। विल जैक्स ने ओवर की चौथी बाल ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। ईशान किशन आगे निकलकर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन स्टंपिंग हो गए। वे 2 ही रन बना सके। 8वें ओवर में मुंबई इंडियंस ने पहला विकेट लिया।

# नकली मोबिल ऑयल बनाने की फैक्ट्री पर पुलिस ने मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस ने चन्दौसी में नकली मोबिल ऑयल बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। इससे पहले बहजोई में भी नकली फैक्ट्री मोबिल ऑयल बनाने की फैक्टरी पकड़ी जा चुकी है। नामचीन कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर जांच करायी जा रही है। साथ में कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव कंथरी में काफी समय से एक मकान में नकली मोबिल ऑयल बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले पुलिस ने अवैध रूप से चल रही फैक्ट्री पर छापा मारा था। फैक्ट्री में नकली मोबिल ऑयल बनाने के उपकरण और भारी मात्रा में मोबिल आयॅल से भरे ड्रम समेत नामचीन कंपनियों के स्टीकर, प्लास्टिक की एक लीटर, दो लीटर व पांच लीटर की खाली व भरी केन बरामद हुई हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूंछताछ की जा रही है। साथ ही संबंधित कंपनियों के लोगों को बुलाकर जानकारी की जा रही है।

बुधवार को थाना बनियाठेर प्रभारी रामवीर सिंह मौके पर पहुंचे ओर फैक्ट्री में मौजूद सामान



आदि की गणना की। पुलिस ने फैक्टरी को कब्जे में ले लिया है तथा निगरानी के लिए पुलिस तैनात कर दिया गया है।

# नकली खाद्य सामग्री व मसाले बनाने वालों पर हो कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नकली खाद्य सामग्री का लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर हो रहा है। कुछ लोग नकली माल बेचकर शार्टकट से अमीर बनना चाहते हैं परंतु वह नहीं जानते कि उनके सामान से लोगों के स्वास्थ्य पर कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शहर में पुलिस ने जहां नकली मोबिल बनाने की फैक्ट्री का भंडा फोड़ किया है। वहीं शहर में कई नामचीन प्रतिष्ठानों पर रात्रि के समय मिलावटी खाद्य सामग्री तैयार कर बाजार में सप्लाई की जा रही है। गौरतलब है कि असली खाद्य सामग्री व मसालों की कीमतें आसमान छू रही हैं तो ऐसे में नकली खाद्य सामग्री सस्ती बेचने वाले मोटा लाभ कमा लेते हैं। सूत्रों के अनुसार, मिलावटी खल एवं खाद्य सामग्री व मसाले तैयार करने के लिए विश्वासपात्र नौकरों को रात्रि के समय बुलाया जाता है। नौकर भी भलीभांति जानते हैं कि मिलावटी धनिया, मिलावटी गरम मसाला कैसे तैयार किया जाता है। वहीं धनिया हल्दी, सूखा धनिया, सौंफ आदि में क्या मिलाना है जिससे मसाले का वनज बढ़ जाये, ऐसे में विक्रय करने वाले एवं पीसने वालों को खासा लाभ मिलता है। मजदूरों की दिहाड़ी भी दोगुना मिलती है। फिलहाल इसके बाद नंबर आता है



नकली खल को जो दुधारु पशुओं को हानि पहुंचाता है। क्योंकि नकली खल की वजह से दुधारु पशुओं के स्वास्थ्य पर खासा असर पड़ता है। फिलहाल कुछ वर्ष पूर्व नकली मैंथा की वजह से चन्दौसी का मैंथा कारोबार भी प्रभावित हुआ था परंतु अब नकली खाद्य पदार्थों की वजह से लोग परेशान हैं। फिलहाल चन्दौसी में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग नकली मोबिल ऑयल बनाकर वाहनों को नुकसान पहुंचाने लगे हुए थे जहां पुलिस द्वारा छापा मारा गया। इतना ही नहीं चन्दौसी में कई स्थानों में नकली मोबिल व पेट्रोल बनाने का कार्य किया जाता है।

## स्वास्थ्य विभाग ने चलाया झोलाछापों पर चाबुक

**चन्दौसी।** स्वास्थ्य विभाग को कानों कान खबर नहीं और अवैध रुप से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, संभल जनपद में सैकड़ों अस्पताल नियमों का पालन किये बिना ही संचालित हैं। जब-जब मीडिया में मामला उजागर होता है तो स्वास्थ्य विभाग कुछ दिन के लिए जाग जाता है, छापेमारी कर अस्पतालों को सीज कर इतिश्री कर ली जाती है लेकिन जितने भी झोलाछाप अपंजीकृत डॉक्टर हैं, सीएमओ कार्यालय में इन सभी की सूची होती है और दशकों से झोलाछाप इलाज करते आए हैं और करते रहेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछापों की अच्छी पकड़ है परंतु स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही कर कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टरों की कार्यवाही की गई। मौके पर डॉक्टर अपने-अपने नर्सिंग होम खोले बैठे थे, जहां नर्स डिलीवरी करा रही थीं जबकि इन अप्रशिक्षित डॉक्टर व नर्स के पास कोई वैध डिग्री नहीं है। इधर गुरुवार को कैथल गेट स्थित दो नर्सिंग होम को भी चौक किया जहां एक डॉक्टर द्वारा वर्ष २०२६ तक की वैध डिग्री दिखाकर कोतवाली से स्वयं रिहा करा लिया गया। फिलहाल अब चन्दौसी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चौकिंग के कारण हड़कंप मचा हुआ है।

# इलाज में लापरवाही के चलते बच्ची की मौत

● उपभोक्ता आयोग ने लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नर्सिंग होम में इलाज के दौरान लापरवाही के चलते 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी जिसका वाद उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया गया। मामला नवंबर 2023 का है। बताते चलें कि शीतल सिंह पत्नी रोहित नि० हरथला, कांठ रोड मुरादाबाद द्वारा अपनी 11 वर्षीय बच्ची गुनगुन की तबियत खराब होने पर सिविल लाइन्स मुरादाबाद स्थित एंजिल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां डा० इरशाद हुसैन द्वारा उसका इलाज किया गया। नर्सिंग होम प्रबंधन ने अपनी निर्धारित फीस ली एवं बताया गया कि आपकी बच्ची शीघ्र ही सही हो जायेगी लेकिन नर्सिंग होम में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गयी। परिजनों द्वारा बच्ची की मृत्यु के बाद उपभोक्ता आयोग में



वाद दायर किया गया जिसकी सुनवाई के बाद आयोग द्वारा तीन लाख रु० का जुर्माना जो कि वाद दायर करने की तिथि से भुगतान तक 08 प्रतिशत ब्याज की दर सहित, 50 हजार रु० मानसिक व आर्थिक क्षति व 20 हजार रु. वाद व्यय का जुर्माना लगाया गया।पीड़ित की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता फरीदुज़्ज़फर ख़ान द्वारा की गई।

# आईएफटीएम में 'संविधान का डिजिटल संग्रह' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस तथा एक्टिविटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ''संविधान का डिजिटल संग्रह'' विषय के अंतर्गत ''हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान'' थीम पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सत्र के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डिजिटलीकरण माध्यम से डाटा का उपयोग सुगमता से कर सकते हैं तथा इस सत्र के माध्यम से विद्यार्थी अवश्य लाभान्वित होंगे। संविधान के 75 वर्षों की स्मृति में आयोजित इस सत्र में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के प्रो. अभिषेक कुमार मिश्रा ने बतौर मुख्य वक्ता भारतीय संविधान के महत्व, उसकी संरचना और उसके डिजिटलीकरण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संविधान को सुगमता से पढ़ने और समझने में डिजिटल संग्रह के महत्व पर भी प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने कहा कि आज के तकनीकी युग में प्रत्येक विद्यार्थी के लिए संविधान को डिजिटल स्वरूप में जानना और समझना अत्यंत आवश्यक है। प्रो. मिश्रा ने यह भी कहा कि छात्र-छात्राओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना को बढ़ाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने संविधान से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछे और डिजिटल माध्यम से संविधान तक पहुंच प्राप्त करने की विधियों को समझा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. ललित जौहरी ने विद्यार्थियों को वेबसाइट के माध्यम से संविधान का डिजिटल संग्रह तथा इसकी उपयोगिता पर चर्चा की। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक व कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह, कार्यक्रम समन्वयक व कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला, डॉ. मनीष रंजन पाण्डेय, डॉ. भारत भूषण अग्रवाल, श्री हरप्रीत चावला, डॉ. राजदीप सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमित भटनागर, डॉ. शैली भारद्वाज, श्रीमती ऋतू नागिला आदि फैकल्टी मैम्बर्स समेत स्कूल के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 102 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### 30 अप्रैल को क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पिछली बार की तरह चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन जनपद के क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में ३० अप्रैल को किया जाएगा उक्त जानकारी जिला योगासन खेल संगठन मुरादाबाद के सचिव योगाचार्य महेंद्र सिंह बिश्नोई व अध्यक्ष खिलेंद्र सिंह ने दी उन्होंने बताया कि योग को योगासन खेल के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद द्वारा चतुर्थ जिला योग खेल प्रतियोगिता का आयोजन इस बार कराया जा रहा है जिसका समापन १ मई को होना है इसमें जिले के लगभग सभी विद्यालयों से 150 से 200 योगासन खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किए जाने की उन्होंने संभावना जताई उन्होंने बताया कि सब जूनियर गर्ल्स बॉयज एज ग्रुप के जूनियर व सीनियर ऐज ग्रुप के खिलाड़ी इसमें प्रतिभाग करेंगे। जिसमें ट्रेडिशनल योगासन आर्टिस्टिक योगासन रिदमिक योगासन प्रतियोगिताएं आयोजित होनी है। इसका उद्देश्य योगासन को खेल के रूप में प्रोत्साहित करना एवं योगासन खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है। ताकि योग खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन कर सके।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव के लिए जनसंपर्क जारी



**कांठ ( शाह टाइम्स )** भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में काम करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियो ने क्षेत्र में जन सम्पर्क करना शुरू कर दिया है जिला अध्यक्ष भावेश शर्मा ने बताया कि अहमदपुर निंगु नंगला में इस कार्यक्रम की सफलता के लिए ब्राह्मण समाज के लोगों से संपर्क किया गया जिसमें बताया गया की २९ अप्रैल को जन्मोत्सव शोभा यात्रा के मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक शामिल होकर सब लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग कर सकते हैं। निंगु नंगला में ब्राह्मण समाज के लोगों ने इस दौरान जिला अध्यक्ष का स्वागत किया इसके अलावा सदस्यों ने ढाकी खिचड़ी रायपुर भीकनपुर बिलायत नगर आदि में जाकर लोगों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सत्येंद्र शर्मा तपेंद्र शर्मा सुभाष शर्मा बाबूराम शर्मा अनिल शर्मा बौद्ध प्रकाश शर्मा विपिन शर्मा धर्मेंद्र शर्मा वीरेंद्र शर्मा संजीव शर्मा यतेंद्र शर्मा मुकेश शर्मा कुलदीप कौशिक सोमदत्त कौशिक केशव शर्मा अजय भारद्वाज सुशील शर्मा सुरेश कुमार शर्मा सोमेश शर्मा शिवम शर्मा योगेश शर्मा अनिल कुमार शर्मा आकाश शर्मा हर्ष शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। उन्होंने आयोजित होने वाले चार दिवसीय कार्यक्रम के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया।

### लाखों किसानों में मात्र 11 हजार ने कराया फसल बीमा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** प्राकृतिक आपदा से बर्बाद हुई खेती के एवज में सरकारी सहायता को लेकर यहां के किसान मुखर है। सभी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हैं। आलम यह है कि खरीफ अभियान में मात्र 11 हजार किसानों ने फसल का बीमा कराया था।कृषि विभाग के आंकड़े इस बात का दावा करते हैं जनपद में खरीफ सीजन में 314856 किसानों ने खेती की थी। जिसमें खेती का बीमा केवल 11020 ने ही कराया था। ऐसा इसलिए कि बीमा कंपनियों से नुकसान की भरपाई करवाना बहुत कठिन है। विभाग का कहना है कि फसलों के नुकसान पर जनपद के 595 किसानों ने कंपनी से क्लेम मांगा था। 531 किसानों के दावों में बीमा कंपनी ने 37.54 लाख का भुगतान किया है। उधर, अब केसीसी में प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि चुकाने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। विभाग का कहना है कि इसी वजह से किसान बीमा कराने से कतरा रहा है।

### स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ ने की बैठक

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ द्वारा बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर के नेतृत्व में किया गया जिसमें कर्मचारियों के रुके हुए वेतन, भत्ते, एरियर व 22 माह का पीएफ के विषय में चर्चा हुई। जिला महामंत्री विशाल वाल्मीकि ने कर्मचारियों से बड़ी संख्या में अगली गुहार डीएम दरबार में लगाने की बात कही। उन्होंने बताया कि यहां के अधिकारियों का ज्ञापन व स्मृति पत्रों के बाद भी किसी लिखित समझौते को अभी तक कोई प्रस्ताव नहीं आया है, न ही पदाधिकारियों को बुलाकर कोई वार्ता की गई है जिस कारण अब डीएम साहब के समक्ष उपस्थित होना समय की मांग है।

जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर ने बताया कि जल्द ही जिलाधिकारी से समय लेकर सभी कर्मचारियों को अवगत कराया जाएगा और उनके समक्ष पहुंचने की जानकारी सभी को दी जाएगी। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री कैलाशचंद्र चटवाल, जिला कोषाध्यक्ष अनिल, राधे, गुड्डू, विक्रम, नीरज, विष्णु, सरजू, नन्ना, पंकज, विनोद, यश कुमार, मनोज भारती आदि मौजूद रहे।

# हीमोफीलिया व थैलीसिमिया से पीड़ित बच्चों की प्राथमिक जांच कर खाद्य सामग्री का किया वितरण

**कांठ ( शाह टाइम्स )**मौ० घोसीपुरा में गुरुवार को हीमोफीलिया दिवस पर नगर के चिकित्सक डॉ गुलरेज सिद्दीकी ने हीमोफीलिया एवं थैलीसिमिया नामक बीमारी से पीड़ित नगर निवासी आफीफा सिद्दीकी ( 10वर्ष )पुत्री फैसल सिद्दीकी एवं अनाबिया सिद्दीकी (3 वर्ष) पुत्री फैसल सिद्दीकी के घर जाकर उनकी प्राथमिक जांच कर उनको खाद्य सामग्री किट देकर मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों के माता-पिता को गाइडलाइन देकर उनके खान-पीन रहन-सहन एवं उनकी पढ़ाई लिखाई पर भी विशेष ध्यान देने के लिए आग्रह कियास बतादे कि हर वर्ष १७ अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन हजारों मरीजों और उनके परिवारों की हिम्मत और संघर्ष को समर्पित है जो हीमोफीलिया जैसी दुर्लभ और गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

हिमोफीलिया एक आनुवंशिक रक्त विकार है। इससे ग्रसित व्यक्ति के खून का थक्का बनने की सामान्य प्रक्रिया प्रभावित होती है जिसके परिणामस्वरुप पीड़ित व्यक्ति के जोड़ों व मांसपेशियों में स्वत: आंतरिक रक्तस्राव होने लगता है तथा कई बार असहनीय दर्द भी होता है। यह असाध्य रोग है अर्थात इसका कोई स्थाई इलाज नहीं है। इसका उचित उपचार की सहायता से केवल रोक थाम किया जा सकता है जिससे पीड़ित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकें।

हिमोफीलिया के उपचार में पीड़ित व्यक्ति के रक्त में अनुपस्थित आवश्यक अवयव की कमी को कृत्रिम रूप से तैयार अवयव (फैक्टर) द्वारा पूरा किया जाता है। इस प्रक्रिया को ष्फैक्टर रिप्लेसमेंट थैरेपीष के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक बिल्डिंग एपिसोड के बाद इसकी आवश्यकता होती है। हिमोफीलिया के मुख्यते: दो प्रकार हैं: हिमोफीलिया । व हिमोफीलिया ठ, जिसमें उपचार के लिए क्रमस: फैक्टर 8 व फैक्टर 9 की आवश्यकता पड़ती है। हीमोफीलिया। इसका सर्वाधिक पाया जाने वाला प्रकार है। यदि इस बीमारी की जागरूकता और सही समय पर सही इलाज हो तो हीमोफिलिया से पीड़ित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।मुरादाबाद जिले में लगभग 80 हीमोफिलिया मरीज हैं, जो नियमित देखभाल और फैक्टर इंजेक्शन पर निर्भर हैं। यह राहत की बात है कि मुरादाबाद के जिला अस्पताल में फैक्टर इंजेक्शन की सुविधा उपलब्ध है, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिल पा रहा है स समाजवादी पार्टी के कांठ विधायक कमाल अख्तर अख्तर ने पिछले दिनों विधानसभा में थैलेसीमिया एवं हीमोफीलिया के इलाज का मुद्दा उठाया था ताकि इस बीमारी से ग्रसित बच्चों का सरकार के माध्यम से इलाज किया जा सके सजिला अस्पताल में अब पीड़ित बच्चों का इलाज निशुल्क किया जा रहा है।




# भारतीय किसान यूनियन ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपा किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह एवं तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के लोग तहसील पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन दिया जिसमे बताया गया कि कांठ क्षेत्र के कृषि फीडरों पर सिंचाई हेतु दी जा रही दो शिफ्टों की विद्युत आपूर्ति अपर्याप्त है जिसे एक शिफ्ट में किया जाए घरों पर लगे खराब मीटरों को विभाग द्वारा बदला नहीं जा रहा किसान अपना बकाया बिजली भुगतान भी नहीं कर पा रहे उन्होंने घरेलू खराब मीटरों को तुरंत बदलवाने की मांग उठाई नहरों के पानी को टेल तक पहुंचाए जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई। कावड़ पथ पर पड़ने वाले कुछ ग्राम वासियों द्वारा कूड़ा डालकर सड़क किनारे अतिक्रमण किया जा रहा है इस पर भी भारतीय किसान यूनियन ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कूड़े को दो बार हटाने के लिए जेसीबी का इस्तेमाल ग्राम पंचायतें करती हैं जिससे सारी पॉलीथिन और कांच खेत में पहुंचता है इससे किसानों के खेतों को भारी नुकसान होता है उन्होंने सड़क किनारे कूड़ा डाले जाने पर भी रोक लगाने की मांग उठाई। कांठ टाउन से बहने वाले नाले के पानी को खादर क्षेत्र में फैलने से रोकने की मांग उठाई कहा कि इससे सैकड़ो एकड़ जमीन में फसल खराब हो जाती है क्षेत्र के सभी सरकारी गेहूं केन्द्रों पर तौल कराने की मांग उठाते हुए ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह अजय कुमार रणजीत सिंह ओम प्रकाश सिंह सियाराम सिंह अंस चौधरी नसीम अहमद ओमराज सिंह सलीम अहमद समरपाल सिंह देवेंद्र सिंह ढाका आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सामुदायिक शौचालय बना शोपीस





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरीदपुर कासम में सामुदायिक शौचालय शो पीस बनकर रह गया, सरकार ने ग्राम वासियों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय को लाखों रुपए की लागत से बनवाया लेकिन विभागीय अधिकारियों और ग्राम प्रधान की उदासीनता के चलते उपयोग में न होने से समुदाय शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, हैरानी की बात तो यह है कि शौचालय निर्माण के लिए बजट में आई धनराशि से लिखाई भी नहीं कराई, जिससे सामुदायिक शौचालय की आसानी से पहचान नहीं हो रही, गुरुवार को शाह टाइम्स टीम ने गांव फरीदपुर कासम पहुंचकर सामुदायिक शौचालय की जांच पड़ताल की, उसके अंदर टॉयलेट टूटी. प्रकाश की सुविधा नहीं, ग्रामीण पानी उपलब्ध न होने के कारण टैबलेट से वापस लौट जाते हैं। पानी की सुविधा न होने से उपयोग में नहीं लाया जा रहा सामुदायिक शौचालय, उपस्थित ,ग्रामीण जीशान. हरिओम.सतपाल सिंह. मोहम्मद आलम.मोहम्मद अली.दानिश अजहर.नसीम.भूरी. उस्मान ने बताया कि सामुदायिक शौचालय पर तैनात केयर टेकर सरिता साफ सफाई नहीं करती जिससे गंदगी पसरी रहती है। ग्राम प्रधान के घर की निजी सफाई करके चली जाती है. इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डिलारी. त्रिलोक चंद से बातचीत की गई उन्होंने बताया कि शौचालय का उपयोग में न होना एक चिंता का विषय है। शौचालय की लिखी पुताई के लिए बजट में धनराशि दी गई है। जांच कराई जाएगी ,इस पाए जाने पर ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।



शाह टाइम्स


सम्पादकीय

शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

# वक्फ पर अंतरिम रोक

गुरुवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम पर आया फैसला निश्चित रूप से केंद्र सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की तीन सदस्यीय पीठ ने केंद्र सरकार की और से पेश सॉलिसिटर तुषार मेहता की दलील सुनने के बाद कहा कि मौजूदा वक्त में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। वक्फ संशोधन मामले की अगली सुनवाई पांच मई को होगी। हालांकि सरकारी वकील तुषार मेहता का कहना था कि वह इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से चार दिन के भीतर जवाब दाखिल करेंगे और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। तुषार मेहता का यह भी कहना था कि देश की शीर्ष अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर कुछ ज्यादा ही कठोर रूख अपनाया है। यह अपनाना नहीं चाहिए था। जाहिर है सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात को असरदार तरीके से रख पाने में सफल नहीं हुई। जिस तरह का रूख सुप्रीम कोर्ट का बुधवार को सुनवाई के दौरान देखने को मिला था। तभी साफ हो गया था कि सरकार अपना पक्ष मजबूती के साथ नहीं रख पा रही है। अदालत बुधवार को ही अंतरिम फैसला सुनाने जा रही थी, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस अपील पर कि सरकार को और सुनने का मौका दिया जाना चाहिए। तब पीठ गुरुवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई थी। अब सब कुछ शीर्ष अदालत के रूख पर निर्भर करेगा कि आगे चलकर वह किस तरह का फैसला सुनाते है। कानूनी जानकार तो यह भी मानकर चल रहे है कि बहुत संभव है कि वह निचली अदालत को सुनवाई के आदेश दे दे, तो अगर ऐसा होता है, तो मामला काफी लंबे समय के लिए लटक सकता है। यह तो पांच मई की सुनवाई के बाद ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है यह सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। जिस तरह सरकार वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर तेजी से आगे बढ़ रही थी उस पर तो ब्रेक लग ही गया है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि जब यह मामला अदालत में विचारधीन है तो लोग भी संयम का परिचय दे, लेकिन यह तभी संभव होगा जब सभी अपनी जिम्मेदारी को ठीक से समझें औरों की तो बात छोड़िए दो बड़े प्रदेशों के मुख्यमंत्री जिस तरह एक-दूसरे से उलझते दिखाई दे रहे है निसंदेह वह बेहद चिंता पैदा करने वाला है। बात तो बदकलामी तक पहुंच गई है। हम बात यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच छीड़े जुबानी जंग की कर रहे है। जहां योगी आदित्यनाथ ममता पर यह आरोप लगा रहे है कि वह दंगाईयों से हमदर्दी रखती है तो वहीं ममता बनर्जी भी योगी को भोगी कहकर उन पर पलटवार कर रहीं है। ऐसी भाषा से बचना होगा। इस तरह की भाषा देश का वातावरण ही खराब करती है। बेहतर यही है कि सब अदालत के फैसले का इंतजार करें।

## अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे



भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे, ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है, एक हालिया फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है, ऐसी कल्पना नहीं की थी, जहां राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने के लिए कहा जाएगा और अगर वे फैसला नहीं लेंगे, तो कानून बन जाएगा, अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे। वे ही कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही भी नहीं होगी क्योंकि इस देश का कानून उन पर लागू ही नहीं होता।

**जगदीप धनखड़**
**उपराष्ट्रपति**

# रिटायरमेंट के बाद अकेलेपन की कैद

## क्या शहर हमारे बुजुर्गों के लिए बन रहे हैं जेल?

**रिटायरमेंट के बाद का अकेलापन केवल एक भावनात्मक पीड़ा नहीं, बल्कि एक गहराता हुआ सामाजिक संकट है, जिसमें बुजुर्गों को उनका ही घर धीरे-धीरे एक ऐसी जेल में बदलता दिखता है, जहां दीवारें बोलती नहीं और लोग सुनते नहीं, संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के उदय ने बुजुर्गों के जीवन में गहरी दरारें डाल दी हैं, एक समय था जब दादी-नानी की कहानियां केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की जड़ों को सींचने वाली संवेदनाएं थीं**



**वीरेंद्र कुमार**

शहरों की चमचमाती रौशनी के पीछे एक स्याह साया है, जो हर शाम ढलते ही किसी खिड़की में उदासी बनकर टिक जाता है। यह साया किसी बुजुर्ग का है जो रिटायरमेंट के बाद, जीवन की उस अवस्था में पहुंचा है जहां उसे सबसे ज्यादा संवाद, साथ और सम्मान की ज़रूरत होती है। लेकिन इन महानगरों में, जहां वक्त की क़ीमत दौड़ से तय होती है, वहां उम्रदराज़ लोग अक्सर एक कोने में छूट जाते हैं। रिटायरमेंट के बाद का अकेलापन केवल एक भावनात्मक पीड़ा नहीं, बल्कि एक गहराता हुआ सामाजिक संकट है, जिसमें बुजुर्गों को उनका ही घर धीरे-धीरे एक ऐसी जेल में बदलता दिखता है, जहां दीवारें बोलती नहीं, और लोग सुनते नहीं।

संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के उदय ने बुजुर्गों के जीवन में गहरी दरारें डाल दी हैं। एक समय था जब दादी-नानी की कहानियां केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की जड़ों को सींचने वाली संवेदनाएं थीं। अब वही बुजुर्ग एक कमरे में टीवी के सामने अकेले बैठते हैं, जिन्हें केवल दवाइयों की समय-सीमा याद रखी जाती है, बाक़ी किसी संवाद की कोई आवश्यकता नहीं समझी जाती। शहरी जीवन की आपाधापी में बच्चे करियर, ट्रैफिक और प्रतिस्पर्धा में इतने उलझ गए हैं कि उन्हें अपने माता-पिता की आंखों में उगते सन्नाटे दिखाई ही नहीं देते। यह अकेलापन धीरे-धीरे अवसाद में बदलता है, फिर चुप्पी में, और अंततः कभी-कभी एक अनकहे अंत में। भारत जैसे देश में जहां 'मातृ-पितृ देवो भव' जैसी पंक्तियां संस्कृति का हिस्सा रही हैं, वहां रिटायरमेंट के बाद बुजुर्गों के जीवन की विडंबना और भी कटु हो जाती है। शहरों में बुजुर्गों के लिए न सार्वजनिक स्थल हैं, न सामुदायिक संवाद के मंच, और न ही कोई ऐसा तंत्र जो उन्हें जीवन के इस नए चरण में सक्रियता और सम्मान के साथ जीने का अवसर दे। उनकी सारी भूमिका केवल घर की रखवाली, दवाइयों की सूची और कभी-कभार बच्चों की देखभाल तक सीमित रह जाती है। धीरे-धीरे वे अपने ही घर में 'अतिरिक्त' महसूस करने लगते हैं। कुछ बुजुर्ग स्वयं वृद्धाश्रम की शरण लेते हैं, क्योंकि वहां कम से कम कोई उनकी बात तो सुनता है।



मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से यह एक गंभीर चुनौती है। बुजुर्गों में डिप्रेशन, चिंता, भूलने की बीमारी (**Dementia**), और नींद की समस्याएं आम होती जा रही हैं। खासकर रिटायरमेंट के बाद, जब उनका दिनचर्या, पहचान और सामाजिक भूमिका अचानक ख़त्म हो जाती है, तो वे स्वयं को व्यर्थ महसूस करने लगते हैं। यह स्थिति केवल भावनात्मक नहीं, शारीरिक रूप से भी उन्हें कमजोर बनाती है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि जो बुजुर्ग सामाजिक रूप से कटे रहते हैं, उनमें बीमारियां अधिक होती हैं और उनकी मृत्यु दर भी अधिक होती है। इस अकेलेपन की रोकथाम के लिए सबसे पहले समाज को यह समझना होगा कि बुजुर्ग 'निष्क्रिय' नहीं होते उन्हें केवल एक नई भूमिका, एक नई पहचान की आवश्यकता होती है। रिटायरमेंट के बाद की ज़िंदगी, अगर सही रूप से पुनर्गठित की जाए, तो यह 'आत्म-संवर्धन' और 'सामाजिक मार्गदर्शन' का काल बन सकती है। इसके लिए ज़रूरी है कि परिवार अपने बुजुर्गों को सिर्फ सहानुभूति से नहीं, बल्कि सहभागिता से देखें। उन्हें घर के निर्णयों में शामिल करें, उनके अनुभव को सम्मान दें, और उन्हें संवाद का अवसर दें।

समाज स्तर पर बुजुर्गों के लिए सामुदायिक केंद्रों का निर्माण होना चाहिए जहां वे अपनी रुचियों, जैसे संगीत, लेखन, बागवानी या योग के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ सकें। ऐसे समूह बुजुर्गों को उद्देश्य देते हैं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त करते हैं। कुछ स्थानों पर 'इंटरजनरेशनल संवाद' की पहल की जा रही है, जहाँ बुजुर्ग स्कूल या कॉलेज जाकर अपने अनुभव साझा करते हैं। यह मॉडल बच्चों और बुजुर्गों के बीच संवाद का सेतु बनाता है। सरकार की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आज भारत में 'राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक नीति' (**National Policy for Senior Citizens**) है, लेकिन यह ज़मीनी स्तर पर बहुत सीमित प्रभाव छोड़ पाई है। सरकार को चाहिए कि वह प्रत्येक शहर में बुजुर्गों के लिए 'डे-केयर सेंटर्स', 'सामाजिक सहभागिता केंद्र' और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्रों की स्थापना करे। बुजुर्गों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, ट्रांसपोर्ट में रियायत जैसे उपाय तो ज़रूरी हैं, लेकिन उससे भी ज्यादा ज़रूरी है। उन्हें फिर से 'समाज का हिस्सा' महसूस कराना। दूसरे देशों के अनुभव से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।

जापान में बुजुर्गों के लिए 'इकिगाई' की अवधारणा है, जिसमें उन्हें जीवन के किसी उद्देश्य से जोड़ा जाता है कृ चाहे वह सामुदायिक सेवा हो, बच्चों को नैतिक शिक्षा देना, या स्थानीय स्वच्छता अभियानों में भाग लेना। स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों में बुजुर्गों के लिए रिटायरमेंट के बाद 'सक्रिय नागरिकता' (**active citizenship**) कार्यक्रम चलते हैं, जिनमें वे सामुदायिक निर्णयों में भाग लेते हैं और स्थानीय सरकार के साथ सहयोग करते हैं। कनाडा में कई बुजुर्गों को पार्ट-टाइम वॉलंटियरिंग या प्रोफेशनल मेंटरशिप में शामिल किया जाता है। ये सारे मॉडल दिखाते हैं कि रिटायरमेंट के बाद की ज़िंदगी को अर्थपूर्ण बनाया जा सकता है। बशर्ते समाज और सरकार दोनों इसकी ज़िम्मेदारी लें।

शायद अब समय आ गया है कि हम बुजुर्गों को किसी जिम्मेदारी से मुक्त व्यक्ति नहीं, बल्कि स्मृतियों और अनुभवों की जीवित पुस्तक मानें। जिसे पढ़ने, सुनने और समझने की आवश्यकता है। वे कोई बोझ नहीं हैं, बल्कि हमारे भविष्य की नींव रखने वाले हाथ हैं। अगर हम उनकी ख़ामोशी को नहीं सुन पाए, उनके अकेलेपन को नहीं देख पाए, तो यह हमारी संवेदनशीलता की नहीं, हमारी सभ्यता की हार होगी। जिस समाज की नींव अपने बुजुर्गों को अकेला छोड़ने पर टिकी हो, वह कभी स्थिर नहीं रह सकता। इसलिए यदि हमें भविष्य सुरक्षित करना है, तो हमें अपने अतीत, अपने बुजुर्गों को अपनाना ही होगा। यह सिर्फ कर्तव्य नहीं, बल्कि उस मानवता की पहचान है, जिसके बिना कोई भी समाज समाज नहीं कहलाता।

# जीव विज्ञान का मॉडल जीवः हाइड्रा...

**डॉ. किशोर पंवार**

हमारे समाज में सेलिब्रिटी उस हस्ती या शख्स को कहा जाता है जो प्रतिष्ठित हो। जिसे अभिनय, राजनीति, फैशन, खेल या संगीत जैसे किसी क्षेत्र में विशेष रुतबा हासिल हो। इन ख्याति प्राप्त लोगों की एक ब्रांड वैल्यू होती है। सेलिब्रिटी के द्वारा विज्ञापित उपभोक्ता सामग्री लोग खरीदते हैं। वे क्या करते हैं? क्या पहनते हैं? उनके घर में कौन सा पंखा या वॉटर प्यूरीफायर है? इन सबकी देखा-देखी लोग शॉपिंग करते हैं, इनकी कहा-कही में आकर युवा अपनी ज़ुबां केसरिया करते हैं। लेकिन, यहां हम जिन सेलिब्रिटीज़ की बात करने जा रहे हैं वे इनसे बिलकुल अलग हैं। ये खुद अपना गुणगान नहीं करते, किंतु उन पर किए गए शोध कार्यों ने मानव स्वास्थ्य, आनुवंशिक बीमारियों और वृद्धावस्था पर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई है।

हमारे शरीर में जीन्स कैसे काम करते हैं, उनके होने या न होने से क्या फर्क पड़ता है? यह सब जानकारी हमें इन्हीं से पता चली है। दरअसल, कुछ ऐसे प्रयोग भी होते हैं जो नैतिक रूप से इंसानों पर नहीं किए जा सकते। और, हमारे शरीर की जटिलता, लंबा जीवनकाल, बहुत बड़ा जीनोम आदि के कारण ये प्रयोग मनुष्य पर करना संभव भी नहीं है। इसलिए ऐसे महत्वपूर्ण प्रयोग इन मॉडल जीवों पर किए जाते हैं। तो, मॉडल जीव उन्हें कहते हैं जिनका उपयोग आनुवंशिकी, विकास और अन्य जैविक प्रक्रियाओं को समझने के लिए किया जाता है। किसी भी जीव को मॉडल के रूप में चुनते समय शोधकर्ता उनकी स्थिरता, छोटा जीवन चक्र और जीनोम में संसाधनों की उपलब्धि जैसी बातों पर विचार करते हैं।

फलमक्खी (**Drosophila melanogaster**), गोलकृमि (**Caenorhabditis elegans**), घरेलू चूहा (**Mus musculus**), न्यूरोस्पोरा (**Neurospora**), एग्रोबैक्टीरियम टयूमिफेशियंस (**Agrobacterium tumefaciens**), एसिटेबुलरिया (**Acetabularia**), हाइड्रा (**hydra**), बेकर्स यीस्ट (**Saccharomyces cerevisiae**), माउस ईयर क्रेस (**Arabidopsis thaliana**) ऐसे ही कुछ मॉडल जीव हैं जिन पर पिछले कई वर्षों से अनुसंधान किया जा रहा है।

### हाइड्रा के बारे में...

जीव विज्ञान में हाइड्रा को अमर कहा गया है यानी जो कभी नहीं मरता। इसे हाइड्रा नाम प्रसिद्ध जीव विज्ञानी कार्ल लीनियस ने दिया था। दरअसल यह नाम ग्रीक मायथॉलॉजी में वर्णित एक सर्प के रूप और गुणों पर आधार पर दिया था जिसके नौ सिर थे और एक सिर काटने पर उसके स्थान पर फिर दो सिर उग जाते थे। अर्थात उसमें पुनर्जनन की गज़ब की क्षमता थी। ऐसी ही क्षमता हाइड्रा में भी है, इसके भी दो टुकड़े कर दो तो दोनों टुकड़ों से नए हाइड्रा बन जाते हैं।

हाइड्रा मीठे पानी का एक अकशेरुकी मांसाहारी जीव है। यह एक छोटे ताड़ के पेड़ की तरह दिखता है। पूरा शरीर बेलनाकार नलीलुमा होता है। इसमें एक आधार डिस्क (पैर) होती है, जिससे यह किसी आधार पर चिपका रहता है। डिस्क में ग्रंथि कोशिकाएं होती हैं जो चिपचिपा पदार्थ स्रावित करती हैं। नलीनुमा शरीर के स्वतंत्र सिरे पर एक छिद्र मुंह होता है जो मुंह और गुदा दोनों का काम करता है। यह 4 से लेकर 12 तक संवेदी टेंटेकल्स से घिरा रहता है।

हाइड्रा एक डिप्लोब्लास्टिक जीव है अर्थात इसका शरीर दो परतों से बना होता है। बाहरी परत को एपिडर्मिस कहते हैं, और अंदर की परत गैस्ट्रोडर्मिस कहलाती है, यह पेट की आंतरिक सतह होती है। हाइड्रा का पूरा शरीर 50000 से लेकर 10 लाख कोशिकाओं का बना होता है। हाइड्रा में प्रजनन मुख्य रूप से मुकुलन द्वारा होता है। इस प्रक्रिया में हाइड्रा के शरीर पर एक कलिका बनती है और धीरे-धीरे यह कलिका बढ़ने के बाद अलग होकर एक नया हाइड्रा बनती है। इसे वर्धी प्रजनन कहते हैं। अलबत्ता, कतिपय परिस्थितियों में हाइड्रा में लैंगिक प्रजनन भी होता है।

### हाइड्राः एक मॉडल जीव...

हाइड्रा के आणविक और कोशिकीय जीव विज्ञान पर कार्य करने वाली प्रोफेसर सेलिना जूलियानो का कहना है कि जहां तक हम जानते हैं यह जीव ना तो बूढ़ा होता है और ना ही मरता है। आप इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दीजिए और उन टुकडों से पूरा नया जीव बन जाता है। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि यदि हाइड्रा को एक-एक कोशिका में विभाजित कर दें, और उनको मिलाकर एक गेंद बना दें, तो फिर से एक नया हाइड्रा निकल आएगा। इसकी यही क्षमता उपचार और बुढ़ापे के अध्ययन के लिए इसे एक आदर्श मॉडल जीव बनाती है। पेड़-पौधों में तो ऐसा होता ही रहता है।

गुलाब की कलम से एक नया गुलाब का पौधा तैयार हो जाता है। हालांकि पेड़-पौधों में पाया जाने वाला पुनर्जनन का यह गुण हम मनुष्यों में नहीं पाया जाता। पर अगर आ जाए तो कितना बढ़िया होगा, कटे हुए हाथ की जगह नया हाथ, और दुर्घटना में खोई हुई टांग की जगह नई टांग! यह कोई खाम-ख्याली नहीं है। प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों ने लीवर के टुकड़े से पूरा लीवर फिर से बना लिया है, त्वचा को भी उगा लिया है। बस कुछ और काम बाकी हैं जो हाइड्रा पर अनुसंधान की मदद से और उसकी पुनर्जनन क्षमता की बेहतर समझ से जल्दी ही पूरे हो जाएंगे।

**हाइड्रा का पूरा शरीर 50000 से 10 लाख कोशिकाओं का बना होता है, हाइड्रा में प्रजनन मुख्य रूप से मुकुलन द्वारा होता है, इस प्रक्रिया में हाइड्रा के शरीर पर एक कलिका बनती है और धीरे-धीरे यह कलिका बढ़ने के बाद अलग होकर एक नया हाइड्रा बनता है**

जूलियानो द्वारा हाइड्रा की प्रत्येक प्रकार की कोशिका में अभिव्यक्त जीन्स को सटीक रूप से पहचान लिया गया है, उनके कार्यों के बारे में जानकारी जुटा ली गई है। आजकल इस जीन अभिव्यक्ति को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने के लिए औज़ार भी विकसित किए जा रहे हैं। बुढ़ाने पर काम करने वाले डेनियल मार्टीनेज़ ने 1998 में एक्सपेरिमेंटल जेरेन्टोलॉजी नामक एक शोध पत्रिका में दावा किया था कि हाइड्रा जैविक रूप से अमर है। हाइड्रा की स्टेम कोशिकाओं में अनिश्चितक. ाल तक स्व-नवीनीकरण की क्षमता होती है। और लगातार स्व-नवीनीकरण करने में प्रतिलेखन (**tran-scription**) कारक 'फोर्कहेड बॉक्स-ओ' यानी फॉक्स-ओ की भूमिका होती है। द्विपक्षीय सममिति (**bilateral symmetry**) वाले जीवों, जैसे फल मक्खियों और कृमि मॉडलों, में यदि इस प्रतिलेखन कारक को हटा दिया जाए तो उनका जीवनकाल काफी कम हो जाता है। हाइड्रा वल्गैरिस एक चक्रीय सममिति वाला जीव है। प्रयोग द्वारा देखा गया है कि जब फॉक्स-ओ के स्तर में कमी आती है तो हाइड्रा की कई प्रमुख विशेषताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है लेकिन फिर भी उसकी मृत्यु नहीं होती।

**स्रोत फीचर्स**


# गुड फ्राइडे : प्रेम की सूली पर टिका युगों का उजाला

**गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले आने वाला शुक्रवार होता है और इस वर्ष यह 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है, यह दिन पूरी दुनिया के ईसाइयों के लिए गहरे आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना, उपवास व बलिदान का स्मरण करने का दिन है**



**योगेश कुमार गोयल**

ईसा मसीह के उस महान बलिदान की याद में मनाया जाने वाला दिन है 'गुड फ्राइडे', जिसे ईसाई समुदाय श्रद्धा, शोक और आत्मचिंतन के रूप में मनाता है। यह दिन न केवल ईसा मसीह की सूली पर चढ़ाए जाने की घटना को स्मरण करने का दिन है बल्कि प्रेम, क्षमा, दया, करुणा और मानवता के सर्वोच्च मूल्यों की पुनः स्थापना का अवसर भी है। गुड फ्राइडे का महत्व केवल एक ऐतिहासिक घटना तक सीमित नहीं है बल्कि यह उस सार्वभौमिक संदेश को भी प्रकट करता है, जो युगों-युगों तक मानव समाज को प्रेरणा देता रहेगा। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, करीब दो हजार वर्ष पूर्व जब समाज में धार्मिक पाखंड, अंधविश्वास, अन्याय और अमानवीयता अपने चरम पर थी, तब ईसा मसीह एक ऐसे सुधारक के रूप में प्रकट हुए, जिन्होंने मानवता को सत्य, प्रेम, अहिंसा, दया और क्षमा का मार्ग दिखाया। वे लोगों को यह सिखाते थे कि ईश्वर का सच्चा उपासक वही है, जो दूसरों की सेवा करता है और दूसरों के प्रति प्रेम, दया और करुणा रखता है। ईसा मसीह का सम्पूर्ण जीवन परोपकार, त्याग और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। गुड फ्राइडे उस ऐतिहासिक शुक्रवार का स्मरण है, जब धार्मिक कट्टरपंथियों की ईर्ष्या, भय और राजनीतिक साजिशों के चलते ईसा मसीह को यरूशलम में क्रॉस पर लटका दिया गया था। उस समय के धार्मिक नेताओं को ईसा मसीह के उपदेशों से यह भय सताने लगा था कि यदि लोग उनकी बातों पर विश्वास करने लगे तो उनका प्रभुत्व समाप्त हो जाएगा। ईसा मसीह के विचार समाज में व्यापक रूप से फैलने लगे थे। लोग उन्हें परमेश्वर का पुत्र मानने लगे थे और उनके पास अपनी पीड़ाओं का समाधान खोजने लगे थे। यह देखकर धार्मिक प्रतिष्ठान असुरक्षित महसूस करने लगे और अंततः षड्यंत्रपूर्वक उन्हें क्रॉस पर लटकाने का निर्णय लिया गया। ईसा मसीह का यह बलिदान केवल उनकी मृत्यु नहीं थी बल्कि एक ऐसा आदर्श बन गया, जो दर्शाता है कि सच्चाई, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति को कितनी भी यातना दी जाए, वह अपनी ध्येयनिष्ठा से विचलित नहीं होता। ईसा मसीह ने सूली पर चढ़ते हुए भी अपने हत्यारों के लिए प्रार्थना की थी, 'हे परमपिता! इन्हें क्षमा करना, ये नहीं जानते ये क्या कर रहे हैं।' यह कथन आज भी क्षमा और करुणा की पराकाष्ठा का प्रतीक माना जाता है।



गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले आने वाला शुक्रवार होता है और इस वर्ष यह 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है। यह दिन पूरी दुनिया के ईसाइयों के लिए गहरे आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना, उपवास और बलिदान को स्मरण करने का दिन होता है। इस दिन चर्चों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। पारंपरिक रूप से इस दिन चर्च की घंटियां नहीं बजाई जाती बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं, जो इस दिन की गंभीरता और शोक को व्यक्त करते हैं। लोग काले वस्त्र धारण कर ईसा मसीह के बलिदान को स्मरण करते हैं, चर्चों में जाकर क्रॉस को चूमते हैं और प्रभु ईशु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। गुड फ्राइडे के दिन कई स्थानों पर नाटय रूपांतरण के माध्यम से 'क्रूसीफिक्शन' यानी ईसा को क्रॉस पर चढ़ाने की घटना का दृश्य प्रस्तुत किया जाता है। इससे लोगों को उस ऐतिहासिक घटना को समझने और महसूस करने का अवसर मिलता है। अनुयाई इस दिन अपने गुनाहों के लिए क्षमा मांगते हैं, संयम और आत्मनियंत्रण का पालन करते हैं तथा सांसारिक भोग-विलास से दूरी बनाते हैं।

कैथोलिक परंपरा के अनुसार, गुड फ्राइडे से 40 दिन पहले उपवास और प्रार्थना की अवधि आरंभ हो जाती है। यह अवधि 'लेन्ट' कहलाती है और इसकी शुरुआत 'राख बुधवार' से होती है। इस दिन से ईसाई अनुयायी संयम, उपवास, पश्चाताप और प्रार्थना में लीन हो जाते हैं। 'राख बुधवार' का महत्व इस बात से है कि इस दिन अनुयायी अपने माथे पर राख का चिह्न लगाते हैं, जो इस बात का प्रतीक है कि मनुष्य नश्वर है और उसे अपने पापों के लिए ईश्वर से क्षमा मांगनी चाहिए। यह उपवास काल ईसा मसीह के उन चालीस दिनों की याद दिलाता है, जब उन्होंने मानव सेवा आरंभ करने से पहले रेगिस्तान में एकांतवास किया और उपवास रखते हुए ईश्वर की आराधना की। गुड फ्राइडे के दिन चर्चों और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढक दिया जाता है। यह सादगी और शोक का प्रतीक है। यह दिन बाहरी चमक-धमक की जगह अंतर्मन की शुद्धता, संयम और आंतरिक प्रकाश को महत्व देने का दिन होता है। चर्चों में कोई विवाह समारोह, उत्सव या जश्न नहीं होता बल्कि यह दिन आत्मचिंतन और प्रभु ईशु के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। 'प्रेम ही ईश्वर है' ईसा मसीह के जीवन का संदेश था। उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़कर उसे एक सार्वभौमिक स्वरूप प्रदान किया। वे जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र से ऊपर उठकर प्रत्येक व्यक्ति को अपना भाई और बहन मानते थे। उन्होंने बताया कि ईश्वर की आराधना केवल धार्मिक अनुष्ठानों से नहीं बल्कि सेवा, दया, करुणा और परोपकार से होती है। उन्होंने जीवनभर पापियों, दरिद्रों, रोगियों और उपेक्षितों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार किया। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। ईसा मसीह का बलिदान मानवता के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कष्टों से भले ही गुजरे परंतु उसकी आत्मा सदा मुक्त और शांत रहती है। उनके अनुयायी उन्हें 'शांति-दूत', 'क्षमा-मूर्ति' और 'महात्मा' के रूप में पूजते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति जब दूसरों की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है, तब वह स्वयं भी ईश्वर से एकाकार हो जाता है। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद रविवार को एक चमत्कारी घटना घटित हुई, जब ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए। इसे 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह ईसाई धर्म का सबसे पावन पर्व माना जाता है क्योंकि यह न केवल पुनरुत्थान का प्रतीक है बल्कि विजय का प्रतीक भी है, मृत्यु पर जीवन की, अंधकार पर प्रकाश की और पाप पर पुण्य की। कहा जाता है कि ईसा मसीह पुनरुत्थान के पश्चात 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों के बीच रहे। मरियम मदीलिनी नामक महिला को उन्हें सबसे पहले देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो ईस्टर की सुबह उन्हें देखने गई थी।

# घर पर 15 मिनट में बनाकर तैयार करें पेरी-पेरी सॉस

दक्षिण अफ्रीका में पेरी-पेरी सॉस बड़े चाव के साथ खाई जाती है। इसका स्वाद मसालेदार होता है, इस वजह से इसको पेरी-पेरी सॉस के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर चिकन, मांस और सब्जियों के साथ यह सॉस सर्व किया जाता है। इस सॉस की यह खासियत होती है कि इसका स्वाद तीखा और मसालेदार होता है। यह सॉस हर स्नैक्स को स्वादिष्ट बनाता है। पेरी-पेरी सॉस को बहुत ही खास तरीके से तैयार किया जाता है और इसमें पेरी-पेरी मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है।

पेरी-पेरी मिर्च के कारण इसका स्वाद काफी खास हो जाता है। लेकिन हर जगह यह मिर्च नहीं मिलती है। लेकिन इसको अलग-अलग तरीकों से तैयार किया जाता है। अगर आप भी पेरी-पेरी सॉस बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए जरूरी नहीं है कि आपके पास पेरी-पेरी मिर्च हो। आप नॉर्मल मिर्च से भी यह सॉस बनाकर तैयार कर सकते हैं।

### सामग्री...

- पेरी पेरी मिर्च-1 कप
- लहसुन कलियां- आधा कप
- अदरक का पेस्ट- 1/4 कप
- टोमेटो सॉस- 2 बड़े चम्मच
- नींबू का रस- 1/4 कप
- चीनी- 1 बड़ा चम्मच
- जैतून का तेल- 1/4 कप
- काली मिर्च पाउडर-आधा छोटा चम्मच
- नमक: स्वादानुसार
- लाल मिर्च पाउडर: आधा छोटा चम्मच

### पेरी पेरी सॉस की विधि...

सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार करके रख लें और फिर पेरी पेरी मिर्च या मिर्च को धोकर साफ कर लें। इनके बीज भी निकाल दें।

अब लहसुन की कलियों को छील लें और अदरक का पेस्ट बना लें। फिर एक ब्लेंडर में पेरी-पेरी मिर्च, लहसुन, जैतून का तेल, नींबू का रस, अदरक, नमक, चीनी, लाल मिर्च पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालकर स्मूद सा पेस्ट बना लें।

इसके बाद एक पैन में सॉस को हल्की आंच पर गर्म करें और 5 से 7 मिनट तक पकाएं। इसको तब तक पकाएं जब तक कि यह सॉस गाढ़ा न हो जाए। अब सॉस को ठंडा करने के लिए एक ओर रख दें।

इस तरह से पेरी-पेरी सॉस बनकर तैयार हो जाएगा, जिसको आप स्नैक्स के साथ सर्व कर सकते हैं। वहीं अगर आप इसको तीखा रखना चाहते हैं, तो आप पेरी-पेरी मिर्च या लाल मिर्च पाउडर का अधिक इस्तेमाल कर सकते हैं।

# खाली करना ही होगा पीओके



- पाक आर्मी चीफ के टू-नेशन थ्योरी वाले बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा-बांग्लादेश बनते ही यह थ्योरी फेल हुई
- जनरल मुनीर ने कश्मीर को पाक के गले की नस व टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि पीओ.के भारत का अभिन्न अंग है। इस पर पाकिस्तान का अवैध रूप से कब्जा है। पाकिस्तान को पीओके हर हाल में खाली करना पड़ेगा। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ के कश्मीर और टू नेशन थ्योरी वाले बयान पर यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उनके टू नेशन थ्योरी वाले बयान पर जायसवाल ने कहा कि यह थ्योरी 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद ही खारिज हो चुकी थी। पाकिस्तान के आर्मी चीफ मुनीर ने बुधवार को कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले ओव.रसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में बुधवार को कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में बुधवार को कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा है कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में जनरल मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान की कहानी अपने बच्चों को आपको जरूर सुनानी है। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंद.ओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा-आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। जनरल मुनीर ने कश्मीर को गले की नस बताया था। मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताया था। उन्होंने कहा, हमारा रुख बिल्कुल साफ है। कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके वीरतापूर्ण संघर्ष में अकेले नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कश्मीर को गाजा से जोड़ते हुए कहा, पाकिस्तानियों का दिल गाजा के मुसलमानों के साथ धड़कता है। जनरल मुनीर ने बलूचिस्तान में बढ़ते अलगाववादी आंदोलनों और आतंकी गतिविधियों पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी बीएलए को चेतावनी देते हुए कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का गौरव है। क्या आप इसे आसानी से छीन लेंगे? दस पीढ़ियां भी इसे नहीं ले पाएंगी। इंशाअल्लाह, हम इन आतंकियों को जल्द ही कुचल देंगे। उन्होंने बलूचिस्तान में हाल के हमलों, जैसे मार्च 2025 में जफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण का जिक्र किया और कहा कि 1500 आतंकी देश का भविष्य नहीं बदल सकते। अगर 13 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना पाकिस्तान को डरा नहीं सकी, तो आतंकी कैसे डरा सकते हैं। जनरल मुनीर ने आतंकवाद के कारण निवेश न आने की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, क्या आपको लगता है कि आतंकी देश का भाग्य छीन सकते हैं? जब तक पाक जनता सेना के साथ है, कोई भी चुनौती हमें नहीं रोक सकती। सवाल यह नहीं कि पाक कब तरक्की करेगा, सवाल यह है कि कितनी तेजी से करेगा।

## भारत-चीन से व्यापार बढ़ाना चाहता है ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने भारत, चीन और रूस जैसे देशों के व्यापार बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि ईरान को एशिया के आर्थिक केंद्र वाले देशों के साथ आर्थिक संबंध बढ़ाने चाहिए और पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनिया के सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था, जबकि चीन को छोड़कर बाकी सभी देशों के लिए 90 दिन तक रोक दिया गया। ऐसे में दुनिया के ज्यादातर देश अमे.रिका पर निर्भरता कम करने के लिए रीजनल व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

# मेहुल चोकसी को वापस लाने की कोशिश जारी



**भगोड़ा हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है, पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है।**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि भारत सरकार भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की औपचारिक अपील पर शनिवार को चोकसी को बेल्जियम के एंटवर्प में गिरफ्तार किया गया था। भगोड़ा हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है। रिपोर्ट्स के मुता.बिक, मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था।

## फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथु ने हरमंदिर साहिब में टेका मत्था

**अमृतसर।** फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथु ने गुरुवार को हरमंदिर साहिब में मत्था टेका। दरबार साहिब के दर्शन करते समय राजदूत माथु ने गुरबाणी कीर्तन का श्रवण किया तथा गुरु रामदास जी के लंगर में भी गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस पवित्र स्थान पर आकर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने शिरोमणि कमेटी से मिले सम्मान के लिए पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिह राजदूत माथु को दरबार साहिब का स्वर्णिम मॉडल, लोई और धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया।

# ट्रम्प-मेलोनी की मुलाकात में टैरिफ समाधान की उम्मीद

**मॉस्को।** यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार वार्ताकारों को उम्मीद है कि इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेला.ेनी की वाशिंगटन यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ उनकी बैठक अमेरिकी टैरिफ मांगों पर मंजूरी मिल सकती है। द फाइनेंशियल टाइम्स में गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट यह जानकारी दी गई। समाचार पत्र की रिपोर्ट में कहा है कि ब्लॉक के वार्ताकारों ने कथित तौर पर शिकायत की है कि उन्हें अमे.रिकी मांगों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है और अब उन्हें उम्मीद है कि सु. मेलोनी की यात्रा से स्थित स्पष्ट हो जाएगी। इसके साथ ही नाटो में इटली के पूर्व राजदूत स्टेफानो स्टेफनिनी का मानना है कि इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को यूरोपीय संघ के मध्यस्थों पर इसका लाभ मिल सकता है क्योंकि वह निर्णायकों से बात कर रही हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनके मधुर संबंध हैं। चार यूरोपीय संघ देशों के अनाम राजनयिकों ने बताया कि पारस्परिक टैरिफ पर इटली के नरम रुख की कुछ सदस्य देशों द्वारा आला.ेचना की जाती है, लेकिन उन्होंने बताया कि ट्रम्प के साथ सु. मेलोनी के मधुर संबंध फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इतालवी प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से ब्रुसेल्स के इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि यदि वाशिंगटन भी ऐसा ही करता है तो वह औद्योगिक वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटा लेगा, हालांकि वार्ता के बारे में जानकारी रखने वाले राजनयिकों ने कथित तौर पर कहा कि अमेरिका टैरिफ कम करने में रुचि नही रखता है और उसके घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ दर के बने रहने की संभावना है।

## अमेरिकी टैरिफ वृद्धि अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नहीं: चीन

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि उनके देश से आयातित कुछ उत्पादों पर अमे.रिका द्वारा लगाया गया 245 प्रतिशत टैरिफ अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नही रह गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उस पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ में अत्यधिक वृद्धि केवल आंकड़ों का खेल बन चुकी है, जिससे आर्थिक रूप से अब कोई वास्तविक अंतर नही पड़ता, सिवाय इसके कि यह और अधिक स्पष्ट हो जाता है कि कैसे अमेरिका दूसरों को मजबूर करने एवं धमकाने के लिए टैरिफ का उपयोग करता है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन इन युद्धों में शामिल नही होना चाहता।

## वार्ताकार गाजा के बंधकों की रिहाई के प्रयास जारी रखें: इजरायल

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली वार्ताकारों को गाजा में अभी भी बंधकों की रिहाई के प्रयास जारी रखने को आदेश दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक संघर्ष विराम बहाल करने के प्रयास ठप लग रहे हैं।

बयान में कहा गया है कि नेतन्याहू ने गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए कदम जारी रखने का आदेश दिया है। यह फैसला सुरक्षा अधिकारियों और वार्ताकारों के साथ बैठक के बाद लिया गया, जहां 59 बंधकों की स्थिति पर चर्चा हुई। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि इस बीच, मिस्र और कतर ने हमास को 10 बंधकों की रिहाई तथा अस्थाई युद्धविराम का नया प्रस्ताव दिया है, जिस पर हमास विचार कर रहा है।

# तकनीकी बारीकियों को परखने ब्राजील के खेतों में उतरे शिवराज



**वर्षा में उसमें जल इकट्ठा होता है और उस पानी को यहां स्प्रिंकलर जैसी जो रचना बनी है, उसमें देते हैं ताकि कम पानी में ज्यादा सिंचाई हो सके और पूरा कंट्रोल्ड सिस्टम है। जितना पौधे को न्यूट्रिएंट चाहिए और जितना पानी चाहिए, उतना ही पानी जाता है। शिवराज ने ब्राजील में मक्का के खेतों में पहुंचकर नरवाई निपटान तकनीक को समझा।**

**ब्रासीलिया/ नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्री शिव.राज सिह चौहान गुरुवार को ब्राजील के खेतों में उतरे और टमाटर मक्का एवं सोयाबीन सहित कई फसलों को जांचा परखा तथा तकनीक के प्रयोग और प्रक्रिया के तरीकों को समझा।

चौहान ने ब्राजील के ब्रासीलिया में कृषि कार्यों को देखने के लिए खेतों में गए और खेती में प्रयोग की जा रही मशीनों तथा प्रक्रियाओं को देखा। चौहान ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक के लिए ब्राजील प्रवास पर हैं। केंद्रीय मंत्री ने ब्राजील में सोयाबीन उत्पादन संयंत्र और टमाटर के खेतों सहित कुछ अन्य स्थानों का दौरा किया। उन्होंने ब्राजील में, खेती में अपनाई जा रही मशीनों और सिंचाई की अत्याधुनिक पद्धतियों का अवलो.कन किया। चौहान ने कहा कि भारतीय कृषि के और तेजी से विकास के लिए ब्राजील से प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ब्राजील के कृषि मंत्री के साथ टमाटर और मक्का के खेत पर भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि यहां आकर मैं खेती देख रहा हूं और यहां से सीख भी रहा हूं और भारत में हम कैसे हम मिलकर इस दिशा में खेती को आगे ले जा सकते हैं, उत्पादन बढ़ाने के लिए भी, उस दिशा में भी प्रयत्न करेंगे। ब्राजील के सोयाबीन उत्पादन संयंत्र का अवलोकन करते हुए, चौहान ने भारत में सोयाबीन के क्षेत्र के विकास पर कहा कि भारत में सोयाबीन का उत्पादन बघने और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी ब्राजील के साथ मिलकर काम किया जा सकता है। ब्राजील से भारत सोया तेल आयात करता है। उन्होंने कहा कि भारत में सोया संयंत्र लगाने पर विचार किया जा सकता है। कपास के क्षेत्र में भी दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

# ताइवान ने चीन के 34 विमान, छह जहाज़ ढूंढे

**बीजिंग।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 34 विमान और छह जहाजों का पता लगाया है। जिसमें से 22 विमानों ने ताइवान की सीमा में प्रवेश किया था। मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह छह बजे (बुधवार को 22:00 जीएमटी) तक ताइवान के आसपास 34 पीएलए विमान, छह पीएलएएन जहाज और 2 आधिकारिक जहाजों का पता लगाया गया।ह मंत्रालय ने उल्लेख किया कि इनमें से 22 विमानों ने ताइवान जलडम मध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। ताइवान ने स्थिति पर नज़र रखने के लिए विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय-आधारित मिसाइल सिस्टम तैनात किए हैं।

यह घटना चीन और ताइवान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हुई है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और उसे बलपूर्वक अपने अधीन करने की बात करता है। ताइवान स्वयं को स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र मानता है।

# गाजा पर बमबारी, 19 फलस्तीनी मरे

## गाजा के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फा में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाया

**गाजा।** गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों में हुए इजरायली हमलों में कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। यह जानकारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने सिन्हुआ से बुधवार को कहा कि गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फा में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में बच्चों और महिलाओं सहित 10 लोग मारे गए। गाजा पट्टी के उत्तर में जबालिया क्षेत्र में इजरायली सेना ने तीन लोगों की हत्या कर दी और अन्य को घायल कर दिया। गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस में इजरायली ड्रोन हमलों में कम से कम दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। बसल ने कहा कि एक इजरायली विमान ने नुसेरात के केंद्रीय शहर में विस्थापितों को भोजन वितरित करने वाले एक तंबू को निशाना बनाया, जिसमें एक फलस्तीनी मारा गया। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि बुधवार की सुबह से ही इजरायली तोपखाने की गोलाबारी गाजा शहर के पूर्वी इलाक.ों, बेत हनून और उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया इलाकों पर जारी है। इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसके सदस्यों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-वफा अस्पताल के पास तीन इजरायली मर्कवा 4 टैंकों को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने अभी तक हमलों पर कोई टिप्पणी नही की है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 18 मार्च से गाजा पट्टी में नवीनीकृत अभियान के अंतर्गत हमास के राजनीतिक ब्यूरो के कुल 11 वरिष्ठ अधिकारी मारे गए हैं। इसने कहा कि अब तक नवीनीकृत अभियान के अंतर्गत इजरायली वायुसेना के 350 लड़ाकू विमानों और विमानों द्वारा लगभग 1,200 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। 100 से अधिक लक्षित ठिकानों को नष्ट किया गया है और गाजा पट्टी में आतंकी संगठनों के सैकड़ों आतंकवादियों और सैन्य कमांडरों को मार गिराया गया है। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को घोषणा किया कि पिछले 24 घंटों में गाजा में कम से कम 25 लोग मारे गए तथा 89 अन्य घायल हुए।

## आईएमएफ से ऋण दिलाने में मदद के लिए चीन का धन्यवाद: शहबाज

**इस्लामाबाद/बीजिंग।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन को अपना सबसे सच्चा मित्र बताते हुए कहा कि आईएमएफ से ऋण प्राप्त करने में चीन की कूटनीतिक और वित्तीय सहायता बहुत महत्वपूर्ण थी। उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को, आईएमएफ के कर्मचारियों ने पाकिस्तान के साथ 1.3 अरब डॉलर के नए समझौते पर पहुंचने के साथ-साथ वर्तमान में चल रहे 37 महीने की बेलआउट कार्यक्रम की पहली समीक्षा पर भी सहमति व्यक्त की। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की वित्तीय स्थिति बहुत खराब हो चुकी है, उसका विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घट रहा है, जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की कमी के कारण वह अक्सर आईएमएफ की ऋण मांगों को पूरा करने में असमर्थ हो जाता है। चीन से समय पर मिले ऋण ने पाकिस्तान को आईएमएफ, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से ऋण लेने में मदद की है। डॉन के अनुसार, पिछले महीने, चीन ने इस्लामाबाद को 2 अरब डॉलर के ऋण की पुनर्भुगतान अवधि एक वर्ष बढ़ा दी, जिससे बहुत आवश्यक वित्तीय राहत मिली और पाकिस्तान के संकटग्रस्त कम विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर करने में मदद मिली। सरकार सितम्बर 2024 में सात अरब डॉलर के आईएमएफ बेलआउट को सुरक्षित करने के बाद अपने वित्त को मजबूत करने पर काम कर रही है।

# ब्रिटेन में ट्रांसजेंडर को नहीं माना जाएगा महिला




**ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण देने से इन्कार किया, कहा- महिला वही जो जन्म से फीमेल**

**लंदन।** ब्रिटेन में अब ट्रांसजेंडर को महिला नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महिला होने की कानूनी परिभाषा पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जो जन्म से महिला यानी बायोलॉजिकल फीमेल है, उसे ही महिला माना जाएगा। कोर्ट के इस फैसले से ट्रांसजेंडर अधिकारों पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। कोर्ट ने समानता अधिनियम 2010 की व्याख्या करते हुए बताया कि महिला और लिंग शब्द बायोलाजिकल फीमेल और बायोलॉजिकल जेंडर को बताते हैं। पांच जजों की बैंच ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया। बैंच में शामिल जज पैट्रिक हाज ने कहा कि यह एक्ट ट्रांसजेंडर लोगों को उनके साथ जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव से सरंक्षण देता है। 2018 में स्काटलैंड की सरकार ने एक कानून बनाया, जिसमें सार्वजनिक संस्थाओं में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी जरूरी थी। इस कानून में ट्रांसजेंडर महिलाओं (जिनके पास जेंडर रिकग्निशन सर्टिफिकेट या जीआरसी है) को भी महिला माना गया। फार वुमन स्काटलैंड नाम के समूह ने इसका विरोध किया और कहा कि यह कानून महिला की परिभाषा को गलत तरीके से बदल रहा है। पांच जजों ने एकमत से कहा कि इक्विलिटी एक्ट में महिला और सेक्स का मतलब जन्म से महिला और प्राकृतिक सेक्स है। ट्रांसजेंडर महिलाएं, भले ही उनके पास जीआरसी हो, लेकिन कानूनी रूप से वे महिला की कैटगरी में नहीं आएंगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ट्रांसजेंडर को शामिल किया गया, तो कानून अव्यवहारिक हो जाएगा। ट्रांसजेंडर महिलाओं को अब महिलाओं के लिए बने टायलेट, चें.जंग रूम, अस्पताल वार्ड, जेल, या रेप काउंसलिंग सेंटर जैसी जगहों से बाहर रखा जा सकता है। पहले महिलाओं के टायलेट या चेंजिंग रूम का ट्रांसजेडर इस्तेमाल कर सकती थीं। अब उन्हें इसका इस्तेमाल करने के लिए जायज वजह देना होगा। ट्रांसजेंडर को महिलाओं के खेलों से बाहर किया जा सकता है। यह फैसला अमेरिका जैसे देशों में ट्रांसजेंडर अधिकारों पर बहस को प्रभावित कर सकता है, जहां इसे उदाहरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।



